सूर्योदय 5:45 सूर्यास्त 6:58

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12 न्यू | 19 अधि |
| धर्मशाला | 16 न्यू | 24 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80502 |
| निफ्टी | 24,347 |
| सोना 93,954 | चांदी 94,125 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 3 मई 2025 | 21 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 124, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



सीएम के मीडिया सलाहकार ने केंद्र पर लगाए गुमराह करने के आरोप

पृष्ठ 3 पर

### आज का मैच

आरसीबी vs सीएसके

समयः रात 7:30 बजे (बेंगलुरु)

## न्यूज शॉर्ट्स

### कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में जातीय जनगणना पर चर्चा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की महत्वपूर्ण बैठक में शुक्रवार को पहलगाम आतंकी हमले और केंद्र सरकार की ओर से किए गए जाति जनगणना के ऐलान पर चर्चा की गई। सूत्रों के मुताबिक, सीडब्ल्यूसी की इस बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए जा सकते हैं। पहले प्रस्ताव में पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की जा सकती है। दूसरे प्रस्ताव में जल्द जाति जनगणना के लिए धन आवंटन की मांग की जा सकती है। बैठक में यह भी मांग उठाई जा सकती है कि संविधान में संशोधन करके आरक्षण पर लगी 50 फीसदी की सीमा को हटाया जाए। (अनंत ज्ञान)

### नर्मदेश्वर तिवारी नए उपवायु सेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने शुक्रवार को नए उपवायु सेना प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने एयर मार्शल एसपीधरकर का स्थान लिया है, जो 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए। कार्यभार संभालने से पहले एयर मार्शल तिवारी गांधीनगर स्थित दक्षिण-पश्चिमी वायु कमान (एसडब्ल्यूएसी) के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में तैनात थे। वायु सेना मुख्यालय 'वायु भवन' में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

### अब वेंस ने मोदी को बताया बेहतर वार्ताकार



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक 'बेहतर वार्ताकार' कहा है। इसके साथ ही उन्होंने भविष्यवाणी की है कि भारत उन पहले देशों में शामिल हो सकता है जो पारस्परिक टैरिफ से बचने के लिए व्यापार समझौता करेगा। एक समाचार चैनल को दिए एक साक्षात्कार में जेडी वेंस ने कहा कि टैरिफ पर भारत के साथ अच्छी बातचीत चल रही है। बता दें कि, भारत उन देशों में शामिल है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से घोषित उच्च आयात करों से बचने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### ककक


- आधार ईकेवाईसी राशन कार्ड मैपिंग पखुणना की प्रगति धीमी -पेज 2
- कॉन्ट्रैक्ट भर्ती पर रोक से अटकी भर्तियां : जयराम ठाकुर -पेज 3
- तेज हवाओं से अंधेरे में डूबे कई क्षेत्र, फसलों को नुकसान -पेज 4
- बंद रेस्टोरेंट में चल रहा था जुए का अड्डा, 10 लोग गिरफ्तार -पेज 6
- वड़ुई में कबाड़ की दुकान में भीषण आग, लाखों का नुकसान -पेज 10


# केरल में मोदी-थरूर की जुगलबंदी

## पीएम ने विझिनजाम पोर्ट के उद्घाटन पर कसा तंज, जहां मैसेज जाना था चला गया

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में 8900 करोड़ से बने विझिनजाम इंटरनेशनल डीप सी-वाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने केरल के सीएम पिनराई विजयन और कांग्रेस नेता शशि थरूर के मंच पर होने पर कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा, 'मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहता हूं कि आप विपक्षी गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं। शशि थरूर भी यहां बैठे हैं। आज का यह कार्यक्रम कई लोगों की नींद उड़ाने वाला है। जहां मैसेज जाना था, चला गया।'

मोदी ने पोर्ट को देश के विकास के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा- इस पोर्ट को 8,800 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। यहां आने वाले समय में तीन गुना ज्यादा जहाजों का ट्रांस-शिपमेंट किया जा सकेगा। अब बड़े-बड़े माल ढोने वाले जहाज भी सीधे भारत आ सकेंगे। (अनंत ज्ञान)



केरल के तिरुवनंतपुरम में पीएम मोदी कांग्रेस नेता शशि थरूर के साथ।

### आंध्र को दी 58000 करोड़ की सौगातें

**प्रधानमंत्री** ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में 58,000 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें ग्रीनफील्ड राजधानी अमरावती का निर्माण फिर से शुरू करना भी शामिल है, जो मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू का 'ड्रीम प्रोजेक्ट' है।

### पीएम के तंज पर कांग्रेस ने किया पलटवार

## पीएम मोदी की रातों की नींद उड़ने वाली : वेणुगोपाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पीएम मोदी के कांग्रेस पर तंज पर अब कांग्रेस पार्टी ने उस पर पलटवार किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हम तो चैन से सोएंगे, लेकिन रातों की नींद उड़ने वाली है। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हम प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट पर जातीय जनगणना के मुद्दे पर ज्यादा से ज्यादा दबाव डालेंगे। खासकर आरक्षण की सीमा को 50 फीसदी से ज्यादा बढ़ाकर करने की भी मांग करेंगे। हम पीएम मोदी और उनकी कैबिनेट को महिला आरक्षण विधेयक की तरह जातीय जनगणना को नहीं करने देंगे और जल्द से जल्द जातीय जनगणना कराने के लिए सरकार पर दबाव बनाएंगे। वेणुगोपाल ने कहा कि मुझे नहीं पता उन्होंने किस संदर्भ में यह बात कही, लेकिन वे पीएम मोदी हैं, जिनकी रातों की नींद उड़ने वाली है, न कि इंडी गठबंधन, राहुल गांधी या कांग्रेस की। हम जातीय जनगणना के मुद्दे पर उन पर दबाव बनाएंगे। (अनंत ज्ञान)



# नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया और राहुल की मुश्किलें बढ़ीं

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अदालत ने भेजा नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में शुक्रवार को दूसरी सुनवाई हुई। इससे पहले 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था। अदालत ने ईडी से और अधिक प्रासंगिक दस्तावेज लाने और खामियों को दूर करने को कहा था। अब इस मामले में अगली सुनवाई 8 मई को होगी।



**अगली सुनवाई 8 मई को**

इससे पहले नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर शिकंजा कसते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप पत्र दायर किया था। ईडी ने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया था। ईडी ने सोनिया और राहुल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया है। आरोप पत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा, सुमन दुबे समेत कई नेताओं के नाम भी शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### यह है पूरा मामला

**नेशनल** हेराल्ड समाचार पत्र की स्थापना 1938 में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी। यह स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक था, इसे एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड यानी एजेएल की तरफ से प्रकाशित किया जाता था। साल 2008 में वित्तीय संकट के बाद समाचार पत्र बंद हो गया और यहीं से इस विवाद की शुरुआत हुई। इसके बाद 2010 में यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएल) नाम की कंपनी बनीं, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी की 38-38 फीसदी हिस्सेदारी है। इस मामले में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में आरोप लगाया कि वाईआईएल ने एजेएल की 2000 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियों को मात्र 50 लाख रुपये में हासिल कर लिया और यह धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है।

# विमल नेगी मौत मामले में एच. मीणा को अंतरिम जमानत

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले में पूर्व एमडी एवं आईएएस अधिकारी हरिकेश मीणा को हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई है। उन्होंने गिरफ्तारी से बचने को अग्रिम जमानत याचिका कोर्ट में दायर कर रखा है। इस मामले की जांच को गठित एसआईटी ने आज कोर्ट में केस से जुड़ी स्टेट्स रिपोर्ट पेश की। इसके बाद मीणा को 15 मई तक अंतरिम जमानत दी गई। अब इस केस की सुनवाई 15 मई को दोबारा होगी। पिछली सुनवाई में भी अदालत ने मीणा की गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी। विमल नेगी के परिजनों ने आईएएस हरिकेश मीणा, आईएएस शिवम प्रताप सिंह और डायरेक्टर देसराज पर विमल नेगी की मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं।



**मामले में 15 मई को फिर सुनवाई**

नेगी बीते 10 मार्च को दफ्तर से घर जाने के बजाय टैक्सी में बिलासपुर चले गए थे। 18 मार्च को गोबिंदसागर झील में उनका शव मिला था। 19 को एम्स बिलासपुर में पोस्टमॉर्टम करवाया गया। इसी दिन परिजनों ने पावर कॉरपोरेशन दफ्तर बीसीएस के बाहर शव के साथ प्रदर्शन किया था।

### आतंकवाद के खिलाफ कांग्रेस केंद्र सरकार के साथ : दिग्विजय

# कांग्रेस ने हर बार आतंकवादियों का सिर कुचला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कांग्रेस के सांसद व वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा है कि कांग्रेस आतंकवादी घटनाओं का पुरजोर विरोध करती है। केंद्र सरकार जो भी कार्रवाई करेगी, वह उसका समर्थन करेंगे। कांग्रेस ने हर बार आतंकवादियों का सिर कुचला है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि जातीय जनगणना में केंद्र सरकार का फैसला भले ही देर से आया है, लेकिन सही समय पर आया है। शुक्रवार को राज्यसभा सांसदों के एक दल का प्रतिनिधित्व करते अध्ययन प्रवास पर राजधानी शिमला पहुंचे सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि केंद्र आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, हम पूरी मजबूती के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित इनके अधिकांश बड़े नेता जातीय जनगणना का विरोध करते रहे हैं। अब इन्हें अक्ल आई है, कांग्रेस पार्टी इसका स्वागत करती है। जब दिग्विजय सिंह से पूछा कि क्या बिहार चुनाव के लिए यह फैसला हुआ है, तो उन्होंने कहा कि हर दल अपने राजनीतिक हिसाब से फैसले लेता है।



शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह।

### पहलगाम हमले पर निंदा प्रस्ताव किया है पारित

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी घटना की जितनी अधिक निंदा की जाए कम है। आतंकवादी गतिविधियों से लड़ने के लिए पूरा देश आज एक हो चुका है। कांग्रेस ने निंदा प्रस्ताव पारित किया है।

### राहुल गांधी ने उठाई थी जातीय जनगणना की मांग

**उन्होंने** कहा कि राहुल गांधी ने संसद में दृढ़ता से कहा था, 'मैं जनगणना करवाकर रहूंगा। अब केंद्र सरकार ने फैसला लिया है तो उसका हम स्वागत करते हैं। राहुल गांधी ने उन वर्गों का पक्ष रखा जो वंचित थे। संसद के अंदर और बाहर वंचित वर्गों के हित उठाने के लिए उन्होंने नेता विपक्ष राहुल गांधी का आभार भी जताया।

# प्रदेश में बारिश-ओलावृष्टि अंधड़ से फसलों को नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मई महीने में मौसम के मिजाज बदले हुए हैं। प्रदेश के कई क्षेत्रों में भारी बारिश, तेज हवाएं और ओलावृष्टि ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। मैदानी इलाकों से लेकर पर्वतीय क्षेत्रों तक इस बदले मौसम का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने आगामी आठ मई तक राज्य के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण व्यापक मौसमी गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। वर्तमान में यह विक्षोभ दक्षिण पंजाब और उत्तर-पश्चिम हरियाणा के ऊपर चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में सक्रिय है, जिससे हिमाचल में लगातार बारिश और ओलावृष्टि हो रही है। राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लाहौल-स्पीति के ताबो में न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, शुक्रवार को शिमला में अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस, कुल्लू में 26, सुंदरनगर में 26, कल्पा में 18 डिग्री और ऊना में 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

**8 मई तक येलो अलर्ट जारी, लोगों को सतर्क रहने की सलाह**

# भारत में पाक पीएम का यूट्यूब अकाउंट बंद

## कई खिलाड़ियों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के अकाउंट भी ब्लॉक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आधिकारिक यूट्यूब चैनल को भारत में ब्लॉक कर दिया। चैनल पर अब यह संदेश दिख रहा है 'यह सामग्री राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़े सरकारी आदेश के कारण इस देश में उपलब्ध नहीं है।'



शहबाज शरीफ का चैनल अब तक का सबसे हाई-प्रोफाइल खाता है, जिसे भारत सरकार ने ब्लॉक किया है। इससे पहले पाकिस्तान के वित्त मंत्री ख्वाजा आसिफ और सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर के खाते भी ब्लॉक किए जा चुके हैं। सरकार ने बाबर आजम सहित चार पाकिस्तानी क्रिकेट खिलाड़ियों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और न्यूज चैनलों के खातों पर भी यह कार्रवाई की है। (अनंत ज्ञान)

## बिलावल ने भी कबूला-पाकिस्तान का इतिहास आतंकवाद से जुड़ा

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** भारत को आतंकवाद की वजह से अभी तक काफी नुकसान हो चुका है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ गया है। इस बीच पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का बयान आया है। उन्होंने आतंकवाद के मसले पर कहा कि पाकिस्तान का अपना इतिहास रहा है। भुट्टो ने हाल ही में स्काई न्यूज से बात की। उन्होंने इस दौरान स्वीकार किया कि पाकिस्तान ने आतंकवाद को पाला है। भुट्टो ने कहा, 'अभी तक रक्षा मंत्री ने जो कुछ भी कहा, मुझे नहीं लगता है कि यह (आतंकवाद) कोई राज है। पाकिस्तान का अपना पास्ट रहा है। इसका नतीजा यह रहा कि हमें बहुत कुछ झेलना पड़ा है। हमने खुद इससे सबक सीखा है। हमें इसमें सुधार लाने के लिए एक प्रोसेस से गुजरना होगा।' पाकिस्तान के रक्षा मंत्री आसिफ ख्वाजा ने भी हाल ही में यह बात कबूली थी।



### डीसी ऑफिस कुल्लू को भी उड़ाने की धमकी

**कुल्लू।** प्रदेश के अन्य जिलों की तरह ही अब डीसी कार्यालय कुल्लू को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिसके बाद जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिला प्रशासन के अनुसार यह धमकी एक ईमेल के माध्यम से वीरवार देर रात 1:44 बजे भेजी गई है। हालांकि तकनीकी कारणों से यह ईमेल तुरंत नहीं खुल सकी और इसे शुक्रवार को दोपहर बाद देखा गया। ईमेल प्राप्त होने के तुरंत बाद उपायुक्त के निजी सचिव ने डीसी कुल्लू को इस मामले की सूचना दी। खतरे को भांपते हुए, प्रशासन अलर्ट हो गया और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। वहीं, जिला प्रशासन द्वारा एहतियात के तौर पर कुल्लू कॉलेज में भी छुट्टी कर दी गई है। वहीं, कुल्लू पुलिस की साइबर सेल की एक विशेष टीम इस धमकी भरे ईमेल की गहन जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# रामबन में फिर फटा बादल

## बाढ़ से एनएच-44 पर भू-स्खलन, बाधित रहा यातायात

**एजेंसी, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में शुक्रवार को एक बार फिर बादल फट गया। सेरी रामबन के ऊपरी इलाकों में बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। चंबा सेरी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-44 पर भू-स्खलन हुआ है। नेशनल हाईवे को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बादल फटने से किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है।

जिले के चंबा सेरी इलाके में भू-स्खलन के बाद शुक्रवार दोपहर को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों तरफ से यातायात को रोका गया है। भू-स्खलन के कारण वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गई है। (अनंत ज्ञान)



एनएच-44 पर भू-स्खलन से बाधित हुई सड़क को बहाल करती जेसीबी।

### भारी बारिश का अलर्ट

**स्थानीय** मौसम विभाग ने बताया कि शुक्रवार शाम को डल झील और आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दौरान चेतावनी जारी की गई कि डल झील, वुलर झील और अन्य झीलों में शिकारा की सवारी/नौका विहार न करें। शुक्रवार शाम को मौसम सही नहीं रहेगा। तेज आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट है।

### चिनाब का जलस्तर बढ़ा

**जम्मू-**कश्मीर में लगातार बारिश के कारण चिनाब नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है। कई जगहों में नदी में पानी के बहाव में तेज वृद्धि हुई है।

# केदारनाथ धाम के कपाट खुले 108 क्विंटल फूलों से सजा मंदिर

**एजेंसी, देहरादून**

केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को खोल दिए गए। कपाट खुलते ही भक्तों ने मंदिर के अंदर जलती अखंड ज्योति के दर्शन किए। इसके बाद रुद्राभिषेक, शिवाष्टक, शिव तांडव स्तोत्रम् और केदाराष्टक के मंत्रों का जाप किया गया। मंदिर में सबसे पहले कर्नाटक के वीरशैव लिंगायत समुदाय के मुख्य रावल भीमाशंकर पहुंचे। इसके बाद बाबा पर 6 महीने पहले चढ़ाया गया भीष्म शृंगार हटाया गया। जानकारी के अनुसार मंदिर को 54 किस्म के 108 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। इसमें नेपाल, थाईलैंड और श्रीलंका जैसे विभिन्न देशों से लाए गए गुलाब और गेंदा के फूल शामिल हैं। कपाट खुलते ही पहले दिन करीब 10 हजार लोग दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर में भीड़ को मैनेज करने के लिए श्रद्धालुओं को टोकन सिस्टम से दर्शन कराया जा रहे हैं। भक्त अब अगले 6 महीने तक दर्शन कर सकेंगे। वहीं, बद्रीनाथ के कपाट 4 मई को सुबह 6 बजे खुलेंगे। (अनंत ज्ञान)



**कल सुबह 6 बजे खुलेंगे बद्रीनाथ के कपाट**

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा पदोन्नति कर्मचारी का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी की है कि कर्मचारी को पदोन्नति का अधिकार नहीं है, लेकिन अगर वो अयोग्य नहीं है तो उसकी पदोन्नति पर विचार किया जा सकता है। बता दें कि, न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ तमिलनाडु के एक पुलिस कांस्टेबल की याचिका पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की है। इस मामले में कांस्टेबल ने सब-इंस्पेक्टर के पद के लिए प्रमोशन पर विचार न किए जाने को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाया था। शीर्ष अदालत ने कहा, 'यह एक स्थापित सिद्धांत है कि कर्मचारी को सीधे प्रमोशन का अधिकार नहीं होता, लेकिन अगर वह अयोग्य नहीं है, तो उसे प्रमोशन के लिए विचार का अधिकार जरूर होता है। इस मामले में यह अधिकार अन्यायपूर्वक छीना गया।' (अनंत ज्ञान)

### सियासत

## अंदरखाते विरोध के स्वर तेज, बगैर संगठन के पार्टी दिशाहीन, आलाकमान नहीं कर रहा गौर

# हिमाचल कांग्रेस अपना कुनबा संभालने में नाकाम!

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल में कांग्रेस पार्टी अपने कुनबे को नहीं संभाल पा रही है। अंदर खाते विरोध के स्वर तेज होने लगे हैं। सात माह से बगैर संगठन के कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटने लगा है। आलाकमान अपनी डफली बजा रहा है और सरकार राज्य की वित्तीय परेशानियों में उलझी पड़ी है।

पार्टी संगठन अपनी सरकार के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रहा है। गाहे-बगाहे ये बातें जग जाहिर होती जा रही हैं। सरकार ने पहले पहल कांग्रेस के राज्य दफ्तर में सप्ताह में एक कैबिनेट मंत्री के बैठने की हामी भरी थी, मगर उस पर आज तक अमल नहीं हुआ है। आम कार्यकर्ताओं की नाराजगी बिलासपुर में आयोजित एक अहम बैठक में बाहर आ चुकी है, जहां पर संविधान बचाओ पर एक मीटिंग में कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष के सामने ही वर्करों ने अपने उग्र तेवर दिखा दिए थे। एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते हुए बात हाथापाई तक आ पहुंची थी। मीटिंग में मौजूद जिला स्तर के कई नेताओं ने अनदेखी सहित भितरघात के आरोप मढ़े। मामला बेहद उग्र हो गया था, फिर पार्टी के वरिष्ठ नेता रामलाल ठाकुर ने जैसे-तैसे सभी वर्करों को शांत कराया। वहीं, प्रतिभा सिंह भी सरकार में संगठन की अनदेखी को लेकर पहले ही मुखर हैं। वह भी सीधे तौर पर कांग्रेस आलाकमान व सरकार को लपेटे में ले चुकी हैं। इस संदर्भ में न ही सरकार की तरफ से कोई बयान आया है और न ही आलाकमान ने कोई प्रतिक्रिया जाहिर की है। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल के दौरे 'पिकनिक' से आगे नहीं बढ़ पाए



**प्रदेश** कांग्रेस मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल कार्यभार संभालने के बाद तीन चार हिमाचल प्रदेश का दौरा कर चुकी हैं, मगर उनका दौरा पिकनिक से आगे नहीं बढ़ पाया है। वह 'आल ईज वेल' का रटा-रटाया जवाब देकर दिल्ली की राह पकड़ती आई हैं।

### सीएम, डिप्टी सीएम और प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली के लिए रवाना

**ताजा** तरीन मामले में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री सहित कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह दिल्ली रवाना हो गए हैं, जहां पर ये तीनों 'संविधान बचाओ' अभियान की सीडब्ल्यूसी बैठक में हिस्सा लेंगे। इसी 'संविधान बचाओ' अभियान में कांग्रेस प्रदेश के अंदर गुत्थमगुत्था रही है।

अनंत ज्ञान स्पेशल

### बिलासपुर मीटिंग में वर्करों का आक्रोश आया सामने

### कांग्रेस की कमजोर कड़ियों पर भाजपा की सीधी नजर

**कांग्रेस** की अंतर्कलह सहित परस्पर तालमेल न बना पाने से अब भाजपा ने अपनी पूरी ताकत के साथ मोर्चा खोल दिया है। भाजपा अपने तरकश से कमजोर कैबिनेट मंत्रियों सहित कांग्रेस के उन असंतुष्ट कार्यकर्ताओं को अपनी तरफ खींचने का प्रयास कर रही है, जिससे सरकार अस्थिर होकर गिर जाए और संगठन की मौजूदा अध्यक्ष प्रतिभा सिंह अपने पद से इस्तीफा देने को बाध्य हो जाएं। इन्हीं तमाम पहलुओं के दृष्टिगत भाजपा आए दिन कांग्रेस को उसकी सरकार पर निशाना साधने का कोई मौका नहीं चूक रही है। ऐसे में कांग्रेस सरकार को डगर दुश्वारियों भरी नजर आती है। अब आने वाले समय में यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि प्रदेश की राजनीति का ऊंट किस करवट बैठेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### लोअर हड़ेटा में श्रीमद भागवत कथा 6 से

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** क्षेत्र के अंतर्गत हड़ेटा पंचायत के रामतीर्थ लोअर हड़ेटा गगल में महिला भागवत कमेटी लोअर हड़ेटा व समस्त गांव वासियों के सहयोग से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। 6 मई को श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा, जो 12 मई तक चलेगा। आयोजन कमेटी ने तैयारी पूरी कर ली है। कथा प्रवक्ता अमित लखनपाल अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करेंगे। 6 मई से सुबह 7 से 9 बजे तक पूजन का कार्य किया जाएगा, जबकि दोपहर 12 बजे से कथा प्रारंभ होगी जो शाम 4 बजे तक चलेगी। शाम को 8 बजे से 10 बजे तक आरती व कीर्तन किया जाएगा। 5 मई को सुबह कलश यात्रा शोभायात्रा के रूप में निकाली जाएगी, जबकि 12 मई को पूर्ण आहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ जिला इकाई के चुनाव शीघ्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ हमीरपुर जिला प्रधान केसी गौतम ने बताया कि जिला हमीरपुर की सभी छह खंड इकाइयों के चुनाव निर्धारित अवधि में सुचारू रूप से निर्विरोध संपन्न हो गए हैं। उन्होंने खंड पदाधिकारियों, पेंशनरों तथा चुनाव पर्यवेक्षकों का धन्यवाद किया है। इसके साथ ही सत्र 2025-27 के लिए नव-निर्वाचित समस्त खंड पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई हैं। जिला प्रधान केसी गौतम ने बताया कि मई माह में जिला इकाई का चुनाव अपेक्षित है व सहयोगियों से विचार-विमर्श करके चुनाव तिथि की शीघ्र घोषणा कर दी जाएगी। अतः खंड पदाधिकारियों से अनुरोध है कि जिला इकाई के दृष्टिगत खंड में सक्रिय सदस्यों की सूची, चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने हेतु लीगेटस के नाम (20 सक्रिय सदस्यों पर एक डेलीगेट) की सूची तथा जिला व राज्य शुल्क शेयर की राशि 12 मई को जिला इकाई की बैठक में जिला महासचिव के पास जमा करवाएं।

### संस्था ने जरूरतमंदों को दी आर्थिक सहायता



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी ने अपना वार्षिक अधिवेशन मनाने के बाद अपनी पहली मासिक बैठक की। इसमें गरीब और जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता दी। इस महीने संस्था ने एक लाख तीस हजार से ज्यादा की सहायता दी। संस्था के संस्थापक पीसी सैणी ने बताया कि ये सब के सब लोग बहुत गरीब हैं और अपनी सहायता करने में असमर्थ हैं। अतः संस्था ऐसे जरूरतमंदों की सहायता के लिए पिछले 20 वर्षों से इसी कार्य में लगी है और संस्था का अपना ध्येय भी अंतिम गरीब तक पहुंचना है।

### प्रयास संस्था निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा करवा रही उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रयास संस्था हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में घर-द्वार पर जनता को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पांचवीं बार के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में सामाजिक संस्था प्रयास द्वारा जन कल्याणकारी योजना अस्पताल - सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से प्रतिदिन लोगों को घर-द्वार पर निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का उपलब्ध करवा रही है। जिला हमीरपुर के अवाहदेवी से संचालित सामाजिक संस्था 'प्रयास' के सौजन्य से चलाई जा रही है इस योजना में दवा, डॉक्टर और स्वास्थ्य उपचार की सुविधा घर द्वार पर ही जनता को उपलब्ध करवाई जा रही है। जनता के स्वास्थ्य को जांचने की 40 प्रकार की रक्त जांच भी निशुल्क की जाती है और उन जांचों के आधार पर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा उपचार एवं निशुल्क दवाइयां मरीजों को दी जाती है। जनकल्याण के कार्यों को बढ़ाते हुए प्रयास संस्था द्वारा जरूरतमंद मरीजों के लिए निश्शुल्क ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई जा रही है, ताकि उन्हें समय पर सहायता मिल सके और उनका जीवन थोड़ा आसान हो सके।

### शादी के नाम पर उठाया गलत फायदा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला थाना हमीरपुर के अंतर्गत कांगड़ा जिले की रहने वाली महिला ने शिकायत दर्ज करवाई है कि ईश्वर दास पुत्र साधु राम गांव बलाना तहसील खुड़ियां जिला कांगड़ा ने शादी का झूठा आश्वासन और वादा कर अनुचित लाभ उठाकर अपराध किया है तथा इस अपराध में शिकायतकर्ता ने अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता होना भी बतलाया है। इस संबंध में महिला थाना हमीरपुर में मामला किया गया है तथा आगामी अन्वेषण जारी है। इस बारे में पुलिस अधीक्षक ने बताया महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### लापरवाही से गाड़ी चलाने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर थाना हमीरपुर के तहत सुनील कुमार पुत्र स्व. ब्रह्मदास निवासी गांव दड़योटा डा. भिड़ा तहसील शिकायत दर्ज करवाई कि एक मई की रात को ईशांत वालिया पुत्र सतीश वालिया निवासी कोटलू तह. जयसिंहपुर जिला कांगड़ा ने अपनी कार नंबर एचपी 56ए-0710 को लापरवाही व तेज रफ्तारी से चलाते हुए इसके बास की फड़ी व पीपल टियाला के साथ टक्कर मार दी। इस कारण चालक ईशांत वालिया व कार में बैठे अन्य लोगों को चोटें पहुंची थीं। थाना प्रभारी हमीरपुर यादेश ठाकुर ने बताया कि इस संबंध में थाना हमीरपुर में दर्ज किया गया है तथा आगामी अन्वेषण जारी है तथा दुर्घटना में घायल व्यक्ति उपचाराधीन अस्पताल में हैं।

### भारतीय सेना में सेवाएं देकर दो भाई एक ही दिन सेवानिवृत होकर आए घर



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विधासनभा क्षेत्र हमीरपुर की बलोह पंचायत के भरनोट गांव के दो भाई एक ही दिन भारतीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए हैं। दो मई को दोनों भाई सेवानिवृत होकर घर आए हैं। बड़ा भाई सूबेदार संसार चंद और छोटा भाई हवलदार कमलदेव क्रमशः 30 और 26 वर्ष भारतीय सेवा में अपनी सेवाएं देकर शुक्रवार सेवानिवृत होकर घर लौटे। जहां पर विधायक सदर आशीष शर्मा ने दोनों भाइयों को सम्मानित किया और उन्हें आगामी खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। बता दें कि इस परिवार से चार पीढ़ियां भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे रही हैं। सेवानिवृत हुए दोनों भाइयों के दादा, पिताजी, तीनों भाई खुद सेना में रहे हैं और भतीजा भी भारतीय सेना में सेवाएं दे रहा है। सभी गांववासियों ने दोनों भाइयों को बधाई दी। इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि देश सेवा में अपनी जवानी का जीवन समर्पित कर सेवानिवृत्त होकर लौटे इन दोनों भाइयों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान देश सेवा में दिया हैं।

## पीओएस मशीनों में कनेक्टिविटी न होने से एंट्री नहीं कर पा रहे वितरक, उपभोक्ता परेशान

# डिपुओं में नेट ने रोकी राशन की सप्लाई

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



**30 अप्रैल तक दिया था अल्टीमेटम, सरकार ने नहीं की कोई कार्रवाई**

खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों से सस्ते राशन के डिपुओं पर राशन आना तो शुरू हो गया है, लेकिन डिपुओं पर लगी मशीनों में विभाग ने नेट की सुविधा अभी तक नहीं दी है, जिस वजह से पीओएस मशीनों में राशन की एंट्री नहीं हो पा रही है। डिपो धारकों ने उपभोक्ताओं की सुविधा के देखते हुए अपना पैसा खर्च करके निगम के गोदामों से राशन उठा लिया है और अपने उपभोक्ताओं को को सस्ता राशन उपलब्ध कराने के लिए डिपो पर बैठे हैं, लेकिन पीओएस मशीनों में नेट की सुविधा न होने के कारण डिपो संचालक अपने उपभोक्ताओं को राशन वितरित करने में असमर्थ हैं।

प्रदेश डिपो संचालक समिति ने अपने स्थापना दिवस पर 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री, सचिव खाद्य आपूर्ति विभाग व निदेशक खाद्य आपूर्ति विभाग को लिखित तौर पर इस समस्या से अवगत करवाकर 30 अप्रैल तक समस्या के समाधान हेतु अल्टीमेटम भी दिया था, लेकिन अभी तक इस पर न तो सरकार ने कोई कार्रवाई की और न ही विभाग ने। प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने इस पर कहा कि विभाग द्वारा जो पीओएस मशीनें डिपुओं पर लगाई गई हैं , नमें डाली गई सिम चार वर्ष से भी अधिक समय से बंद पड़ी हैं। समिति ने इसके बारे में कई बार सरकार व विभाग को अवगत करवाया, लेकिन सरकार व विभाग इस पर आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं कर पाया। कवि ने कहा कि सरकार व विभाग को अल्टीमेटम दिए करीब 17 दिन बीत चुके हैं, अभी तक न तो इस पर कोई कार्रवाई की और न ही समिति के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया। राज्य अध्यक्ष ने कहा कि पिछले चार वर्ष से डिपोधारक विभाग द्वारा दिए जा रहे चार प्रतिशत कमीशन से प्रति माह वाईफाई पर 470 रुपए खर्च करके मशीनों में कनेक्टिविटी देकर उपभोक्ताओं को राशन वितरण का कार्य कर रहे थे, लेकिन अब प्रदेश के डिपो धारकों ने यह निर्णय लिया है कि जब तक विभाग द्वारा मशीनों में कनेक्टिविटी नहीं दी जाती, तब तक तक डिपो संचालक अपने नेट से मशीनें नहीं चलाएंगे।

अशोक कवि ने कहा कि जब कंपनी को टेंडर दिया गया था तो उसमें यह शर्त रखी गई थी कि मशीनों में कनेक्टिविटी कंपनी ही देगी, बावजूद इसके चार वर्ष से अधिक समय से कंपनी द्वारा मशीनों में कनेक्टिविटी नहीं दी गई और विभाग व सरकार द्वारा कंपनी पर इस विषय को लेकर कोई कार्रवाई भी नहीं की गई।

कवि ने कहा कि प्रदेश के डिपो संचालकों ने कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषित सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और सरकार बनने के उपरांत आपदा के समय सरकार को समिति ने राहत राशि भी दी। जब सरकार पर संकट आया तो उप-चुनावों में भी डिपो संचालकों ने तन-मन-धन से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों की मदद करके उनकी जीत सुनिश्चित की। अब समय सरकार से लेने का है और अब हम अपना हक लेकर रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### समिति ने उच्च न्यायालय में की जाने की तैयारी

**समिति** ने अब इस मसले को लेकर माननीय उच्च न्यायालय में जाने की तैयारी कर ली है और इससे संबंधित सभी दस्तावेज भी तैयार कर लिए हैं। अशोक कवि ने कहा कि डिपो धारकों द्वारा चार वर्ष से नेट पर अपनी जेब से किए गए सारे खर्च का क्लेम भी किया जाएगा। कवि ने कहा कि आम विधानसभा चुनावों से पूर्व प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने डिपो धारकों को सरकार बनने के उपरांत 20,000 रुपए मासिक वेतन देने व वन टाइम लाइसेंस की व्यवस्था करने का वादा भी अपने चुनावी घोषणा पत्र की क्रम संख्या 13 में किया था, लेकिन प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को सत्ता आए करीब ढाई वर्ष का समय हो चुका है, बावजूद इसके प्रदेश सरकार डिपो धारकों के साथ किए गए वादे को पूरा नहीं कर पाई है।

> कंपनी को बुलाया गया है। कनेक्टिविटी की समस्या को लेकर कारवाई शुरू कर दी है। अगले माह तक समस्या का हल कर दिया जाएगा।
> **-राजकुमार गौतम, निदेशक, खाद्य आपूर्ति विभाग**

## छात्रों के प्रशिक्षण व प्लेसमेंट पर विशेष ध्यान दें शिक्षण संस्थान: प्रो. शशि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हर शिक्षण संस्थान को प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सैल के लिए एक तय बजट का प्रतिवर्ष प्रावधान करना चाहिए, जिससे शिक्षण संस्थान में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को प्रशिक्षण व प्लेसमेंट की बेहतर व्यवस्था हो सके। यह बात तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में आयोजित कार्यशाला में कही।

कार्यशाला की अध्यक्षता तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने की, जबकि मुख्य अतिथि सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कुलपति प्रो. ललित अवस्थी रहे। प्रो. धीमान ने कहा कि सभी प्राध्यापकों को छात्रों के भविष्य के बारे में गंभीरता के साथ प्रशिक्षण और प्लेसमेंट पर काम करना होगा। कार्यशाला में एनआईटी हमीरपुर के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. सोमेश शर्मा ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के बारे में जानकारी दी, वहीं आलमा वे नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के विशाल सूद ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के संबंधित सॉफ्टवेयर के बारे में बताया। इस मौके पर तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव सहित संबद्ध शिक्षण संस्थानों के निदेशक कम प्राचार्य और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के नोडल अधिकारियों व तकनीकी विवि के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

कार्यशाला के दूसरे सत्र में सॉफ्टवेयर की मदद से विद्यार्थियों को केवल रोजगार के अवसर ही नहीं, बल्कि इंटरव्यू की तैयारी में भी मदद मिलेगी, इसके बारे में बताया गया। बता दें कि विद्यार्थियों के लिए तकनीकी विवि ने यह सुविधा प्रदान करने के लिए आलमा वे नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से समझौता किया है। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय ने लगभग छह लाख रुपए की लागत से एक विशेष प्लेसमेंट एंड एलुमनाई डेटाबेस सॉफ्टवेयर खरीदा है। सॉफ्टवेयर के माध्यम से एचपीटीयू से संबद्ध कॉलेजों के विद्यार्थी अपने क्षेत्र के अनुसार विभिन्न कंपनियों में ऑनलाइन या ऑफलाइन इंटरव्यू में भाग ले सकेंगे। ।

कार्यशाला के मुख्यातिथि एवं सरदार पटेल विवि मंडी के कुलपति प्रो. ललित अवस्थी ने कहा कि विद्यार्थी के समग्र विकास के लिए शिक्षण संस्थानों में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल को सुदृढ़ करना अच्छी पहल है।

## खंडेह्ड़ा में आसमानी बिजली गिरी, मकान जला

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

हिमाचल प्रदेश में बीते कल से मौसम के मिजाज बिगड़े हुए हैं। कई जगहों में तेज बारिश हुई है और आंधी तूफान से खासा नुकसान भी हुआ है। वहीं, इसी बीच हमीरपुर जिले के तहत तहसील टौणी देवी के अंतर्गत नाडसी पंचायत के खंदेहड़ा गांव में गत रात आसमानी बिजली गिरने से कुलदीप सिंह पुत्र स्व. जयकरण सिंह के स्लेटपोश मकान के 2 कमरे जलकर राख हो गए।

कुलदीप सिंह व उसकी पत्नी घर के अंदर ही सोए हुए थे तो आसमानी बिजली गिरी। इसके बाद घर में आग लग गई। ग्रामीणों ने कुलदीप सिंह के घर मे आग लगी देखी तो उन्होंने सो रहे कुलदीप सिंह व उनकी पत्नी को घर के अंदर से सुरक्षित बाहर निकाला। आग इतनी भयंकर थी कि घर के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।



आसमानी बिजली गिरने से घर का सामान राख हो गया।

वहीं, ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से रातभर आग पर काबू पाया और आसपास के अन्य घरों को जलने से बचा लिया गया। पंचायत प्रधान सुनील कुमार ने प्रशासन को इसकी सूचना दे दी है। वहीं, बमसन तहसील टौणीदेवी के नायब तहसीलदार देसराज कटवाल का कहना है कि स्थानीय पटवारी व कानूनगो को घटना से अवगत करवा दिया गया है।

घटनास्थल का दोनों अधिकारी मौके पर जाकर नुकसान का आकलन करने के साथ ही पीड़ित को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय डाक विभाग ने शुरू की नई सेवा 'ज्ञान पोस्ट'

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पहली मई से डाक विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड-विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के लिए पाठ्यक्रम में निर्धारित पुस्तकें (सामान्य व पत्राचार दोनों) सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक विषयों से संबंधित साहित्य (वैधानिक रूप से प्रकाशित) विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोग की जाने वाली पाठ्य पुस्तकें कम खर्च में और सुरक्षित ढंग से भेजने हेतु नई सेवा ज्ञान पोस्ट का शुभारंभ किया गया है।

इसमें डाक शुल्क भार अनुसार लगेगा। ज्ञान पोस्ट के अंतर्गत पैकेट बुक किए जाने के लिए वजन की न्यूनतम सीमा 300 ग्राम तथा अधिकतम सीमा 5 किलो ग्राम होगी। इस सेवा का लाभ सभी स्कूलों, कॉलेजों, पुस्तकालयों, शोधकर्ताओं एवं ज्ञान प्रेमियों द्वारा उठाया जा सकता है। इस सेवा में ट्रैक की सुविधा उपलब्ध होगी। कोई भी व्यक्ति 300 ग्राम तक 20, 301 से 500 ग्राम के बीच 25, 501 से 1000 ग्राम के बीच 35, 1001 से 2000 ग्राम के बीच 50, 2001 से 3000 ग्राम के बीच 65, 3001 से 4000 ग्राम के बीच 80 , तथा 4001 से 5000 ग्राम के बीच 100 रुपए अदा कर ज्ञान पोस्ट सेवा का लाभ उठा सकता है। प्रवर अधीक्षक डाकघर हमीरपुर मंडल पवनजोत कौर ने बताया कि यह सेवा हमीरपुर मंडल के सभी प्रधान डाकघर तथा उपडाकघर में उपलब्ध है।

## राहुल गांधी के एजेंडे को किया स्वीकार : कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भारत सरकार द्वारा जातीय आधार पर जनगणना के निर्णय का स्वागत करते हुए प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जातीय जनगणना विषय को देश के अंदर एक सामाजिक आंदोलन का रूप दिया, जिसके चलते केंद्र सरकार को राहुल गांधी के एजेंडे को स्वीकार करना पड़ा।

कौशल ने कहा भाजपा नेताओं ने न केवल राहुल गांधी द्वारा जातीय जनगणना की मांग करने पर केवल उनका मखौल उड़ाया अपितु उन्हें अपमानित करने की कोशिश की गई और अब वहीं नेता इस विषय पर श्रेय लेने की दौड़ लगाने में मशगूल हैं।

## श्री चैतन्य महाप्रभु गौढ़ीय मठ में गल्ले से उड़ाए 15 हजार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत श्री चैतन्य महाप्रभु गौढ़ीय मठ में 29 अप्रैल की रात को लगभग 12 से डेढ़ बजे के बीच एक युवक ने मंदिर में रखे गल्ले से 15 हजार रुपए की राशि चुरा ली। गौढ़ीय मठ में उस समय कुछ बुजुर्ग और बच्चे थे, जो सोए हुए थे जिन्हें युवक द्वारा चोरी करने का पता नहीं लगा। 30 अप्रैल को सुबह जब मंदिर में भक्त आने लगे तो दानपात्र के लिए रखे गल्ले को टूटा हुआ पाया। श्री चैतन्य महाप्रभु गौढ़ीय मठ के महंग गिरि महाराज ने इस संबंध में ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करवाई थी। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई जिसमें युवक ने अपने मुंह पर मास्क लगाया है और गल्ले को उठाता हुआ दिख रहा है।

मास्क की वजह से उसका चेहरा पहचाना नहीं जा रहा है। पुलिस ने भी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला लेकिन युवक की पहचान नहीं हो पा रही है। महाराज ने लोगों से अपील की है कि यदि युवक की पहचान होती है तो इसकी सूचना पुलिस या मठ में दें। इस बारे में नादौन थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि चोरी करने वाले की पहचान नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना की छानबीन की जा रही है।

## एचआरटीसी ने एक लाख और आईएचएम ने 20 हजार की कंट्रीब्यूशन स्लिप्स बेचीं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जिला रैडक्रॉस सोसायटी की ओर से 8 मई को निकाले जा रहे रैफरल ड्रॉ में बड़े इनाम जीतने तथा इसी बहाने सोसायटी के लिए अंशदान देने हेतु लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा है रैफरल ड्रॉ के लिए कंट्रीब्यूशन स्लिप्स की बिक्री में हिमाचल पथ परिवहन निगम ने भी सराहनीय योगदान दिया है। निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक लाख रुपए की कंट्रीब्यूशन स्लिप्स की बिक्री की है। निगम के डीएम राजकुमार पाठक और अन्य अधिकारियों ने शुक्रवार को इन कंट्रीब्यूशन स्लिप्स की काउंटरफॉइल्स उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह को सौंपीं। उधर, होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा और संस्थान के अन्य अधिकारियों ने भी 20 हजार रुपए की कंट्रीब्यूशन स्लिप्स बेचकर इनकी काउंटर फॉइल्स उपायुक्त को सौंपी।

## सीएम नादौन को अतिशीघ्र देंगे एक और बड़ी सौगात

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

**नादौन के बेला में स्वास्थ्य केंद्र खोलने की तैयारी**

नादौन विधानसभा क्षेत्र के बेला को जल्दी स्वास्थ्य केंद्र की सौगात मिलेगी। प्रदेश सरकार ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। स्वास्थ्य केंद्र में शुरूआत में एक डॉक्टर, एक नर्स और डाटा एंट्री ऑपरेटर की तैनाती की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग बेला में यह केंद्र खोलने के लिए औपचारिकताएं पूरी कर रहा है। इससे बेला में स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ होंगी।

नादौन नगर पंचायत को कुछ माह पहले ही नगर परिषद का दर्जा दिया गया है, जिसमें बेला गांव भी शामिल हुआ है। बेला को नगर परिषद क्षेत्र में आने का लाभ अभी से मिलने लगा है। क्षेत्र के लोगों को कोई भी टैक्स नहीं चुकाना होगा और सुविधाएं शहर जैसी मिलेंगी। स्वास्थ्य केंद्र खुलने पर लोगों को अस्पताल की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। घर-द्वार ही अव्वल दर्जे की स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार का पहले दिन से ही यह उद्देश्य रहा है कि लोगों को उच्च स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं उनके क्षेत्र में ही मुहैया कराई जाएं, जिससे कि लोग सेहतमंद बने रहें और उन्हें अस्वस्थ होने पर ज्यादा खर्च भी न करना पड़े। इसे देखते हुए ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान भी बनाया है, जिनमें 6-6 विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की गई है। छोटे-छोटे रोगों के लिए लोगों को उपमंडल के अस्पताल में न दौड़ना पड़े इसलिए अब नगर परिषद क्षेत्र में भी स्वास्थ्य केंद्र खोलने की तैयारी चल रही है। स्वास्थ्य केंद्र खुलने से बेला व आसपास के गांवों के बच्चों को टीकाकरण करवाने के लिए भी अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा।

बेला के लोगों को नगर परिषद में आने के बाद यह पहली बड़ी सौगात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की तरफ से होगी। नगर परिषद में शामिल ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा योजना पहले की तरह लागू रहने और कोई टैक्स जमा न करवाने की राहत मुख्यमंत्री पहले ही गांववासियों को दे चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

# आधार ई-केवाईसी राशन कार्ड मैपिंग पशुगणना की प्रगति धीमी

**शशि सोनल, नादौन**

**बीडीओ ने पंचायत सचिवों को भेजा पत्र, 20 मई तक हर हाल में डाटा करें तैयार**

**डाटा शेयर न करने वाले परिवारों का परिवार रजिस्टर से काटा जाए नाम : निशांत**

विकास खंड नादौन की सभी 59 पंचायतों के सचिवों द्वारा आधार ई-केवाईसी ई-परिवार रजिस्टर में जन्म तिथि शुद्धिकरण, राशन कार्ड मैपिंग व पशुगणना कार्य की प्रगति काफी धीमी चली है।



अभी तक तीन-चार पंचायतों द्वारा ही डाटा एंट्री कार्य में प्रगति दिख रही है, शेष करीब 55 पंचायतों में डाटा एंट्री का कार्य धीमी गति से चला है, जिसे लेकर बीडीओ नादौन निशांत शर्मा ने विकास खंड के पंचायत सचिवों को पत्र भेजकर इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई पंचायत सचिवों की बैठक में उन्हें उपरोक्त डाटा तैयार करने बारे उचित दिशा निर्देश दिए थे कि यह कार्य आम जनता के हित में करवाए जा रहे हैं ताकि लोगों को सभी सुविधाएं ऑनलाइन मिल सकें व कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

उन्होंनेने पंचायत सचिवों को निर्देश दिया है कि वे स्थानीय स्रोतों के माध्यम से समस्त जनता के बीच प्रचार करते हुए पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाकर आधार ई-केवाईसी, ई-परिवार रजिस्टर में जन्म तिथि शुद्धिकरण, राशन कार्ड मैपिंग तथा पशुगणना कार्य पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य करके शत प्रतिशत प्रगति दिखाएं, जो पंचायत क्षेत्र से बाहर रहते हैं अथवा अपना उपरोकत रिकार्ड दुरुस्त करवाने में पंचायत को सहायोग नहीं देते हैं, उन्हें पंचायत स्तर पर नोटिस भेजकर वांछित सूचना मांगी जाए। वे यदि डाटा नहीं देते हैं तो उनका नाम पंचायत के परिवार रजिस्टर से काट दिया जाए। (अनंत ज्ञान)

### पशुगणना का कार्य पशुपालन विभाग से करवाया जाए

राज्य पंचायत सचिव जिला परिषद केडर संघ ने सरकार से आग्रह किया है कि पंचायत सचिवों के पास ई-डाटा तैयार करने के अलावा और भी काफी कार्य होते हैं, ऐसे में पशु गणना का कार्य पंचायत सचिवों की बजाए पशुपालन विभाग से ही करवाया जाए। विकास खंड अधिकारी नादौन निशांत शर्मा का कहना है कि पंचायत सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्देशित कार्य में प्रगति लाएं और 20 मई से पहले पहले डाटा तैयार करें, जो परिवार डाटा देने में सहयोग नहीं करता है, उसका नाम परिवार रजिस्टर से काट दिया जाए।

**दक्षता** बिझड़ी स्कूल के दौरे पर पहुंचे सुमन प्रजापति बोले-प्रदेश के 465 स्कूलों में स्थापित हो रहीं अटल टिंकरिंग लैब्स

# विद्यार्थियों को मिलेंगे करियर में बेहतर जॉब और इनोवेशन के अवसर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए बचनबद्ध है। प्रदेश के छात्रों तक इनोवेशन और टेक्नोलॉजी की पहुंच बनाना है, ताकि वे किसी भी मामले में दुनिया से पीछे न रहें। इस लिए इनोवेशन, तकनीक शिक्षा, स्टार्टअप उद्यमिता और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के चयनित 465 सरकारी स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब स्थापित किए जा रहे हैं।

इसके तहत कक्षा छठी से बाहरवीं तक पढ़ने वाले छात्रों को नवाचार और तकनीकी ज्ञान से जोड़ने की पहल की जा रही है, ताकि विद्यार्थी वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सकें।



पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिझड़ी में लैब का सेटअप किया गया।

हमीरपुर जिले की पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिझड़ी में प्रस्तावित लैब सेटअप करने पहुंचे फील्ड को-ऑर्डिनटोर सुमन प्रजापति ने बताया कि प्रदेश के चयनित स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) की स्थापना का कार्य प्रगति पर है और जल्दी ही कार्य को पूरा कर लैब स्कूलों को समर्पित की जाएंगी।

इसका उद्देश्य स्कूल छात्रों में इनोवेशन और क्रिएटिविटी को बढ़ावा देना है। इन लैब्स में रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट टूल्स सेंसर, प्रिंटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी लेटेस्ट टेक्नीक्स सिखाई जाएंगी।

इससे विद्यार्थियों को डिजाइन माइंडसेट, कंप्यूटेशनल सोच, अडैप्टिव लर्निंग, फिजिकल कंप्यूटिंग जैसी स्किल्स डेवलप करने के साथ-साथ उन्नत तकनीकों की जानकारी मिलेगी। सुमन प्रजापति ने कहा कि ये आधुनिक प्रयोगशालाएं छात्रों को साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स (एसटीएमएम ) के सेक्टर्स में इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए बनाई जा रही हैं। यह कदम विद्यार्थियों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि बढ़ाने में सहायक होगा। विद्यार्थी नवाचार की संस्कृति सीखेंगे और अपने विचारों को साकार करने का अवसर प्राप्त करेंगे।

इन प्रयोगशालाओं से विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता और रचनात्मकता का विकास होगा और छात्रों को भविष्य के लिए इनोवेटिव स्किल प्रदान करना है। एटीएल के प्रभाव से स्टूडेंट्स का झुकाव सिर्फ रटने और प्रेक्टिकल की बजाए प्रयोगात्मक शिक्षा और नए आविष्कारों की ओर होगा, जिससे छात्रों के मन में जिज्ञासा, रचनात्मकता और कल्पना की भावना बढ़ेगी।

स्कूलों में इन लैब को सुचारू रूप से कार्यान्वित करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए निर्धारित कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। वहीं भविष्य में विद्यार्थियों को करियर में बेहतर जॉब और इनोवेशन के अवसर प्राप्त होंगे। इस मौके पर लैब इंचार्ज सुनील कुमार, केवल कृष्ण और अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

### थ्री-डी प्रिंटर की दी जानकारी

**लैब** सेटअप के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को थ्री डी प्रिंटर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रिंटिंग एक ऐसी प्रक्रिया है, जो परत दर परत वस्तुओं को बनाने के लिए कंप्यूटर एडेड डिजाइन का उपयोग करती है। थ्री डी प्रिंटिंग का उपयोग आम तौर पर विनिर्माण और ऑटोमोटिव उद्योगों में किया जाता है, जहां थ्री डी प्रिंटर का उपयोग करके उपकरण और पुर्जे बनाए जाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यार्थी थ्री-डी प्रिंटर की कार्य प्रणाली को देखकर काफी उत्साहित थे। विद्यालय में अटल टिंकरिंग लैब होने से विद्यार्थियों को नई-नई तकनीक से सीखने की क्षमता के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान में वृद्धि होगी, जो विद्यार्थियों लिए उज्ज्वल भविष्य में सहायक और रोजगार परक सिद्ध होगा।

## धनेटा कॉलेज की साहित्यिक पत्रिका 'धनाश्री' का विमोचन

**अनंत ज्ञान, धनेटा**

राजकीय महाविद्यालय धनेटा की शैक्षणिक सत्र 2024 25 की साहित्यिक पत्रिका धनाश्री का विमोचन प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा की अध्यक्षता में किया गया। इस पत्रिका में छात्रों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए हिंदी, अंग्रेजी, पहाड़ी, वाणिज्य और योजना अनुभागों में छात्रों की रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला है।

पत्रिका के विमोचन के अवसर पर डॉ. ज्ञानचंद राणा ने छात्रों की सृजनात्मक प्रतिभा की सराहना की और कहा कि यह पत्रिका महाविद्यालय की साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस पत्रिका में छात्रों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विषयों पर प्रकृति, मां, हिंदी भाषा का महत्व, ईमानदारी, दोस्ती, पुस्तकों का महत्व, देश की अर्थव्यवस्था बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर अपनी लिखने चलाई है।

मुख्य अतिथि डॉ. ज्ञानचंद राणा ने कहा कि महाविद्यालय की साहित्यिक पत्रिका धनाश्री कॉलेज की साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और छात्रों की सृजनात्मकता को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। इन रचनाओं में छात्रों की कविताएं, कहानियां, निबंध और अन्य साहित्यिक अभिव्यक्तियां शामिल हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग प्रो. नीलम कुमारी, डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. अजय कुमार, प्रो. मदन सिंह, डॉ. प्रीतम चंद, डॉ. अंजना कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### नौणी विश्वविद्यालय में कार्यरत सेक्शन अधिकारी की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** क्षेत्रीय अस्पताल सोलन से सूचना मिली कि नौणी से एक व्यक्ति को उपचार हेतु अस्पताल लाए थे जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस सूचना पर थाना सदर सोलन की पुलिस टीम तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल पहुंची जहां पर आपातकालीन कक्ष में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पाया गया। तस्दीक करने पर उक्त व्यक्ति की पहचान मुन्ना लाल चौहान (59) पुत्र भगत राम निवासी गांव व भुलाड, जिला शिमला के रूप में हुई। मौके पर मौजूद उसके परिवारिक सदस्य के ब्यान लेखबद्ध किए गए। मृतक मुन्ना लाल वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में सेक्शन अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। एक मई को नौणी यूनिवर्सिटी के कार्यालय में चाय पार्टी का आयोजन रखा था जहां पर मुन्ना भी मौजूद था तो उसी समय उन्हें अचानक चक्कर आ गया और नीचे गिर गए थे। मौजूद स्टाफ उन्हें प्राथमिक उपचार हेतु नौणी यूनिवर्सिटी के हेल्थ सेंटर ले गया, वहां से उसे क्षेत्रीय अस्पताल सोलन रेफर किया गया, जहां पर चिकित्सकों द्वारा चैक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया है।

### टायर पंचर की दुकान में कंप्रेशर में हुआ धमाका, दो लोग घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर परिषद बिलासपुर के तहत लखनपुर में टायर पेंचर की दुकान पर रखे कंप्रेशर में धमाका होने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक की टांग में चोट आई है। घायलों को एम्स में दाखिल करवाया गया जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है। घटना शुक्रवार सुबह की बताई जा रही है। धमाका इतने जोर का था कि आसपास के लोग भी एकत्रित हो गए। अभी तक कंप्रेशर के फटने का कारण पता नहीं चल पाया है। घायलों की पहचान विशाल कुमार पुत्र राकेश कुमार व लालमण निवासी लखनपुर के रूप में हुई है। डीएसपी मदन धीमान ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।



दुकान में फटा कंप्रेशर।

### लोक लेखा समिति की बैठकों में जरूरी कार्यों पर बनी योजना



बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभापति अनिल शर्मा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में लोक लेखा समिति की दो बैठकें आयोजित की गई। पहली बैठक वीरवार को और दूसरी बैठक शुक्रवार को रखी गई थी। ये दोनों बैठकें सभापति अनिल शर्मा की अध्यक्षता में विधानसभा के मुख्य समिति कक्ष में संपन्न हुई। इन बैठकों में डॉ. हंस राज, जीत राम कटवाल, इंद्र सिंह, डॉ. जनक राज, मलेंद्र राजन, केवल सिंह पठानिया आदि मौजूद रहे। इन बैठकों में समिति ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व कृषि विभाग से संबंधित प्राप्त विभागीय उत्तरों पर विचार-विमर्श किया और इसके बारे में आवश्यक कार्य योजना तैयार की।

# हिमाचल निर्माता एवं पहले मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत परमार को भूली कांग्रेस

## सोशल मीडिया में श्रद्धांजलि देकर किया याद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल निर्माता एवं प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार को कांग्रेस सरकार भूल गई है। डॉ. परमार की आज पुण्यतिथि है। मगर इस मौके पर कोई सरकारी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। राज्य सरकार और कांग्रेस पार्टी द्वारा शिमला में कोई श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित नहीं किया। इसके बाद सोशल मीडिया पर सवाल उठने शुरू हो गए है, क्या कांग्रेस अपनी ही पार्टी के प्रथम मुख्यमंत्री को भुला चुकी है।

**पुण्य तिथि पर कोई सरकारी कार्यक्रम नहीं**



### सीएम सुक्खू व प्रतिभा ने सोशल मीडिया के माध्यम से किया याद

**हालांकि** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से जरूर डॉ. परमार को श्रद्धांजलि दी है। मगर शिमला में कोई श्रद्धांजलि कार्यक्रम नहीं हुआ। विपक्षी नेताओं ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से डॉ. परमार के योगदान को याद किया।

### रिज पर लगी प्रतिमा, पर श्रद्धांजलि देने कोई नहीं पहुंचा

**शिमला** के रिज पर पहले के पहले मुख्यमंत्री एवं प्रदेश निर्माता डॉ. परमार की प्रतिमा लगी हुई है। आमतौर पर यहां राज्य सरकार, जिला प्रशासन या फिर नगर निगम द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दे दी जाती थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं किया गया।

# सीएम के मीडिया सलाहकार ने केंद्र पर लगाए गुमराह करने के आरोप

## राहुल गांधी को दिया जातिगत जनगणना कराने के निर्णय का श्रेय

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

- देश का वास्तविक एवं समावेशी विकास होगा सुनिश्चित, केंद्र सरकार ने लंबे समय तक मामले को लटकाए रखा

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने का जो निर्णय लिया गया है, उसका सारा श्रेय विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जाता है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने यहां कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में आज यह संदेश देने में सफल रही है कि वह प्रारम्भ से ही इस मुद्दे पर पूरी तरह से गंभीर थी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार से यह जानना चाहती है कि उन्होंने इस मामले में आखिर इतनी देर क्यों लगा दी। हम जानना चाहते हैं कि अब इस मामले में सरकार का क्या रोडमैप होगा।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए नरेश चौहान।

हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति को लेकर चर्चा करते हुए मीडिया सलाहकार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जनहित में जो कड़वे फैसले लिए हैं उनके निकट भविष्य में आशातीत परिणाम लोगों के सामने होंगे। उन्होंने कहा कि इन फैसलों से हमारे प्रदेश की आर्थिक स्थिति सही हुई है, जिससे हमारा प्रदेश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा अपने कुनबे की करे चिंता

**भाजपा** नेता रणधीर शर्मा पर कटाक्ष करते हुए चौहान ने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी की बजाए अपनी पार्टी की चिन्ता करें, क्योंकि भाजपा के भीतर लीडरशिप को लेकर आज जो वर्चस्व की जंग चल रही है, वह जगजाहिर है। उन्होंने कहा कि भाजपा आज उन लोगों को ही सम्भाल नहीं पा रही है जो कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं।

### जयराम ठाकुर के कार्यकाल में प्रदेश को हुआ भारी आर्थिक नुकसान

**प्रधान** मीडिया सलाहकार ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए सरकार पूरी तरह गम्भीर एवं प्रतिबद्ध है और इसके लिए कड़े फैसले भी लिए गए हैं। जयराम ठाकुर के कार्यकाल में इस प्रदेश को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। पहले वैट से और बाद में जीएसटी आने से प्रदेश का नुकसान हुआ।

हिमाचल निर्माता एवं प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. वाईएस परमार, जिनकी आज पुण्य तिथि है, को अपनी भावभीनी श्रद्धांजति अर्पित करते हैं।

# परमार की दूरदर्शी सोच से आगे बढ़ा हिमाचल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में हिमाचल निर्माता, प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार को उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया।

पार्टी नेताओं ने कहा कि डॉ. परमार की राजनीतिक और विकास की सोच से प्रदेश आज शिखर पर है। उन्होंने कहा है कि परमार के आदर्श और उनकी सोच आज भी हमारा विकास का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सदैव उनका ऋणी रहेगा।



कांग्रेस दफ्तर में परमार की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन भेंट करते हुए पार्टी नेता।

पार्टी कार्यालय में वन निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची, हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर सहित बलदेव ठाकुर, कमला नेगी, मनीषा मेहता, भगत राम बुशहरी, देवेंद्र कुमार रत्न, सूरज, रोहित बैंस व अन्य कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## आईआईटी मंडी को अमेरिका से मिला 11,000 डॉलर से ज्यादा का दान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अमेरिका के ह्यूस्टन में बसे समाजसेवी सतीश अग्रवाल ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी को 11,000 डॉलर से ज्यादा की आर्थिक सहायता दी है। यह मदद 'सतीश और कमलेश अग्रवाल स्कॉलरशिप' के रूप में बीटेक के होनहार छात्रों को दी जाएगी। संस्थान और दानदाता के बीच एक एमओयू साइन किया गया है, जिसके तहत यह स्कॉलरशिप शुरू की जाएगी।

इसका मकसद ऐसे मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन देना है, जो आर्थिक रूप से पिछड़े हैं, लेकिन पढ़ाई में आगे हैं। आईआईटी मंडी के डायरेक्टर प्रो. लक्ष्मीधर बेहेरा और डोरा डीन प्रो. वरुण दत्त ने इस सहयोग के लिए श्रीमान और सुश्री अग्रवाल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से प्रतिभावान छात्रों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है और संस्थान का शैक्षणिक माहौल और समृद्ध होता है। डोरा ऑफिस की ओर से बताया गया कि इस योगदान का उपयोग जरूरतमंद और होनहार छात्रों के सपनों को उड़ान देने में किया जाएगा, जिससे समाज पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

## स्लेटपोस मकान में लगी आग, दो कमरे जलकर राख

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के साथ लगती पंचायत टीहरा में पंचायत पूर्व प्रधान के दो स्लेटपोस कमरे आग की चपेट में आ गए। एक कमरे में रखा सामान जलकर राख हो गया। वहीं, दूसरे कमरे में बंधे मवेशी भी आग से झुलसने से बाल बाल बच गए। दो स्लेट पोस कमरों में जहां एक कमरे का उपयोग स्टोर के लिए किया जा रहा था, वहीं दूसरे कमरा पशु बांधने के लिए रखा था। पशुओं को बड़ी मशक्कत के बाद कमरे से सुरक्षित बाहर निकाला।



धू-धू कर जलता मकान।

पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मदन लाल ने बताया कि दोपहर एक बजे के करीब वह घर से थोड़ी दूर पर थे कि उन्हें आगजनी की सूचना मिली वह तुरंत घर आए तो मकान के साथ दो स्लेट पोस कमरों में आग की लपटें निकलती देख शोर मचाना शुरू किया जिसको लेकर ग्रामीण इकट्ठे हो गए। वहीं, सुजानपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ी तथा वेटरनरी एंबुलेंस भी घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गईं और आग पर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कमरे में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। मदन लाल ने बताया कि 2 लाख के करीब नुकसान होने का अनुमान है।

## उद्योगपति के खिलाफ धोखाधड़ी और मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नाहन**

औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब स्थित सिम्बायोसिस फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक जगबीर सिंह और उनके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी और मारपीट आरोप दर्ज हुआ है।

शिकायतकर्ता नारायणगढ़ (हरियाणा) निवासी विश्वंभर दयाल गुप्ता ने न केवल धोखाधड़ी और मारपीट का आरोप लगाया है, बल्कि अपने बेटे की रहस्यमय मौत में भी जगबीर सिंह की संलिप्तता की आशंका जताई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता की कभी सिम्बायोसिस फार्मास्यूटिकल्स और साइटेक मेडिकेयर कंपनियों में जगबीर सिंह के साथ भागीदार थी। उसने आरोप लगाया है कि मतभेद होने के बाद जगबीर सिंह ने उन्हें प्रताड़ित करना और धमकाना शुरू कर दिया था।

गुप्ता का आरोप है कि, 15 मार्च 2025 को एक बोर्ड बैठक में जगबीर सिंह ने उन्हें जबरन कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर करने की कोशिश की और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जगबीर और उनके साथियों शीतल दास शर्मा, हरप्रीत सिंह, भरत सिंह सैनी और पंकज कपूर ने उनकी संपत्ति के महत्वपूर्ण कागजात चुरा लिए और अब उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

मामले में एक और चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब विश्वंभर दयाल गुप्ता ने 7 जून 2021 को अपने बेटे नवनीत गुप्ता की रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत का जिक्र किया और अब उन्हें संदेह है कि जगबीर सिंह इस घटना में भी शामिल हो सकता है। गुप्ता का कहना है कि उसके बेटे की मौत दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या थी। विशंभर का कहना है कि उन्हें इस बात का भी खौफ सता रहा है कि जगबीर सिंह कोई हादसा दिखाकर उनकी हत्या न करवा दे। सिरमौर एसपी निशांत सिंह नेगी ने पुष्टि करते हुए बताया कि विशंभर द्वारा लिखित दी जांच को आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद ही बताया जा सकेगा कि मामला क्या है।

## 121.80 ग्राम हेरोइन समेत 3 नशा तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** नशा माफिया पर शिकंजा कसते हुए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने पंजाब के जिला तरनतारन के तीन नशा तस्करों को 121.80 ग्राम हेरोइन के साथ गगरेट क्षेत्र में रंगे हाथ दबोचने में सफलता हासिल की है। कयास लगाए जा रहे हैं कि हेरोइन की खेप सीमा पार से आई थी, जिसे हिमाचल तक पहुंचाने के लिए नशा तस्कर हिमाचल नंबर प्लेट लगी कार का इस्तेमाल कर रहे थे। एएनटीएफ की तहरीर पर गगरेट पुलिस थाने में मादक द्रव्य पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की नार्दन रेंज को खुफिया सूचना मिली थी कि पाकिस्तान के रास्ते आने वाली हेरोइन की खेप को पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले तस्कर गोपनीय तरीके से हिमाचल प्रदेश तक पहुंचा रहे हैं। एएनटीएफ नार्दन रेंज कांगड़ा के एएसपी राजिंद्र जसवाल ने इस सूचना के आधार पर एएनटीएफ के एएसआई सुरेश कुमार, एएसआई विकास अरोड़ा की टीम को हिमाचल-पंजाब की सीमा पर निगरानी बढ़ाने को कहा। शुक्रवार को जब एएनटीएफ की टीम इलाके में गश्त पर थी तो उन्हें अंबोटा-शिवबाड़ी मार्ग पर राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबोटा के समीप एक कार नंबर एचपी 39एफ 9168 से नशा तस्करों को हेरोइन समेत धर-दबोचा। आरोपियों की पहचान पवन कुमार पुत्र सूरत प्रकाश निवासी नूरड़ी अड्डा, हरि सिंह पुत्र लाभ सिंह, हरसिमरन जोत पुत्र सतनाम सिंह निवासी पलासौर जिला तरनतारन के रूप में हुई है।

## कॉन्ट्रैक्ट भर्ती पर रोक से अटकी भर्तियां : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**5 लाख नौकरी की गारंटी देने वाले अब मुकरे**

प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार द्वारा कॉन्ट्रैक्ट भर्तियों पर रोक लगाने से न सिर्फ भविष्य में भर्तियां निकलने का रास्ता बंद हो गया है, बल्कि जो भर्तियां रूटीन में चली हुई हैं, वह भी रुक गई हैं। एक पत्र लिखकर सरकार ने भर्तियों पर रोक तो लगा दी है, लेकिन नई भर्तियां शुरू करने को लेकर सरकार द्वारा अब तक कोई आदेश नहीं दिया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश भर के युवा इंतजार कर रहे हैं कि सरकार नए आदेश जारी करे, जिससे भर्तियां शुरू हो सकें। सरकार बताए कि नए आदेश कब तक जारी होंगे। जिस तरह से सरकार ने लगभग दो साल तक कर्मचारी चयन आयोग को भंग रखकर युवाओं को बेरोजगार रखा। क्या इस तरीके से फिर कॉन्ट्रैक्ट भर्तियों पर रोक लगाकर युवाओं को बेरोजगार रखना चाहती है। वहीं, उन्होंने जाति गणना पर कहा कि देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा करना चाहिए।

### बेरोजगार युवाओं के साथ हो रही साजिश

**कॉन्ट्रैक्ट** भर्तियों पर इस तरह से रोक लगाना नौकरियां न देने और युवाओं को बेरोजगार रखने की यह सरकार की साजिश है। सुक्खू सरकार प्रदेश भर में युवाओं को 100 नौकरी पहली कैबिनेट में और 5 लाख नौकरी पूरे 5 साल में देने के गारंटी देकर सत्ता में आई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार ने 25 अप्रैल को सरकार द्वारा एक पत्र जारी करके प्रदेश में सभी प्रकार की अनुबंध आधारित भर्तियों पर रोक लगा दी है। लेकिन एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी भर्तियां करने के नए न तो नए आदेश जारी किए और न ही यह स्पष्ट किया कि आगे भर्तियां कैसे होगी? अब सवाल यह युवाओं को रोजगार कैसे मिलेगा? क्या सरकार इस नोटिफिकेशन के माध्यम से रोक लगाकर युवाओं को नौकरी नहीं देना चाहती है।

## प्रदेश भाजपा ने मुख्यमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष का मांगा इस्तीफा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश भाजपा प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने सीएम सहित कांग्रेस की राज्य अध्यक्ष का इस्तीफा मांगा है। संविधान बचाओ अभियान के तहत बिलासपुर में हुए हंगामे में कांग्रेस पार्टी का घिनौना चेहरा सामने आया है। बैठक में जिस प्रकार की कांग्रेस की अंतर्कलह जनता के सामने आई है, उससे लगता है कि पूरे प्रदेश में संविधान बचाव नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी बचाओ अभियान चल रहा है और उसमें भी यह पार्टी पूरी तरह विफल साबित हो रही है।

रणधीर ने शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री से राज्य की जनता परेशान है और उनके मंत्री भी परेशानी महसूस कर रहे हैं और वे भी मुख्यमंत्री की कार्य प्रणाली से संतुष्ट नहीं है। इसके साथ-साथ बिलासपुर में हुई बैठक के माध्यम से कांग्रेस की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी कहा कि उनकी सुनवाई न तो सरकार में हो रही है और न ही आलाकमान के समक्ष। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ी बात तो यह है कि बैठक में विशेष समुदाय के लोगों ने कांग्रेस पार्टी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

## कांग्रेस ने 60 साल में नहीं करवाई जातिगणना : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सीएम के बयान तीखी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 60 साल तक देश की सत्ता पर राज किया और जातिगत जनगणना भी करवाई। वह आज पीएम मोदी द्वारा की जाने वाली जातिगत जनगणना को अपने खाते में दर्ज करके झूठा श्रेय लेने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति वर्ग की हिमायती होती तो आजादी के तुरंत बाद से ही हर 10 साल बाद जातिगत जनगणना होती, परंतु ऐसा नहीं हुआ। उन्होनें कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ही अनुसूचित जातियों, जनजातियों को केवल और केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया। कांग्रेस पार्टी उनके विकास, उनके उत्थान के प्रति न पहले कभी गंभीर थी और न आज गंभीर है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि संविधान की शक्तियों को तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने हाथ में ले लिया और तानाशाह बन बैठी। डेढ़ लाख के लगभग देश भक्तों को जेल की काल कोठरी के पीछे धकेल दिया और देश पर आपातकाल थोप दिया। वे लोग आज संविधान को बचाने की बात केवल जनता को भटकाने के लिए कर रहे हैं।

**कवायद** — 80 लाख की लागत से हॉस्टल व कैंपस होगा का जीर्णोद्धार, प्रस्ताव स्वीकृति की प्रक्रिया अंतिम चरण में

# बिलासपुर साई सेंटर का होगा कायाकल्प

**शुभम राही, बिलासपुर**

- खिलाड़ियों को मिलेगा आधुनिक सुविधाओं वाला आवास
- बुनियादी ढांचे के उन्नयन से खेलों को मिलेगा नया आयाम
- राज्य में खेल विकास की दिशा में एक और मजबूत कदम

खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक और सकारात्मक पहल करते हुए स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (साई) के बिलासपुर सेंटर में स्थित होस्टल और कैंपस क्षेत्र का जल्द ही जीर्णोद्धार किया जाएगा। इस कार्य पर कुल 80 लाख रुपए की लागत आने का अनुमान है। इस विषय की जानकारी साई होस्टल बिलासपुर के प्रभारी विजय नेगी ने दी है।

उन्होंने बताया कि जीर्णोद्धार कार्य के लिए प्रपोजल बनाकर मुख्यालय को भेज दिया गया है और जल्द ही इसके लिए बजट भी जारी किया जाएगा। विजय नेगी ने कहा कि जैसे ही बजट स्वीकृत होता है, होस्टल और कैंपस क्षेत्र के नवीनीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत होस्टल भवन की मरम्मत, आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का उन्नयन, साफ-सफाई, जल आपूर्ति, बिजली व्यवस्था और खेल परिसर के आसपास के क्षेत्रों को बेहतर बनाया जाएगा।

बता दें कि बिलासपुर स्थित साई सेंटर में वर्तमान में कबड्डी और बॉक्सिंग खेलों की सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां कबड्डी और बॉक्सिंग दोनों में 20-20 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इन खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं, पोषणयुक्त भोजन, स्वच्छ आवास और खेल के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह जीर्णोद्धार किया जा रहा है। लंबे समय से यहां की मूलभूत सुविधाओं को लेकर शिकायतें आ रही थीं, जिन पर अब केंद्र ने गंभीरता से संज्ञान लिया है।





वहीं, बिलासपुर सेंटर का यह नवीनीकरण न केवल वर्तमान खिलाड़ियों के लिए लाभकारी होगा, बल्कि हिमाचल प्रदेश के अन्य जिलों से आने वाले युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। बेहतर सुविधाएं मिलने से यहां आने वाले खिलाड़ियों की संख्या में भी वृद्धि होने की संभावना है। इस योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए स्थानीय प्रशासन, राज्य खेल विभाग और साई के उच्चाधिकारियों का सहयोग भी अपेक्षित है।

प्रभारी विजय नेगी ने विश्वास जताया है कि सभी संबंधित विभाग इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने में सहयोग करेंगे। साथ ही, बिलासपुर सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों ने इस खबर पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से यहां की सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब जब जीर्णोद्धार की योजना सामने आई है, तो इससे उनका मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

> **साई** होस्टल बिलासपुर का जल्द ही जीर्णोद्धार होगा। इसके लिए 80 लाख रुपए तक की अनुमानित राशि का प्रपोजल बनाकर भेजा गया है। जल्द ही बजट जारी होने जा रहा है और फिर इसका कार्य किया जाएगा।
> **-विजय नेगी, जिला प्रभारी साई होस्टल बिलासपुर।**

वहीं, बिलासपुर साई सेंटर का यह जीर्णोद्धार न केवल खिलाड़ियों के लिए एक नई शुरुआत साबित होगा, बल्कि हिमाचल प्रदेश में खेलों को नई दिशा देने में भी सहायक होगा। 80 लाख रुपए की लागत से होने वाला यह कार्य खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। अब उम्मीद की जा रही है कि यह कार्य शीघ्र शुरू होकर समय पर पूर्ण होगा, ताकि खिलाड़ी बिना किसी बाधा के अपने सपनों को साकार कर सकें। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में लगाया सेमिनार



**अशोक ठाकुर इंदौरा।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर मोहटली में चेयरमैन रणवीर सिंह, सेक्टरी कंवलजीत सिंह और प्रधानाचार्या अनुमीत कौर की अध्यक्षता में एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जगदीप शर्मा व डॉ. शिवानी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे और शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। जगदीप शर्मा एवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा में कंप्यूटर साइंस के अध्यापक हैं। डॉ. शिवानी सिंह गुरु गोविंद पब्लिक स्कूल गुरदासपुर की प्रिंसिपल है। इस सेमीनार में कुल 52 अध्यापकों ने भाग लिया। वहीं, स्कूल की प्रबंधक कमेटी ने जगदीप शर्मा और डॉ. शिवानी सिंह का स्वागत कर किया। जगदीप शर्मा और शिवानी सिंह ने अध्यापकों को नई शिक्षा नीति के बारे में बताया। अध्यापकों के ज्ञान में वृद्धि की। स्कूल की प्रधानाचार्या अनुमीत कौर और सभी अध्यापकों ने आए मेहमानों का धन्यवाद किया।

### 60.27 ग्राम हेरोइन सहित 5 आरोपी काबू



**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट पुलिस ने ड्रग तस्करों व पेडलर्स के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत पुलिस ने 60.27 ग्राम हेरोइन सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पठानकोट ने बताया कि वीरवार को 4 विभिन्न मामले दर्ज कर भारी मात्रा में नशा बरामद किए। पुलिस थाना डिवीजन नं. 1 की ओर से रितिक मालिक उर्फ हनी पुत्र सुनील व सुनील गब्बर पुत्र बुआ दास वासी वार्ड नं 17 ईसा नगर पठानकोट से 19.27 ग्राम हेरोइन बरामद कर उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना सदर में रोहित मोनू पुत्र नागर मल्ल वासी खोसला मिल राजपुरा से 22 ग्राम हेरोइन, 1200 ड्रग मनी, एक इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन व एक मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस थाना तारागढ़ की ओर से कुलविंदर कुमार (चंडीगढ़) को 4 ग्राम हेरोइन सहित काबू करके मामला दर्ज किया गया और अश्वनी कुमार उर्फ रॉकी पुत्र सुभाष चंद्र वासी मांगियाल, तारागढ़ को 15 ग्राम हेरोइन, 700 रुपए ड्रग मनी व एक बाइक के साथ ग्रिफ्तार किया है।

### साई पॉलिटेक्निक कॉलेज में करवाया पाठ



**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** साई पॉलिटेक्निक कॉलेज बधानी में श्री सुखमनी साहिब जी का पाठ करवाया गया। पाठ में ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और सीमडी कंवर तुषार पुंज और रिया पुंज शामिल रहे। इस पाठ का उद्देश्य स्टूडेंट्स के आने वाले उज्वल भविष्य के लिए करवाया गया। साथ ही इलाके में सुख-शांति की कामना की। पूरी सगत को बताया कि हमको उनके आदर्शों पर चलना चाहिए और सुखमनी साहिब जिसे ग्रंथ में गौरी सुखमनी के शीर्षक के तहत जाना है।

# कृषि अधिकारी खरीफ फसलों का उत्पादन बढ़ाने को किसानों की करें सहायता : चंद्र

## कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में खरीफ फसलों पर आयोजित कार्यशाला में बोले कृषि मंत्री

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**चौधरी** सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय में प्रदेश के कृषि अधिकारियों के लिए खरीफ फसलों पर कार्यशाला और प्रदेश में हल्दी की खेती व उपयोग की संभावना को तलाशने के लिए विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार ने किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नवीन कुमार और निदेशक कृषि विभाग कुमद सिंह विशेष रूप में उपस्थित रही। मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि किसानों को स्वावलंबी बनाने और उनकी आर्थिकी को सुदृढ़ बनाने में कृषि विश्वविद्यालयों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय अनुसंधान तथा शोध का केंद्र है, जो किसानों की समस्याओं को दूर और उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाते है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में खेतीबाड़ी सबसे बड़ा व्यवसाय है। किसान खेतीबाड़ी से ही अपनी आजीविका का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान फसल विविधिकरण को अपनाकर नगदी फसलों की तरफ अपना रुझान अधिक करें, ताकि उनकी आर्थिकि और सुदृढ़ हो। उन्होंने किसानों को मार्केट वैल्यू के अनुसार, फसलों का उत्पादन करने का सुझाव दिया। उन्होंने कृषि अधिकारियों को क्लस्टर आधारित खेती करने के लिए किसानों को जागरूक करने को भी कहा। उन्होंने वैज्ञानिकों और कृषि अधिकारियों से किसानों को खरीफ फसलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद करने का आह्वान किया।





कृषि विवि पालमपुर में कार्यशाला का कृषि मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार ने शुभारंभ किया।

### हल्दी खेती की अधिक संभावनाओं को तलाशने के निर्देश

**चंद्र** कुमार ने हल्दी के औषधीय गुणों का जिक्र करते हुए प्रदेश में हल्दी की खेती व उपयोग की और अधिक संभावनाओं को तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कच्ची हल्दी को 90 प्रति किलो की दर से खरीदने की प्रक्रिया को शुरू करने जा रही है।

# फतेहपुर के गांवों में अब दो दिन छोड़कर आएगा पानी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**प्रदेश** में जैसे-जैसे गर्मियों बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे लोगों को पीने के पानी की समस्या से दो चार होना पड़ सकता है, क्योंकि अब जल स्त्रोतों में पानी की भारी गिरावट देखने को मिल रही है। इस समस्या को देखते हुए जलशक्ति विभाग ने उपभोक्ता को पानी की बर्बादी न करने की एडवाजरी जारी करते हुए अब नियमित सप्लाई में भी कट लगाना भी शुरू कर दिया है।

**जल स्त्रोतों में पानी की भारी गिरावट विभाग ने जारी किए आदेश**

जल शक्ति विभाग मंडल एवं उपमंडल फतेहपुर ने उपभोक्ताओं के लिए एडवाइजरी जारी की है। सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग उपमंडल फतेहपुर अभिलाष बलौरियां ने कहा कि गर्मियों के कारण जल स्त्रोतों मे पानी की भारी गिरावट आई है, जिसके चलते आगामी दिनों में पानी वितरण की समस्या आ सकती है। एक या दो दिन छोड़कर पीने का पानी लोगों को उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेक्शन धमेटा के गांव नंगाल, खोड़, कोहलड़ी, भाट्टी, पोलियां, बलियारा, खटियाड़ व सेक्शन वरोट के घराटू, दिनी, जैंट, समलेट, भरतियाल, कोठी, कुंभ, तुलारा, ध्नाड़, हटली आदि क्षेत्रो मे पीने के पानी की सप्लाई दो तीन दिन बाद आएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी उपभोक्ता टुल्लू पंप का इस्तेमाल न करें। टुल्लू पंप लगाते कोई पकड़ा गया तो कार्रवाई करते हुए अनका पानी का कनेक्शन काट दिया जाएगा व टुल्लू पंप जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी कर्मचारी अपनी ड्यूटी में कोताही करता है, तो उसकी शिकायत मोबाइल नंबर 9805416320 पर दें।

# तेज हवाओं से अंधेरे में डूबे कई क्षेत्र, फसलों को नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** में वीरवार देर रात को चली तेज आंधी के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। गत रात 11 बजे के बाद मौसम ने अचानक करवट बदली और हवाओं का दौर शुरू हो गया। इससे कई क्षेत्र अंधेरे में डूब गए। हालांकि, धौलाधार पर्वतों के साथ लगते क्षेत्रों में शुक्रवार को हल्की बूंदाबादी हुई, लेकिन दिनभर हवाओं के चलने का दौर जारी रहा।

आसमान में बादल छाए रहने से पारा नीचे चला गया, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। धर्मशाला व मैक्लोडगंज पर्यटकों ने सुहावने मौसम का खूब आनंद उठाया। किसानों के लिए यह मौसम मुसीबत बनकर आया है। खेतों में तैयार गेहूं की फसल को लेकर उनकी चिंताएं बढ़ गई हैं। बता दें कि मौसम विभाग ने आगामी 6 मई के बीच राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी है। खासकर 3 मई तक 40-50 किमी. प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। ऐसे में खेतों में खड़ी फसल को बड़ा नुकसान हो सकता है।

**बारिश और तेज हवाएं चलने से किसानों की बढ़ी टेंशन**

पालमपुर, नूरपुर और फतेहपुर के किसान दिन-रात खेतों में जुटे हैं। किसान विजय कुमार, अमन चंद व विजय का कहना है कि अगर फसल भीग गई, तो सारी मेहनत बेकार चली जाएगी। वहीं, आम व लीची की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। पेड़ों से फूल झड़ने के कारण बागवानों को नुकसान उठाना पड़ा है।

## गेहूं और कच्ची हल्दी की बिक्री के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आत्मा परियोजना निदेशक डॉ. राज कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्राकृतिक विधि से उत्पादित गेहूं और कच्ची हल्दी की सरकारी खरीद प्रक्रिया शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से उगाई गई गेहूं 60 प्रति किलो और कच्ची हल्दी 90 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदेगी।

उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती कर रहे इच्छुक किसान गेहूं और कच्ची हल्दी की बिक्री के लिए आवेदन पत्र भरकर ब्लॉक स्तर पर तैनात कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के खंड तकनीकी अधिकारी और सहायक तकनीकी अधिकारी के पास जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान मोबाइल नंबर 8219509229 पर संपर्क कर सकते हैं।

# पंचरुखी ब्लॉक परिसर में रेलिंग लगाने का लोगों ने किया विरोध

**अजय पाल, पंचरुखी**

**पंचरुखी** ब्लॉक परिसर में निर्माणाधीन तहसील भवन की दीवार के साथ बीडीओ ऑफिस पंचरुखी की ओर से लोहे की रेलिंग लगाने का लोगों ने विरोध किया है। लोगों का कहना है कि पंचरुखी ब्लॉक परिसर के अंदर कृषि विभाग, बैंक व तहसील कार्यालय है, जहां रोजाना सैकड़ों लोगों का आना-जाना है। यहां पर गाड़ियों को पार्क करने में भी मुश्किल हो जाती है। ऐसे में रेलिंग लगाना ठीक नहीं है।

लोगों ने कहा कि जहां पर यह रेलिंग लगाई गई है, वहां पर आठ से दस दोपहिया वाहन पार्किंग हो जाते थे, लेकिन अब दोपहिया वाहनों को पार्क करने में दिक्कत होगी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक परिसर में बहुत सारे कार्य अधूरे पड़े हैं। ब्लॉक का मुख्य गेट भी जर्जर हो चुका है, जिसके कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन विभाग इन कार्यों को न करवाकर जनता के पैसों का दुरुप्रयोग कर रहा है। (अनंत ज्ञान)



निर्माणाधीन तहसील भवन की दीवार के साथ लगाई लोहे की रेलिंग।

### बीडीओ बोले- दोपहिया वाहनों के लिए जल्द बनेगी पार्किंग

**बीडीओ** पंचरुखी सिकंदर ने कहा कि ब्लॉक परिसर का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। जहां पर यह रेलिंग लगाई है, वह जगह कच्ची है, उस जगह को लेवल कर फूलदार पौधे लगाए जाएंगे। दोपहिया वाहनों के लिए जल्द ही अलग से पार्किंग बनाने जा रहे हैं, ताकि ब्लॉक परिसर के अंदर वाहनों की पार्किंग को लेकर कोई समस्या न आए। जल्द ही समिति की बैठक बुलाई जाएगी, जो भी ब्लॉक परिसर के सौंदर्यीकरण को लेकर कार्य करने हैं, उनके बारे में चर्चा करके सभी अधूरे कार्यों को पूरा कर दिया जाएगा।





# करेले की खेती, सब्जी और दवा भी, बाजार में मुंह मांगी कीमत

**करेले** की खेती हिमाचल के अधिकांश जिलों में की जाती है। करेला एक ऐसी सब्जी है, जिसकी डिमांड हमेशा बाजार में रहती है। करेला स्वाद में जितना कड़वा होता है, उससे कहीं ज्यादा औषधीय गुण पाए जाते हैं। हालांकि, करेला की कड़वाहट के चलते इसका नाम सुनते ही लोग मुंह बनाने लग जाते हैं, लेकिन अगर इसको अपने नियमित आहार में शामिल कर लिया जाए, तो कई रोगों से बच सकते हैं। किसान कम जगहों पर भी करेले की खेती कर अच्छा आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। इसकी सब्जी की विदेशों और बड़े शहरों में हमेशा मांग रहती है। करेला एक अनोखा कड़वा स्वाद वाला सब्जी है। इसके फलों में विटामिन और खनिज पदार्थ प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं। करेले की खेती मानसून और गर्मी के मौसम में की जाती है। करेले की अच्छी उत्पादन के लिए गर्म और आद्र जलवायु अत्याधिक उपयुक्त होती है। इसका तापमान न्यूनतम 20 डिग्री सेंटीग्रेट और अधिकतम तापमान 35 से 40 डिग्री सेंटीग्रेट के बीच होना चाहिए।



**स्वाद में कड़वा, पर गुणों की खान है करेला**

### पथरी और घुटनों में दर्द में रामबाण

करेले का जूस पीने से पथरी के मरीज को आराम मिलता है। जिन लोगों को पथरी की परेशानी है, उन्हें करेले का रस जरूर पीना चाहिए। इससे पथरी को नेचुरली निकालने में मदद मिलती है। जिन लोगों को अक्सर घुटनों में दर्द होता रहता है। ऐसे लोग भी करेला का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए कच्चे करेले को आग में भून लें। अब करेला को मसल लें और रुई में लपेट कर घुटने में बांध लें। इससे जोड़ों और घुटने के दर्द में काफी आराम मिलेगा।

### ऐसे करें करेले के बीजों की रोपाई

करेले की खेती के लिए लंबाई में 2 मीटर एवं चौड़ाई 2 मीटर की क्यारियों में बांटना चाहिए, लेकिन क्यारियों के बीच में 50 सेमी. की एक नाली होनी चाहिए। क्यारियों के दोनों किनारों पर 45 सेमी. की दूरी पर बीज के लिए थाला बनाए जाने चाहिए। खरपतवार और घास के टुकड़ों को हटाकर खेत को साफ करना चाहिए। फिर प्रति हेक्टेयर 100 से 150 क्विंटल खाद या कंपोस्ट डालें। खाद को मिट्टी में अच्छी तरह मिला लें। दौड़ने के लिए दो पंक्तियों में 2.5 से 3.5 मीटर की दूरी पर दो पंक्तियों में 80 से 120 सेमी. की दूरी रखी जाती हैं। प्रत्येक स्थान पर 2 से 3 बीज रोपें। बीज टोकन को दोनों फसलों में नम मिट्टी में लगाना चाहिएं। बीजों को कांख में बोया जाता है। अंकुरित होने तक बीटा पानी दें। किसान दो तरीकों से इसकी बुआई कर सकते हैं। एक तो सीधे बीज से बुआई और दूसरी पहले नर्सरी तैयार करके पौधे तैयार कर सकते हैं। नर्सरी विधि से खेती करने के लिए सबसे पहले नर्सरी ट्रे में कोकोपीट, वर्मीकुलाइट मिश्रण डालना चाहिए। अब नर्सरी ट्रे के हर एक खाने में एक-एक बीज बोना चाहिए। इन्हें किसी छायादार जगह पर रखना होता है, जहां पर सीधी धूप न आती हो। 15-20 दिनों में जब पौधे तैयार हो जाते हैं, तब इनकी रोपाई कर सकते हैं।



### करेला करता कई बीमारियों को खत्म

करेला अस्थमा, सांस, हृदय रोग, किडनी, लीवर, पाचन तंत्र, आंखों की बीमारी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल जैसे तमाम समस्याओं से निजात दिलाने में बेहद कारगर है। मोटे अनाज की तरह करेला भी गुणकारी होता है। ब्लड शुगर कंट्रोल करना हो या डाइजेशन की समस्या है। डॉक्टर भी करेला खाने की सलाह देते हैं। ऐसे में इस सब्जी की मांग बाजार में हमेशा रहती है। करेला में फाइबर अच्छी खासी मात्रा में पाया जाता है। यही वजह है कि इसे खाने से डाइजेशन को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है। लिवर को ठीक रखने और डिटॉक्सिफिकेशन प्रोसेस को सपोर्ट करने में भी करेला कारगर माना गया है। वजन को कंट्रोल करने के साथ इम्यून सिस्टम को भी यह हरी सब्जी ठीक रखती है। करेला में आयरन, विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी, मैंगनीज, पोटेशियम, जिंक जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। करेला में जीवाणु रोधी, एंटीवायरल और कैंसर रोधी, एंटीऑक्सीडेंट और हाइपोग्लाइसेमिक गुण भी पाए जाते हैं।

प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला



### करेले की सब्जी खाने से शारीरिक कमजोरी होती है दूर

करेला की सब्जी खाने से शारीरिक कमजोरी दूर होती है। करेला खाने से ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए डाक्टर करेले की सब्जी व इसका अर्क पीने का सुझाव रोगी को देते हैं। दवाई की भांति यह कड़वा है, लेकिन प्राकृतिक दवा व सब्जी होने के कारण दोनों रूप में काम पर लाया जाता है। गर्मियों में मुंह में छाले हो जाते हैं, जिससे खाने पीने में परेशानी होती है। ऐसे में आप कई तरह के नुस्खों का उपयोग करते हैं, लेकिन उनका कोई खास आराम नहीं मिलता है। आप एक बार करेले का रस छालों पर लगा लें। इससे काफी फायदा मिलेगा। रस लगाने के बाद लार को बाहर निकलने दें और कुछ देर मुंह खोलकर लटकाए रखें। छाले एक दिन में ही ठीक हो जाएंगे।

# टमाटर की खेती युवाओं के लिए बन सकती रोजगार का जरिया

**प्रदेश** में सेब के बाद सबसे अधिक मुनाफा यदि किसी फसल से मिलता है, वह है टमाटर। कहने को तो टमाटर की कई किस्में होती पर हिम सोना और हाइब्रिड किस्में किसानों के लिए आर्थिकी का साधन बन रही है। इस किस्म के टमाटर की मांग देश के बड़े शहरों में रहती है, जो कि अच्छे खासे दामों में बिकती है। रेड गोल्ड नाम से मशहूर हो चुके सोलन और प्रदेश के अन्य जिलों में पैदा होने वाले ऑफ सीजनल टमाटर की नई पौध लगाना शुरू हो चुका है। किसानों की आर्थिक आधार बन चुकी टमाटर की खेती में उचित रखरखाव की जरूरत रहती है। जिले में टमाटर खेती का क्षेत्रफल 5,120 हेक्टेयर तक पहुंच चुका है। प्रदेशभर में टमाटर की पैदावार के लिए सोलन जिला पहले स्थान पर है। जिले में करीब 5,120 हेक्टेयर भूमि पर टमाटर की फसल उगाई जाती है। इस पर सालाना करीब दो लाख मीट्रिक टन पैदावार होती है। हालांकि, सोलन के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों शिमला, सिरमौर, बिलासपुर, मंडी में भी टमाटर उगाया जाता है। उत्पादन क्षेत्र करीब 10 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 14500 हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जो और बढ़ने की संभावना है।



### टमाटर लगाने के लिए जरूरी उपाए

**टमाटर** लगाने के लिए एक अच्छी, धूप वाली जगह चुनें। टमाटर, ज्यादातर सब्जियों और फलों की तरह मजबूत, जोरदार विकास और भरपूर फल के लिए प्रतिदिन कम से कम छह से आठ घंटे की पूरी धूप की जरूरत होती है, उन्हें जितनी ज्यादा धूप मिलेगी वे उतना ही बेहतर उत्पादन करेंगे। पौधे लगाने से पहले अपनी मिट्टी को थोड़ा मिश्रित करें। यह मिट्टी को फिर से जीवंत कर देता है। आवश्यक पौधों के पोषक तत्व मिट्टी के पोषक तत्वों को बढ़ाने, पानी और पोषक तत्वों को बनाए रखने में सुधार करने और आपके टमाटरों के लिए पोषक तत्वों को बेहतर बनाने के लिए केंचुआ खाद, जैव-उत्तेजक और स्थायी रूप से प्राप्त पीट के साथ मिलकर काम करते हैं। आप घर के अंदर बीज लगाते हैं, तो बाहर रोपाई करने से पहले मिट्टी के लगभग 60 डिग्री फारेनहाइट तक गर्म होने तक प्रतीक्षा करें। ऑनलाइन या किसी भी बागीचे की दुकान पर सस्ते मिट्टी थर्मामीटर पा सकते हैं। पौधों को बाहर ले जाने से पहले उनमें कम से कम चार से छह पत्तियां होनी चाहिए। अगर आप जीवित पौधे खरीदते हैं, तो तापमान गर्म होते ही वे आपके बागीचे में जाने के लिए तैयार हो जाएंगे।

### प्रमाणित बीज का ही उपयोग करें

टमाटर की खेती के लिए प्रमाणित बीज की ही पनीरी तैयार करें। अपने बागीचे में जगह बनाने के लिए अपने बीज के पैकेट या लाइव प्लांट टैग पर स्पेसिंग की जानकारी का पालन करें। अपने पैक और टैग पर परिपक्व ऊंचाई पर भी ध्यान दें। रूट बॉल की चौड़ाई से दोगुना और इतना गहरा गड्ढा खोदें कि रूट बॉल का शीर्ष आपकी मिट्टी के साथ संरेखित हो। अपने गड्ढे को मिट्टी से भरें, अपने हाथों से तने के चारों ओर धीरे से दबाएं, और अच्छी तरह से पानी दें। अगर आपकी किस्म को स्टेकिंग या टमाटर के पिंजरे की आवश्यकता है, तो इसे अभी लगा दें। टमाटर एक ऐसा फल है जो कई प्रकार से उपयोग में लाया जाता है। सब्जी दाल और नॉनवेज की ग्रेवी में सबसे ज्यादा उपयोग होता है। इसके अलावा सलाद टॉपिंग, सैंडविच स्लाइस के आप जो खाना पसंद करते हैं, उसके आधार पर टमाटर का प्रकार चुनें। इतालवी सॉस, मैक्सिकन साल्सा में भी इसका उपयोग होता है।



### टमाटर की देखभाल जरूरी

बढ़ते मौसम के दौरान टमाटर को हर हफ्ते 1 से 2 इंच पानी की जरूरत होती है, अगर प्रकृति आपको पानी नहीं देती है, तो यह आपकी मर्जी है। मोटे, भरे हुए फलों के लिए निरंतरता महत्वपूर्ण है। गहरी, मजबूत जड़ों के लिए, गहराई से और कम बार पानी दें। बार-बार, हल्का पानी देने से कमजोर, ज्यादा उथली जड़ें विकसित होती हैं।

### कीटनाशक छिड़काव आवश्यक

कीटों और पत्तियों पर होने वाली बीमारियों के लिए, जिसमें घुन, चबाने वाले और चूसने वाले कीड़े, पाउडरी फफूंद या पत्ती के धब्बे शामिल हैं, सेविन सल्फर डस्ट दो-इन-वन रोग और कीट नियंत्रण प्रदान करता है जो पौधों, फूलों या फलों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। टमाटर के पत्तों पर हल्के से धूल छिड़कें, धूल को बैठने दें, और परिवार और दोस्त फिर से बगीचे में प्रवेश कर सकते हैं।

प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन

## न्यूज ब्रीफ

### बनोई में पंजाब निवासी से 53.84 ग्राम चिट्टा बरामद

**गगल।** पुलिस थाना गगल के तहत वीरवार देर रात को बनोई पुल के पास पुलिस ने पंजाब निवासी व्यक्ति से 53.84 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, पठानकोट से एक स्कूटी पर सुमित कुमार पुत्र दर्शन कुमार निवासी खालसा नगर कोर्ट मित सिंह रोड अमृतसर (पंजाब) जो कांगड़ा की ओर जा रहा था। जब बनाई में पुलिस ने स्कूटी को रोका तो वह भागने लगा, जिसे पुलिस ने दबोच लिया। जब स्कूटी की तलाशी ली तो उसमें 53.84 ग्राम चिट्टा बरामद किया। गगल पुलिस के थाना प्रभारी उधम सिंह ठाकुर ने बताया कि आरोपी व्यक्ति को हिरासत में लेकर छानबीन शुरू कर दी है और आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### मदन मोहन ने संभाला बतौर एसएचओ कार्यभार



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पुलिस स्टेशन डाडासीबा में मदन मोहन ने शुक्रवार को बतौर एसएचओ अपना कार्यभार लिया। इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यहां इलाके भर में क्राइम पर अकुंश लगाना और नशे के सौदागरों पर नकेल कसना मेरी हमेशा प्रथमिकता रहेगी। स्थानीय ग्रामीण यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों व नशा बेचने वालों के खिलाफ खुलकर सामने आएं और उनकी शिकायत जिला पुलिस की यातायात हेल्पलाइन पर दें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर नकेल कसी जा सके। उन्होंने इस दौरान लोगों से अपील की है, अगर कोई सड़क दुर्घटना का शिकार होता है तो उसकी तुरंत सहायता करें और घायल को बिना किसी डर के नजदीक के अस्पताल पहुंचाएं।

### अनीता गवाना का हुआ एस्कॉर्ट टीचर चयन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत नौ दिवसीय स्टूडेंट टीचर एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अवैरी में कार्यरत अनीता गवाना का चयन एक एस्कॉर्ट टीचर के रूप में हुआ है। इस प्रोग्राम के तहत कांगड़ा जिले के 25 बच्चों का चयन हुआ है और ये बच्चे केरल जाकर वहां की संस्कृति, खान-पान और विभिन्न क्षेत्रों के बारे में जानकारी इकट्ठा करेंगे और एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रोग्राम को और भी ज्यादा सफल बनाएंगे। यह जानकारी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आवरी के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार वर्मा ने दी।

### संतुलित खेती को अपनानी होगी बहु-आयामी रणनीति

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** खाद्य सुरक्षा और सस्ते भोजन के लक्ष्य को सतत कृषि समाधान के जरिए हासिल करने के उद्देश्य से सिंजेंटा इंडिया ने विज्ञान आधारित बायोलॉजिकल उत्पादों के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने के लिए अपनी कार्ययोजना पेश की। मैनेजिंग डायरेक्टर सुशील कुमार ने कहा कि पर्यावरण अनुकूल और संतुलित खेती सुनिश्चित करने के लिए हमें बहु-आयामी रणनीति अपनानी होगी। नए बायोलॉजिकल उत्पाद हमारे उन सर्वोत्तम उपायों में से एक हैं, जो मिट्टी की गुणवत्ता को सुधारते हैं, फसलों की सहनशक्ति बढ़ाने और किसानों को समग्र समाधान देने के लिए बनाए गए हैं। सुशील ने कहा कि वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में किसान कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। खाद्य शृंखला और खाद्य अवशेषों के बेहतर प्रबंधन के प्रति जनता का दबाव, खेती के विकल्पों को और सीमित कर देता है। कीटों में प्रतिरोधक क्षमता विकसित होने और उनके व्यवहार में बदलाव के कारण समाधान की प्रभावशीलता कम हो रही है, जिससे नई कार्यप्रणालियों की आवश्यकता है। सुशील ने कहा कि आधुनिक कृषि को साकार करने के लिए हमें नए उपकरणों की जरूरत है। इस चुनौती का सामना करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास जरूरी है और नई तकनीक के बायोलॉजिकल एवं बीज उपचार इस बदलाव की अग्रिम पंक्ति में हैं।

### दियाला, जिया में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विद्युत उपमंडल नंबर-2 पालमपुर के तहत 11 केवी गोपालपुर के तहत आने वाले उपभोक्ताओं जिया, खारटी, एम एंड टी जिया, दियाला, बनेर कॉलोनी, डाढ़, चमोटू तथा कुडन इत्यादि के उपभोक्ताओं की बिजली 3 मई (शनिवार) को 33/11 केवी बिजली लाइनों के उचित रखरखाव के लिए बिजली आपूर्ति सुबह 9 बजे से सायं कार्य समाप्ति होने तक बाधित रहेगी। एसडीओ रजनीश कुमार ने उपभोक्ताओं से इस दौरान सहयोग करने की अपील की है।

# पंजाब किंग्स को धर्मशाला में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला आईपीएल मैचों की मेजबानी पूरी तरह से तैयार है। धर्मशाला ने अब तक आईपीएल के कुल 12 मैचों की मेजबानी की है, जिसमें से 7 पहले बैटिंग करने वाली टीम ने मैच जीते, जबकि बाद में बैटिंग करने वाली टीम ने पांच मैचों में जीत हासिल की। पहली पारी का औसत स्कोर एचपीसीए स्टेडियम में 152 रन का रहा। आईपीएल में पंजाब किंग्स की टीम अपने दूसरे होम ग्राउंड धर्मशाला में अब तक कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सकी है। धर्मशाला में अब तक पंजाब ने आईपीएल सिर्फ 5 में जीत मिली, जबकि 8 में हार झेलनी पड़ी है।

पंजाब ने आखिरी बार 18 मई 2013 को इस मैदान पर मुंबई इंडियंस को 50 रनों से हराया था। इसके बाद धर्मशाला में पंजाब की जीत का ग्राफ लगातार गिरा। 2013 के बाद लंबे समय तक यहां आईपीएल का कोई मैच नहीं हुआ। हालांकि, 2023 और 2024 में यहां चार मैच खेले गए, लेकिन पंजाब इन सभी मुकाबलों में हार गई थी। अब एक बार फिर टीम धर्मशाला में वापसी कर रही है और इस बार प्रदर्शन में सुधार की उम्मीद की जा रही है। लखनऊ से धर्मशाला में किंग्स की पहली भिड़ंत होगी। दिल्ली के खिलाफ पंजाब ने यहां चार मैचों में दो में जीत, दो में हार का सामना किया है। मुंबई के खिलाफ एकमात्र मैच पंजाब के पक्ष में रहा। श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब किंग्स के खिलाड़ी इस बार धर्मशाला के स्टेडियम में जीत की तलाश में उतरेंगे, जहां टीम के लिए घरेलू मैदान का दबाव और ऐतिहासिक आंकड़े दोनों ही बड़ी चुनौती हैं। (अनंत ज्ञान)

### पिच में मिलता है तेज गेंदबाजों को फायदा

**स्टेडियम** में खेले जाने वाले मुकाबलों को लेकर अगर पिच रिपोर्ट की बात करें तो बता दें कि धर्मशाला की पिच पर बल्ले और गेंद दोनों से ही अच्छा प्रदर्शन देखने को मिलता है। गेंद को उछाल मिलता है और बल्लेबाज भी रन बनाते हुए महफिल लूटते हुए नजर आते हैं। जैसे-जैसे मैच शुरू होता है तो तेज गेंदबाजों को फायदा मिलता है, लेकिन कोई बैटर अगर एक बार पिच पर जम जाए तो बल्लेबाजों को खूब फायदा मिलता है।

### मैचों के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी : अविनीश परमार

एचपीसीए के सचिव अविनीश परमार ने बताया कि मैचों के आयोजन को लेकर स्टेडियम में सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मैचों को लेकर दर्शकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आईपीएल के तीन मैचों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम धर्मशाला में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। 4, 8 और 11 मई को होने वाले मैचों के दौरान दर्शकों को कड़े नियमों का पालन करना होगा। स्टेडियम में 30 से अधिक वस्तुएं प्रतिबंधित रहेंगी। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित वस्तुओं की सूची टिकटों पर भी उपलब्ध कराई गई है। स्टेडियम में खाने-पीने की व्यवस्था उपलब्ध होगी, इसलिए बाहर से कुछ भी लाना मना है। धूम्रपान पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। परमार ने दर्शकों को सलाह दी गई है कि वे चांदी या लोहे के कड़े पहनकर न आएं, क्योंकि पहले कई बार चेकिंग के दौरान ऐसे कड़े निकलवा लिए गए थे, जो बाद में खो गए।

### नई जोड़ी



सुंदरनगर (भनबाड) के योगेंद्र ठाकुर और करसोग माहूनाग की नीलम को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक



सुंदरनगर के सोनू और लतू को सादी की 15वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## निनिन व मुस्कान ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा



कैप्टन विक्रम बत्रा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज शर्मा ने बधाई दी।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**कैप्टन** विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के एमएससी जूलॉजी चतुर्थ सेमेस्टर के दो छात्रों नितिन और मुस्कान ने मार्च माह में आयोजित प्रतिष्ठित सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। दोनों ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) भी प्राप्त हुई है, जो शोध के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित मान्यता है।

कॉलेज के प्राचार्य प्रो. पंकज शर्मा ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह गौरव का विषय है कि अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल हुए बिना भी उन्होंने यह कठिन परीक्षा उत्तीर्ण की है। पंकज शर्मा ने प्राणीशास्त्र विभाग के प्रो. डॉ. बोविंदर कटोच और डॉ. अनुराधा शर्मा के शैक्षणिक मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग की विशेष रूप से सराहना की है। उन्होंने बताया कि एमएससी जूलॉजी पाठ्यक्रम कॉलेज में 2023-24 से शुरू हुआ है और ये दोनों छात्र प्रथम बैच से अध्ययनरत हैं, ऐसे में इस सफलता का महत्व और बढ़ जाता है। दोनों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और कॉलेज प्रशासन को दिया है।

## बिना प्रशिक्षण के अभ्यर्थी दे सकेंगे टेट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा जून 2025 को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। वहीं डॉ . मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा बीते कुछ वर्षों से समावेशी शिक्षा में क्रॉस डिसेबिलिटी क्षेत्र में शिक्षण का छह माह का प्रशिक्षण आयोजित नहीं किया गया है। यह प्रशिक्षण विशेष शिक्षक टेट 2025 में शामिल होने के लिए एक अनिवार्य योग्यता है, जिसके अभाव में कई उम्मीदवार परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पा रहे थे। जनहित में इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड ने 10 अक्टूबर 2024 के तहत निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में आंशिक छूट देने का निर्णय लिया है। चयन के पश्चात उन्हें यह प्रशिक्षण सेवाकाल में अनिवार्य रूप से पूरा करना होगा। ऐसे अभ्यर्थी 7 मई से 9 मई तक बिना बिलंब शुल्क के विशेष शिक्षक टेट के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## टांडा में एक्स-रे मशीन खराब, मरीज परेशान

### एक मशीन कर रही काम, घंटों लाइनों में खड़े रहे मरीज

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



मेडिकल कॉलेज टांडा में एक्स-रे करवाने के लिए लाइनों में खड़े मरीज।

**डॉक्टर** राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट में स्थापित दो एक्स-रे मशीनों में से एक के खराब होने से मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को टांडा में दूरदराज से आए मरीज जो सुबह से ही एक्स-रे करवाने के लिए घंटों तक भूखे-प्यासे लाइनों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

अस्पताल में आने वाले रोगी भरमौर से रफीक, चुवाड़ी से मैदान लाल बिलासपुर से पुरुषोत्तम, तियारा से सरला देवी इत्यादि को स्ट्रेचर से आना पड़ा, लेकिन उन्हें भी काफी परेशानियों से जूझना पड़ा। वहीं, सुरक्षाकर्मियों व एक्स-रे फार्म जमा करवाने व एक्स-रे लेने आए लोगों में विवाद छिड़ गया। रोगियों का कहना था कि यहां पर ऊंची पहुंच वाले रोगियों के हो रहे हैं। इतना ही नहीं रोगियों ने तैनात सिक्योरिटी में तैनात कर्मचारियों पर अभद्र व्यवहार करने के आरोप भी लगाए। यहां तक कि तमाम रोगी नाराजगी जताते हुए देखे गए। वहीं, लोगों ने टांडा प्रशासन से मांग कि है इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए इसका जल्द से हल निकाला जाए, ताकि मरीजों को समस्या से न परेशान करना पड़े।

> उक्त समस्या आपके माध्यम से ध्यान में आई है। इस एक्स-रे मशीन को ठीक करवाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल में कोई भी कर्मचारी किसी से भी अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं कर सकता है, अगर ऐसी कोई भी शिकायत उनके पास आती है, तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-डॉक्टर विवेक बनियाल, एमएस, टांडा**

## विकास खंड सुलह के डिपो होल्डरों ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा एक और पत्र

**राकेश डोगरा, डरोह**



ब्लॉक भेडूमहादेव में मीटिंग करते डिपो होल्डर।

विकास खंड सुलह के डिपो होल्डरों यूनियन ने भेडूमहादेव में मीटिंग की और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नाम अपनी मांगों के बारे में पत्र भेजा है। पत्र में लिखा कि तमाम डिपो होल्डरों की वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं है, जिसके चलते एपीएल आटा चावल की कमीशन बढ़ाई जाए।

डिपो खोलने के लिए कम से कम 1500 की जनसंख्या होना अनिवार्य शर्त की जाए। होट स्पोट का खर्चा संबंधित डिपो होल्डर के बैंक खाते में जमा करना सुनिश्चित किया जाए। सरकार के घोषणा पत्र में सेल्समैन को 25000 मासिक वेतन देने की घोषणा की गई है, उसे सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने 1 मई को भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि लगभग दो महीने होने के बाद भी हमारी मांगों के बारे में आपकी ओर से कोई जवाब न मिलने के कारण संघ इकाई की ओर से आपको दोबारा पत्र भेजा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## केंद्रीय विवि के प्रो. नायर रॉयल जियोग्राफिकल सोसायटी लंदन के फेलो नामित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के प्रो. प्रदीप नायर शोध निदेशक और विभागाध्यक्ष, न्यू मीडिया विभाग को वर्ष 2025-2026 के लिए रॉयल ज्योग्राफिकल सोसायटी लंदन का फेलो नियुक्त किया है। यह यूरोप की सबसे बड़ी ज्योग्राफिकल सोसाइटी और दुनिया में सबसे बड़ी आरजीएस-आईबीजी में से एक है, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करता है। यह सोसायटी भूवैज्ञानिक विज्ञान की व्यापक सार्वजनिक ज्ञान साझा करने के साथ-साथ अनुसंधान, शिक्षा और प्रशिक्षण का कार्य करती है।



रॉयल ज्योग्राफिकल सोसाइटी (आरजीएस) का फेलो होना अत्यधिक प्रतिष्ठित विषय है, जो भौगोलिक विज्ञान और अन्वेषण में महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देता है। वर्ष 1830 में स्थापित इस सोसाइटी को इन क्षेत्रों में दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक माना जाता है।

## अंडर-10 की जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट का ट्रायल 4 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** जिले की अंडर-12 व अंडर-10 की जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट की ट्रायल का आयोजन 4 मई को सिंथेटिक स्टेडियम धर्मशाला में होगा। इस प्रतियोगिता में अंडर-12 (लड़के व लडकियों) के लिए 60 मीटर रेस, लांग जंप, बॉल थ्रो व किड्स जवेलियन व अंडर-10 (लड़के व लडकियों) में 30 मीटर रेस, लांग जंप, थ्रो बॉल और किड्स जवेलियन थ्रो का आयोजन होगा, जो खिलाडी इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं व सुबह 8:30 बजे अपनी किट व आयु प्रमाण पत्र व 100 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस के साथ इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता के आधार पर ही जिला कांगड़ा की टीम का चयन किया जाएगा, जो 10 मई को बिलासपुर में होने वाली राज्य किड्स एथलेटिक्स प्रतोयोगिता में कांगड़ा जिले की टीम का प्रतिनिधितव करेंगे। राज्य वेटेरन एथलेटिक्स मीट का आयोजन भी 10 मई को बिलासपुर में किया जाएगा।

## वाइल्ड लाइफ विंग को भी शिमला से लाया जाए धर्मशाला : देवेंद्र जग्गी

**कहा- सरकार कांगड़ा को टूरिज्म कैपिटल बनाने की दिशा में बढ़ा रही कदम**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** की राजधानी शिमला में पिछले 53 वर्षों से संचालित एचपीटीडीसी मुख्यालय को धर्मशाला शिफ्ट करने पर कांग्रेस नेताओं ने खुशी जताई है। शिमला से जो भी कार्यालय जिला कांगड़ा में शिफ्ट किए जाने हैं, उन्हें सरकार धर्मशाला स्थित सरकारी भवनों में स्थापित करे।

एचपीटीडीसी मुख्यालय को धर्मशाला में शिफ्ट करके सरकार कांगड़ा जिले को टूरिज्म राजधानी बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। यह बात कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि एचपीटीडीसी मुख्यालय को धर्मशाला शिफ्ट करने पर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू और एचपीटीडीसी के अध्यक्ष आरएस बाली का धन्यवाद करते हुए कहा कि वाइल्ड लाइफ विंग को भी शिमला से धर्मशाला लाया जाए। जग्गी ने कहा कि कांगड़ा एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है, जिसके तहत प्रभावितों को 350 करोड़ रुपए का मुआवजा वितरित किया जा चुका है, जबकि शेष मुआवजा भी जल्द दिया जाएगा।

जग्गी ने कहा कि कोतवाली बाजार के फव्वारा चौक का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इस पर निगम की ओर से 70 लाख रुपए व्यय किए जा रहे हैं। यहां पर फाउंटेन बनाया जाएगा और शहीद भगत सिंह की प्रतिमा को ऊंचा किया जाएगा। सीयू के सवाल पर जग्गी ने कहा कि सीएम ने इस बारे में शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। धर्मशाला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के मामले को सरकार के समक्ष उठाया है, जल्द समस्या का समाधान किया जाएगा।

## जहरीली वस्तु खाने से 43 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला पुलिस थाना के तहत एक व्यक्ति की किसी जहरीली वस्तु के खाने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, 43 वर्षीय व्यक्ति पिछले लंबे समय से शराब का सेवन कर रहा था। परिजनों ने बताया कि हमें मालूम नहीं कि इसने क्या खाया, जिसके कारण इसकी तबीयत खराब हुई। उसे उपचार के लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा ले जाया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

**अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी नूरपुर जिला कांगडा हि.प्र. ।**

1. श्री राजेश सिंह पुत्र श्री वीर सिंह गांव रिट झिकली डा. रिट उपरली तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ............वादी

वनाम

**आम जनता** ................प्रतिवादी

इस ईश्तहार अखवार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री राजेश सिंह पुत्र श्री वीर सिंह गांव रिट झिकली डा. रिट उपरली तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.) ने एक प्रार्थना पत्र गुजारा है, जिसमें निवेदन किया है कि उसका सही नाम राजेश सिंह पुत्र वीर सिंह है परन्तु महाल रिट झिकली के राजस्व रिकार्ड में राजेश कुमार पुत्र श्री वीर सिंह दर्ज है, जो कि गलत है। इसका नाम की महाल रिट झिकली के राजस्व रिकार्ड में दरुस्ती की जाए ।

प्रतिवादी आम जनता को इस ईश्तहार अखवार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थी के नाम की दरुस्ती होने पर कोई आपति हो तो वह 15 दिन के अन्दर इस न्यायालय मे असालतन या वकालतन हाजिर होकर एतराज दायर कर सकता है। अन्यथा यह समझा जायेगा कि किसी को नाम दरुस्ती पर आपत्ति नहीं है। अत: नियमानुसार नाम दरुस्ती के आदेश जारी कर दिये जायेंगे। आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

ह/-

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी नूरपुर जिला कांगड़ा ( हि.प्र. )**

**खनन** | **उपमंडल नूरपुर में मशीनरी लगाकर दिन-रात अवैध खनन जारी, बेखौफ होकर प्रदेश के खनिजों को लूटने में लगे माफिया**

# खनन माफिया कर रहे चक्की खड्ड का सीना छलनी

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

**उपमंडल** नूरपुर की चक्की खड्ड में अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। दिन के उजाले और रात के अंधेरे में खनन माफिया बड़ी मशीनरी लगाकर चक्की का सीना छलनी करने में जुटा है। आलम यह है कि पहले दिन यहां की खड्ड समतल होती है और अगले कुछ ही पलों के बाद उक्त जगह गहरी खाइयों में तब्दील हो जाती है।

माफिया नियमों को ताक पर रखकर खनन को अंजाम दे रहे हैं। रात के अंधेरे में खनन माफिया बड़ी मशीनरी लगाकर चक्की का सीना छलनी करने में जुटा हुआ है। अब आलम यह है कि दिन के उजाले में भी खनन माफिया के लोग बेखौफ होकर प्रदेश के खनिजों को लूटने में लगे हुए हैं। (अनंत ज्ञान)



चक्की खड्ड में अवैध खनन में जुटा माफिया।

### लोगों का आरोप, राजनीतिक शह से लगा रहे चूना

**चक्की** दरिया के किनारे बसे गांवों खन्नी, परगना व मैरा बदुही के लोगों का आरोप है कि किसी बड़ी राजनीतिक शह पर खनन माफिया बेलगाम होकर एक तरफ प्रदेश की खनन संपदा का नाजायज दोहन कर प्रदेश के राजस्व को चूना लगा रहा है, दूसरे उपरोक्त गांव के लोगों की जमीन का जलस्तर भी काफी नीचे चला गया है, जिससे खेती करना दुश्वार हो गया है।

> सूचना मिलते ही पुलिस दल ने चक्की क्षेत्र में दबिश दी, लेकिन माफिया मौके से भागने में कामयाब रहा। अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।
>
> **-विशाल वर्मा, डीएसपी, नूरपुर।**

### पुलिस के पहुंचने से पहले फरार हो जाते खनन माफिया

अनंत ज्ञान खास खबर

**पुलिस** या उपमंडल प्रशासन जब किसी कार्रवाई के लिए दल-बल सहित दबिश देता है, तो माफिया अपने नेटवर्क के जरिये मौके से फरार हो जाते है। लोगों का कहना है कि माफिया के गुर्गे नागाबाड़ी, बदूही, परगना, खन्नी व मैरा आदि क्षेत्रों में सड़क पर पहरा दे रहे होते हैं। जैसे ही पुलिस या कोई अन्य विभाग उधर से गुजरता है, तो यह फोन के माध्यम से माफिया को सूचित कर देते हैं, उन्हें मौके से भागने का वक्त मिल जाता है। गत वीरवार को भी खन्नी क्षेत्र के कुड्डी, मैरा, बिल्ला टाल नाला आदि में दर्जनों जेसीबी और टिप्पर अवैध खनन में जुटे हुए थे, तो लोगों ने प्रशासन को सूचित किया, लेकिन माफिया अपने नेटवर्क के सहारे एक बार फिर भागने में कामयाब हो गया। खनन माफिया के हौसलों से पिछले कई साल से चल रहे खनन की वजह से चक्की खड्ड पर बने हैरिटेज कांगड़ा घाटी रेल का ब्रिज भी बीच से टूटकर बह गया था, जो आज तक भी नहीं बन पाया है। इससे पठानकोट से जोगिंद्रनगर तक के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का आना-जाना सफर दुश्वार हो गया था। यह सफर पिछले दो महीने से नूरपुर रोड से लोगों की ओर से काफी आंदोलनों के बाद शुरू किया गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बीर विकास खंड सदर मंडी**

ग्राम पंचायत बीर विकास खंड सदर मंडी जिला मंडी आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित्त वर्ष 2025-26 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरचंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 19.05.2025 को 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएगी व दिनांक 20.05.2025 को अपराहन 11.00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

1. रेत (KANSA QUERRY)- Per cubic meter, 2. रेत (CRUSHER) -Per cubic meter, 3. बजरी (20MM KANSA QUERRY) - Per cubic meter, 4. बजरी (10, 20, 40 MM CRUSHER)- Per cubic meter, 5. सोलिंग/बोल्डर पत्थर- Per cubic meter, 6.पत्थर (CUT STONE) Per cubic meter, 7. ईट -Per brick/per thousand, 8. जेसीबी कार्य ढुलाई व ब्रेकर -Per hour , 9. सेटरिंग लकड़ी, स्टील इत्यादि -Per sqm, 10. सीमेंट किराया HPS CSC Depot Per Bags

**शर्तें:** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीयन पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है। 2. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएं। 3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता की व विभाग से हस्ताक्षरित एम-फार्म जमा करवाने होंगे। 4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. निविदादाता प्रति सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करन, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। 7. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाड़ी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी। 8. निविदाता को 20000/-रू धरोहर राशि साथ में जमा करवानी होगी। और सूचना पट के निविदाता को 5000रू-/ धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बीर विकास खंड सदर मंडी**

## न्यूज ब्रीफ

### मझीवड़ में सोने-चांदी के गहने चोरी

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** थाना सुन्नी के तहत मझीवड़ पंचायत के शील गांव में सोने व चांदी के गहने चोरी का मामला सामने में आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुन्नी दिलू राम ने बताया कि गत दिनों पुलिस को पीड़िता इंदिरा शर्मा पत्नी बिशन लाल निवासी शील मझिबड़ ने शिकायत दी है। इसमें उन्होंने कहा कि किसी ने घर का ताला तोड़ कर लगभग एक लाख के गहने चोरी कर दिए। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उनके सोने व चांदी के लगभग एक लाख की कीमत के गहने पर हाथ साफ किया। गहनों में सोने की चाक, सोने की अंगूठी, बालियां, झुमके, सोने की नथ, चांदी की पायल, 5 चांदी के कलश और तीन जोड़ी चांदी के कंगन शामिल है। बहरहाल पुलिस ने मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी दिलु राम शर्मा ने बताया कि पुलिस छानबीन कर रही है।महिला ने आरोपी पर शक जाहिर किया है।

### संजीवनी परिवार ने किया एसडीएम का स्वागत

**दशमी रावत, रोहडू।** एसडीएम रोहडू धर्मेश रमोत्रा ने अपने कार्यालय में कार्यभार संभाल लिया है। इस अवसर पर सामाजिक संस्था संजीवनी परिवार ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। संस्था के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर पारंपरिक तरीके से उनका अभिनंदन किया। संजीवनी सहारा समिति द्वारा रोहडू उपमंडल में स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी एसडीएम से सांझा की गई। संस्था की सेवाओं से प्रभावित होकर एसडीएम रमोत्रा ने संजीवनी परिवार के प्रयासों की सराहना की और बताया कि ऐसी संस्थाएं समाज को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष गोपाल चौहान, कोषाध्यक्ष हरविंदर वालिया, सचिव हरनाम चौहान, सह सचिव सागर राठौर, प्रेस सचिव रविंदर शर्मा, राजेश चौहान, कुशाल नेगी, देस राज मेहता, राजेश चौहान, धर्मेंद्र चौहान, जोगी नेगी व विनोद मेहता आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### मुकेश ने संभाला कुमारसैन एसडीएम का पदभार

**आत्मा सिंह, कुमारसैन।** कुमारसैन उपमंडल का पदभार अब एसडीएम मुकेश शर्मा ने संभाल लिया है। उन्होंने पत्रकारों से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान कुमारसेन व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुधीर तनेजा तथा कोटेश्वर महादेव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रोहन पमराल ने भी एसडीएम से मुलाकात कर स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की। एसडीएम मुकेश शर्मा ने उन्हें क्रमबद्ध तरीके से समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा शहर को स्वच्छ रखने तथा पार्किंग व्यवस्था पर कार्य करना उनकी प्राथमिकताएं रहेगी। उल्लेखनीय है कुमारसैन मे सफाई व्यवस्था और पार्किंग समस्या के समाधान के लिए कई बार प्रयास किए गए, लेकिन बात सिरे नही चढ़ पाई। (अनंत ज्ञान)

### पर्यटन विकास निगम का मुख्यालय स्थानांतरित करना ऐतिहासिक निर्णयः त्रिलोक सूर्यवंशी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के राज्य मीडिया प्रभारी त्रिलोक सूर्यवंशी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम का कार्यालय धर्मशाला को स्थानांतरित करना सुक्खू सरकार का दीर्घकालीन सोच का ऐतिहासिक निर्णय है। इस ऐतिहासिक निर्णय का श्रेय जिला कांगड़ा के तेजतर्रार, गतिशील नेता हिमाचल पर्यटन विकास निगम के उपाध्यक्ष एवं हिमाचल पर्यटन विकास बोर्ड के अध्यक्ष आर एस बाली की दूरगामी सोच को जाता है। त्रिलोक सूर्यवंशी ने कहा कि आर एस बाली जी ने अपनी दृढ़ कार्यक्षमता से पहली बार निगम को वर्षों से चल रहे घाटे से उबारा है और निगम का मुख्यालय को स्थानांतरित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। त्रिलोक सूर्यवंशी ने कहा कि दीर्घकालीन सोच रखने वाले हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सत्ता में आते ही कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने का निर्णय लिया था और अब पर्यटन विकास निगम का मुख्यालय स्थानांतरित करने का फैसला उक्त निर्णय की पुष्टि करता है। त्रिलोक सूर्यवंशी ने कहा कि कांगड़ा जनपद पर्यटन की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है और हर वर्ष लाखों देशी विदेशी पर्यटक कांगड़ा घाटी में घूमने आते हैं। ऐसी स्थिति में पर्यटकों को अधिक से अधिक सुविधा देने के लिए पर्यटन विकास निगम का मुख्यालय स्थानांतरित करना दीर्घकालिक सोच रखने वाले प्रदेश के सीएम सुक्खू और इनके ऊर्जावान सहयोगी हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के अध्यक्ष की दूरगामी सोच का परिणाम है।

# पेड़ गिरने से 3 गाड़ियां क्षतिग्रस्त

## आईएसबीटी-टूटीकंडी मार्ग बंद, बाहरी राज्यों में जाने वाली बसें हुईं लेट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**राजधानी** शिमला में शुक्रवार को तेज बारिश और हवा के कारण आईएसबीटी और टूटीकंडी बाइफरकेशन पर एक बड़ा पेड़ बीच सड़क पर गिर गया। पेड़ के नीचे आने से सड़क किनारे खड़ी तीन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई।

गनीमत यह रही कि कोई राहगीर और उस दौरान यात्रियों से भरी कोई बस या अन्य वाहन इसकी चपेट में नहीं आया। मगर सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों को काफी नुकसान हुआ है।

पेड़ गिरने के बाद बाद हाईवे वाहनों के लिए पूरी तरह बंद हो गया। सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारे लग गई। इससे लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चे पैदल चलकर घरों को जा रहे है। सड़क पर पेड़ गिरने से लगे जाम की वजह से आईएसबीटी से बाहरी राज्यों और प्रदेश के अन्य क्षेत्रों को जाने वाली कई बसें भी लेट हुई है। स्थानीय प्रशासन मौके पर पेड़ को हटाने में जुटा हुआ है।



**तेज बारिश-तूफान से उखड़ा पेड़, 8 मई तक बारिश की संभावना**

**बता** दें कि शिमला में शुक्रवार सुबह से ही तेज बारिश हो रही है। इस दौरान बीच बीच में तेज हवाएं भी चल रही है। इससे बारिश के बीच बड़ा पेड़ सड़क पर आ गया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य आगामी 8 मई तक लगातार बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। इस दौरान कई स्थानों पर 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अंधड़ चलने व बिजली चमकने का येलो अलर्ट है।

## बंद रेस्टोरेंट में चल रहा था जुए का अड्डा, 10 लोग रंगे हाथ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**राजधानी** शिमला के कसुम्पटी क्षेत्र के शकराला में एक बंद पड़े रेस्टोरेंट पर छापा मारकर जुआ खेलते हुए दस लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वीरवार शाम उस समय हुई जब पुलिस की टीम क्षेत्र में जुआ और शराब के अवैध कारोबार की रोकथाम के लिए गश्त पर थी। जब छोटा शिमला पुलिस टीम एनएच-05 पर स्थित एक वेज एंड नॉनवेज रेस्टोरेंट के पास पहुंची तो उन्होंने देखा कि शटर बंद होने के बावजूद कुछ लोग भीतर-बाहर आ-जा रहे थे। इससे पुलिस को संदेह हुआ। तुरंत क्षेत्र की वार्ड सदस्य अनीता शर्मा को मौके पर बुलाया गया और उनकी मौजूदगी में रेस्टोरेंट का शटर खोलकर भीतर प्रवेश किया गया।

**पुलिस ने मौके पर 25,800 रुपए की नकदी भी की बरामद**

रेस्टोरेंट के अंदर कालीन बिछाकर दस व्यक्ति ताश के पत्तों से जुआ खेलते पाए गए। पुलिस को देख सभी आरोपियों ने ताश और नकदी फर्श पर फेंक दी, लेकिन पुलिस ने तुरंत उन्हें काबू में ले लिया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रमेश चंद, राजकुमार, बलदेव, राजवीर, जीत सिंह, समीर सिंह, नारायण सिंह, तोता राम, हस्त बहादुर और राधे श्याम के रूप में हुई है। ये सभी शिमला, सिरमौर और सोलन जिलों के निवासी हैं। पुलिस ने मौके से 25,800 रुपये की नकदी भी बरामद की है, जिसमें 500 रुपये के 47 नोट, 200 रुपये के 5 नोट और 100 रुपये के 13 नोट शामिल हैं। शिमला पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## कांग्रेस ने जातीय जनगणना का किया दुष्प्रचारः सुरेश कश्यप



भाजपा शिमला ग्रामीण मंडल सुन्नी की बैठक में मौजूद सांसद व अन्य पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

**शिमला** ग्रामीण सुन्नी मंडल की संगठनात्मक बैठक बसंतपुर स्थित सधाई माता मंदिर हाल में आयोजित हुई। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने शिरकत की। उन्होंने संगठन को मजबूत करने का सुझाव दिया। बैठक में संगठनात्मक विषयों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई एवं आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा को लेकर मार्गदर्शन किया।

इस दौरान विशेष तौर से उपस्थित सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश में जातीय जनगणना को लागू करना बड़ी उपलब्धि है। जनगणना से दलित और पिछड़े आदिवासियों को उनका अधिकार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना से सरकारी लाभों से वंचित और हाशिए पर रह रहे दलित, पिछड़े वर्ग और आदिवासियों को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केंद्र सरकार की इस उपलब्धि को पचा नहीं पा रही और कांग्रेस द्वारा उल्टा जातीय जनगणना का दुष्प्रचार किया जा रहा है। इस दौरान जिला अध्यक्ष केशव चौहान संसदीय क्षेत्र के महामंत्री अक्षय भरमौरी, मंडलाध्यक्ष शिमला ग्रामीण यश पाल ठाकुर, छविंद्र पाल, नारायण सिंह,संजय भारद्वाज,देव राज सहित लगभग 150 कार्यकर्ता बैठक में मौजूद रहे।

## कौशल आधारित शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही सरकार: रोहित

### शिक्षा मंत्री ने 13वीं जिलास्तरीय आईटीआई (महिला) खेलकूद प्रतियोगिता में की शिरकत

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जुब्बल में 13वीं जिलास्तरीय आईटीआई महिला खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

समारोह में उपस्थित प्रतिभागियों, स्थानीय लोगों एवं अन्य संस्थानों से आये शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गुणवत्ता युक्त शिक्षा के विषय में गंभीरता से कार्य कर रही है और विशेषकर कौशल आधारित शिक्षा पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। इसी दृष्टि से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जुब्बल में सोलर टेक्निशियन का नया ट्रेड शुरू किया गया है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि इंजीनियरिंग महाविद्यालय प्रगतिनगर के सर्वांगीण विकास हेतू 48 करोड़ रुपए स्वीकृत किये गए हैं। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, मोटर व्हीकल का कोर्स शुरू किया गया है। इंजीनियरिंग कॉलेज में बी-टेक सिविल इंजीनियरिंग का कोर्स शुरू किया गया है। वहीं पॉलिटेक्निक कॉलेज में इलेक्ट्रीशियन के कोर्स को फिर से शुरू किया गया है।

उन्होंने कहा कि नावर क्षेत्र में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान टिक्कर के भवन का निर्माण कार्य 5 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किया गया है। और इस बार इस संस्थान ने कोपा का नया कोर्स भी शुरू किया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार परक और गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार गंभीर है। वहीं खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार ने जरूरी कदम उठाए हैं। जुब्बल स्थित खेल छात्रावास में जहां इससे पूर्व केवल वॉलीबाल का प्रशिक्षण दिया जाता था वहीं अब कबड्डी और बैडमिंटन का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को घर द्वारा पर ही उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त होगा। शिक्षा मंत्री ने प्रतियोगिता में जीती हुई टीमों को पुरस्कार वितरित किये। उन्होंने सांस्कृतिक नृत्य दल शिमला और एकल गायन दल कुमारसैन की प्रत्येक छात्रा को 2 हजार देने की भी घोषणा की। (अनंत ज्ञान)



जुब्बल में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर प्रतिभागियों के साथ।

### 30 जून तक पूरा करें शहरी आजीविका भवन का निर्माण कार्य

**कैबिनेट** मंत्री ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जुब्बल परिसर में 10 करोड़ 44 लाख की लागत से निर्माणाधीन शहरी आजीविका भवन का भी निरीक्षण किया। आधुनिक तकनीक से बनने वाले भवन का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने निर्माण से सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को 30 जून तक कार्य को पूरा करने के निर्देश दिये।

## बिखर चुकी है कांग्रेस, नारा लगा रही संविधान बचाने का: त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कांग्रेस सरकार और उसके संगठन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि संविधान बचाओ के नाम पर कांग्रेस नेता केवल अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने में जुटे हुए हैं। बिलासपुर में पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से सरकार और संगठन के खिलाफ खुलकर भड़ास निकालना इसका ताजा उदाहरण है।

**बोले- कांग्रेस नेताओं में एक दूसरे को नीचा दिखाने की होड़**

कांग्रेस ने अपने इस अभियान का नाम 'संविधान बचाओ' रखा है, लेकिन बैठक में संविधान और इसके निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में चर्चा तक नहीं की गई। गुटबाजी ने इस बात का अहसास बखूबी करवा दिया है कि कांग्रेस सरकार और उसका संगठन पूरी तरह से बिखर चुका है। आम लोगों के साथ ही अपने कार्यकर्ताओं का विश्वास भी गंवा चुकी इस सरकार को सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है।

त्रिलोक ने कहा कि कांग्रेस सरकार हर मोर्च पर नाकाम साबित हो चुकी है। हालांकि, भाजपा के ऐसे आरोपों को कांग्रेस राजनीति से प्रेरित करार देती रही है, लेकिन बिलासपुर में गत वीरवार को आयोजित बैठक में कांग्रेस के अपने ही कार्यकर्ताओं ने भाजपा के आरोपों पर मुहर लगा दी है। निष्क्रियता के आरोप लगाते हुए उन्होंने सरकार और संगठन को कटघरे में खड़ा कर दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो टूक कहा कि न तो विकास कार्य हो रहे हैं और न ही उनके काम। ओएसडी, चेयरमैन और सलाहकारों आदि की फौज खड़ी करके उन पर पैसा लुटाया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तो यहां तक कह दिया कि मुख्यमंत्री के पास हवाई सैर के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है, लेकिन ठेकेदारों को पेमेंट नहीं हो रही है।

## कांग्रेस पार्टी कर रही अपने ही अस्तित्व के लिए संघर्ष: महेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने बिलासपुर में आयोजित कांग्रेस पार्टी की बैठक पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि बैठक में यह बात सामने आई कि कांग्रेस आज न तो अपने कार्यकर्ताओं का विश्वास कायम रख पा रही है और न ही जनता से किए वादों को पूरा कर पाई है। धर्माणी ने कहा कि कांग्रेस की यह दुर्दशा उसकी नीतिगत अस्थिरता, जनविरोधी रवैये और नेताओं के आत्ममुग्ध रवैये का परिणाम है। आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की ओर अग्रसर है, कांग्रेस उस विकास के मार्ग में बाधा बन रही है। उन्होंने दो टूक कहा कि संविधान पूरी तरह सुरक्षित है और देश का लोकतंत्र मजबूत हाथों में है, जो लोग संविधान को खतरे में बताकर भ्रम फैला रहे हैं, वे असल में अपनी राजनीतिक जमीन खिसकते देख बौखलाहट में हैं। बैठक में कांग्रेस के भीतर व्याप्त अव्यवस्था जगजाहिर हो गई है। कांग्रेस के कार्यकर्ता अब अपने नेताओं की बात सुनने को तैयार नहीं हैं।

# एनडीए की लिखित परीक्षा में चमके मिनर्वा स्टडी सर्किल के 3 होनहार

## हर्षित, तन्मय व रुजुल ने किया जिले और प्रदेश का नाम रोशन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

मिनर्वा संस्थान घुमारवीं के छात्रों ने एक बार फिर देश की सेवा में आगे बढ़ने को कदम बढ़ाया है। एनडीए की लिखित परीक्षा में मिनर्वा स्टडी सर्किल के तीन छात्रों ने कामयाबी हासिल की है।

प्रबंधन ने शुक्रवार को इन होनहारों को एक सादे समारोह में सम्मानित किया। 13 अप्रैल को हुई एनडीए (राष्ट्रीय रक्षा अकादमी) की लिखित परीक्षा का रिजल्ट आया है, जिसमें मिनर्वा स्टडी सर्किल के छात्र हर्षित वर्धन, तन्मय कौशल व रुजुल ठाकुर ने सफलता हासिल की है। यह उपलब्धि न सिर्फ मिनर्वा संस्थान के लिए गर्व की बात है, बल्कि इन छात्रों की मेहनत, अनुशासन और देशभक्ति की भावना को भी दर्शाती है।

मिनर्वा स्टडी सर्किल के प्रबंधक राकेश चंदेल ने बताया कि यूपीएससी परीक्षा में सफल हुए ये छात्र अब रक्षा मंत्रालय के सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) के इंटरव्यू की तैयारी में जुट गए हैं। राकेश ने बताया कि छात्रों ने कठिन परीक्षा प्रक्रिया को पार कर यह सिद्ध किया है कि वे भविष्य में भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में जाकर देश सेवा के लिए तैयार हैं।



मिनर्वा प्रबंधन ने होनहारों को सादे समारोह में सम्मानित किया।

### प्रधानाचार्य प्रवेश ने छात्रों को दी बधाई

**मिनर्वा** स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्रों ने अपने माता-पिता, स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि केवल स्कूल के लिए नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। यह सफलता बच्चों की मेहनत व अध्यापकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को शैक्षणिक रूप से सक्षम बनाने के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति और सेवा भावना विकसित करना है। उन्होंने सभी अध्यापकों व बच्चों तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

## संवेदना संस्था ने की पुलिस कर्मी पर हमला करने के प्रयास की निंदा



घुमारवीं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते संवेदना संस्था के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**संवेदना** संस्था घुमारवीं ने हाल ही में घुमारवीं बाजार में घटित एक घटना, जिसमें एक पुलिसकर्मी की ओर से जम्मू-कश्मीर के व्यक्तियों से पहचान पत्र और पंजीकरण की जानकारी मांगे जाने पर, उनमें से एक द्वारा पुलिसकर्मी पर कुल्हाड़ी से हमला करने का प्रयास करने की कड़ी निंदा की है।

संस्था का कहना है कि यह घटना न केवल कानून व्यवस्था को चुनौती देती है, बल्कि शहर की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े करती है। संस्था ने थाना प्रभारी घुमारवीं अमिता चौधरी को एक ज्ञापन सौंपते हुए सभी कश्मीरी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि यदि स्थानीय व्यापारियों की ओर`स बीच-बचाव न किया होता तो वह पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो सकता था या उसकी जान भी जा सकती थी। यह घटना दर्शाती है कि यदि पुलिस भी असुरक्षित है, तो आम नागरिकों भी सुरक्षित नही है। संवेदना संस्था एवं स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि उक्त प्रवासी व्यक्तियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और सभी बाहरी लोगों का पहचान व पंजीकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, संस्था ने यह भी मांग रखी कि जो मकान मालिक बिना सूचना व शपथ पत्र के ऐसे बाहरी लोगों को किराए पर कमरे दे रहे हैं,ख उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए।

**बातचीत** डीसी बोले- प्रशासनिक पारदर्शिता और योजनाओं के क्रियान्वयन पर रहेगी प्राथमिकता

# पर्यटन और महिला सशक्तिकरण पर फोकसः राहुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** के नए उपायुक्त के रूप में कार्यभार संभालने के बाद राहुल कुमार ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को प्राथमिकता रहेगी।

प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाएं निष्पक्ष एवं समयबद्ध ढंग से लागू की जाएंगी, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। डीसी ने कहा कि बिलासपुर प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध जिला है, जिसे योजनाबद्ध ढंग से विकसित किया जाएगा। बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि स्थानीय युवाओं को स्वदृरोजगार के अवसर मिलें।



बिलासपुर में प्रेसवार्ता करते नवनियुक्त उपायुक्त राहुल कुमार।

उन्होंने बताया कि गोबिंदसागर झील में जलक्रीड़ा गतिविधियां पहले ही शुरू हो चुकी हैं और अगला लक्ष्य पर्यटकों की संख्या में इजाफा करना है। इसके लिए एक विशेष प्रचार रणनीति तैयार की जाएगी, जिससे राज्यभर और देश के अन्य हिस्सों से पर्यटक बिलासपुर की ओर आकर्षित हों। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से होटलों, रेस्तरां, टैक्सी सेवाओं, गाइडों तथा अन्य पर्यटन सेवाओं की मांग में वृद्धि होगी, जिससे युवाओं, महिलाओं एवं स्वयं सहायता समूहों के लिए आजीविका के नए अवसर सृजित होंगे। महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रयासों की जानकारी देते हुए राहुल ने कहा कि स्थानीय स्तर पर महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद एवं पारंपरिक वस्तुओं को बड़े बाजारों से जोड़ा जाएगा, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार की सभी विकास परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाएगी ताकि उनका समयबद्ध और गुणवत्ता युक्त क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। इनमें आवासीय स्कूलों का निर्माण, सड़क विस्तार, पेयजल योजनाएं तथा स्वास्थ्य व शिक्षा से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर, एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह, जिला जनसंपर्क अधिकारी मीना बेदी तथा जिला मुख्यालय में कार्यरत विभिन्न मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## हिमाचल पेंशनर फेडरेशन ने की सेवानिवृत्ति आयु 59 वर्ष करने के प्रस्ताव की निंदा

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** हिमाचल पेंशनर फेडरेशन ने कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 से बढ़ाकर 59 वर्ष करने के प्रस्ताव को बेरोजगार युवाओं के साथ 'घोर अन्याय और धोखा' करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। फेडरेशन ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कैबिनेट मंत्रियों से 5 मई को होने वाली कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा, महासचिव टीडी ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमरनाथ धीमान, वित्त सचिव डीडी शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने का फैसला लाखों बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने तर्क दिया कि जिन युवाओं ने परीक्षाओं की तैयारी में अपना अमूल्य समय लगाया, उन्हें इस तरह के तुगलकी फरमान से हताश किया जा रहा है। फेडरेशन ने चेतावनी दी कि युवाओं की अनदेखी सरकार के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकती है।

# आईटीआई बरठीं में 18वीं जिला स्तरीय खेलकूद स्पर्धा का आगाज



18वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ पर सामूहिक चित्र में वॉलीबाल महिला खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**झंडूता** उपमंडल के बरठीं क्षेत्र में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बरठीं में 18वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम (महिला वर्ग) का आगाज हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमाकांत ढटवालिया ने किया। इस स्पर्धा में जिले की पांच आईटीआई की लगभग 120 छात्राएं भाग ले रही हैं।

पहले दिन महिला आईटीआई बिलासपुर और संतोषी आईटीआई घुमारवीं के बीच वॉलीबाल मुकाबला हुआ। आगामी दो दिन कबड्डी, बैडमिंटन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस प्रतियोगिता का समापन 4 मई को होगा। आईटीआई बरठीं के प्रधानाचार्य सचिन शर्मा ने मुख्य अतिथि रमाकांत ढटवालिया को स्मृति चिन्ह, पारंपरिक टोपी और शाल भेंटकर सम्मानित किया।

## एम्स बिलासपुर की गवर्निंग बॉडी में हर्ष महाजन की एंट्री

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश की राजनीति में एक और बड़ा मोड़ सामने आया है। वरिष्ठ बीजेपी नेता और राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन को एम्स बिलासपुर की इंस्टीट्यूट बॉडी का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के जरिए की गई है, जिसके प्रमुख जेपी नड्डा हैं जो स्वयं बिलासपुर से आते हैं और एम्स बिलासपुर के निर्माण के मुख्य सूत्रधार रहे हैं। अब एम्स बिलासपुर की गवर्निंग बॉडी में उनकी नियुक्ति, राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, बीजेपी की रणनीतिक बढ़त का हिस्सा है। यह कदम न केवल स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती देगा, बल्कि जेपी नड्डा के प्रभाव क्षेत्र में पार्टी की पकड़ और मजबूत करेगा।



एम्स बिलासपुर में स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से एक ऐतिहासिक और बहुप्रतीक्षित परियोजना रही है। इसके संचालन में महाजन की भागीदारी को बीजेपी के आगामी चुनावी रण की भूमि तैयार करने के तौर पर देखा जा रहा है।

# खाई में गिरी कार, दो युवकों की मौत

## चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर दवालु पुल के पास पेश आया हादसा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** जिले में बीती रात दिल दहला देने वाला सड़क हादसा पेश आया, जब पठानकोट-चंबा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित दवालु पुल के समीप एक मारुति कार (एचपी 39ए 7914) अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस भीषण दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

जानकारी के अनुसार यह कार बनीखेत से लाहड़ की ओर जा रही थी, जिसे अमित कुमार ऊर्फ लक्की चला रहा था। जैसे ही कार दवालु पुल के पास पहुंची, वह अचानक अनियंत्रित हो गई और सैकड़ों फीट गहरी खाई में गिर गई। वाहन में सवार अन्य युवक अशोक कुमार (निवासी लाहड़), महेंद्र सिंह (त्रिठ्ठा) और देवराज (बैटणा) बताए जा रहे हैं।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता से पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और बचाव दल ने रात के अंधेरे और दुर्गम इलाके के बावजूद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, जिसमें सभी घायलों को बाहर निकालकर डलहौजी सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य दो को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चंबा रेफर किया गया, जहां वे अभी भी उपचाराधीन हैं। हादसे के कारणों की जांच जारी है और प्राथमिक जांच के अनुसार वाहन का अनियंत्रण होना मुख्य वजह माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण पुलिस की विस्तृत जांच के बाद स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस अधीक्षक चंबा, अभिषेक यादव ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं दोनो मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा जाएगा।



पठानकोट-चंबा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित दवालु पुल के समीप अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी कार।

## मानसिक रोगी को अज्ञात लोगों ने पीटा, आधी रात को बिना कपड़ों के मिला घायल

**अनंत ज्ञान, चुराह।** उपमंडल के तहत आने वाले तीसा क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक मानसिक रूप से बीमार युवक को अज्ञात लोगों ने बेरहमी से पीटकर अधमरा कर दिया। घायल अवस्था में युवक बिना कपड़ों के एक मोड़ पर लहूलुहान हालत में पड़ा मिला, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घायल युवक की पहचान तारीक मुहम्मद पुत्र कलीम असगर, गांव ढांजू, डाकघर खुशनगरी, तहसील चुराह के रूप में हुई है। वह इस समय नागरिक अस्पताल तीसा में उपचाराधीन है। सूचना मिलने के बाद थाना तीसा की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। युवक के पिता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनका बेटा मानसिक रोगी है, जो कई बार बिना बताए घर से निकल जाता है। बुधवार की रात भी वह अचानक लापता हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

## उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा बलबीर ने अंगलोट विद्यालय को लिया गोद

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**उपनिदेशक** प्रारंभिक शिक्षा जिला चंबा बलवीर सिंह अपनी बेहतरीन कार्य कुशलता के चलते सभी शिक्षकों व शिक्षा विभाग के सबसे चहेते अधिकारियों में से एक उभर कर सामने आए हैं। उपनिदेशक की कार्यप्रणाली इतनी लाजवाब है कि हर कोई उनका प्रशंसक बन जाता है। बलबीर सिंह ज्ञान का वह पुंज हैं जो अपनी रोशनी लगातार बिखेर रहे हैं। गत दिवस उपनिदेशक महोदय ने शिक्षा खंड बनीखेत की पाठशाला अंगलोट का दौरा किया। वहां पर अधिकतर समय कक्षा कक्ष में बच्चों के साथ व्यतीत किया और बच्चों के साथ कई गतिविधियां की जो कि मनोरंजक होने के साथ-साथ शिक्षाप्रद भी थीं सभी बच्चों ने इन गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर उप निदेशक ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला अंगलोट को गोद लेने की घोषणा भी की और बच्चों को 1100 रुपए नकद राशि भी भेंट स्वरूप दी। उप निदेशक ने स्कूल में चल रही सभी गतिविधियों जिनमे ईमानदारी की दुकान, हर स्तंभ ज्ञान स्तंभ, आज सबसे सुंदर मैं आदि को खूब सराहा।

## सुदेश कुमार राणा सेनानी पद पर पदोन्नत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** आईटीबीपी के वरिष्ठ अधिकारी सुदेश कुमार राणा को औपचारिक रूप से सेनानी पद पर पदोन्नत किया गया। इस गरिमापूर्ण अवसर पर आईटीबीपी के महानिदेशक राहुल रसगोत्रा, आईपीएस द्वारा उन्हें पीपिंग कर नया रैंक लगाया गया। राणा वर्तमान में आईटीबीपी मुख्यालय नई दिल्ली में तैनात हैं और इससे पूर्व उन्हें गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किया जा चुका है। वे हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के संधोल क्षेत्र स्थित ग्राम बहालु के निवासी हैं। अपने तीन दशक से अधिक की सेवा अवधि में राणा ने एसपीजी, सीबीआई एवं एनआईए जैसी भारत की शीर्ष सुरक्षा और जांच एजेंसियों में कार्य किया है।

# आज भी अंधेरे में बिजली का इतिहास लिखने वाला चंबा

## लो-वोल्टेज से जूझ रहे बंदला पंचायत के गांव, विभाग ने समाधान का दिया 3-5 दिन का आश्वासन

**आरके सहगल, चंबा**

**जिस** चंबा जिले ने भारत के विद्युत इतिहास में दूसरा स्थान हासिल किया था, वह आज भी बिजली की स्थायी आपूर्ति के लिए जूझ रहा है। भारत में सबसे पहले 10 नवंबर, 1897 को दार्जिलिंग (सिद्रपोंग) में एशिया का पहला हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट शुरू हुआ था। इसके बाद 1908 में चंबा जिला इस गौरवशाली सूची में शामिल हुआ, जब राजा भूरी सिंह के विजन के तहत भूरी सिंह पावर प्रोजेक्ट की स्थापना की गई। सल नदी पर बने इस 450 किलोवॉट के पावर हाउस ने चंबा को देश के सबसे पुराने विद्युत उत्पादक जिलों में स्थान दिलाया।

लेकिन विडंबना देखिए, वही चंबा आज 21वीं सदी में भी बिजली की स्थिर आपूर्ति के लिए संघर्ष कर रहा है। ग्राम पंचायत बंदला के गांव कोड़ा, लौगा, करेरी और कीड़ा के लोग लो-वोल्टेज और ट्रांसफार्मर की कमी के कारण भारी संकट में हैं। यहां 600 से अधिक ग्रामीणों की दिनचर्या अंधेरे में कट रही है। मोबाइल चार्ज नहीं होते, पंखे नहीं चलते और बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। इस गंभीर जनसमस्या को लेकर एडवोकेट सुरजीत भरमौरी (निदेशक, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स, हिमाचल पथ परिवहन निगम, उपाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस, पूर्व राष्ट्रीय समन्वयक, भारतीय युवा कांग्रेस, पूर्व राष्ट्रीय सचिव, एनएसयूआई ने 2 मई को वरिष्ठ अधिशासी अभियंता प्रवेश ठाकुर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें गांवों में नए ट्रांसफार्मर की तैनाती और मौजूदा बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की गई। ठाकुर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि 3 से 5 दिनों के भीतर इस मामले का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। इससे पहले, गांव के दर्जनों लोग 7-8 किलोमीटर पैदल चलकर चंबा पहुंचे और प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाई। इस विषय में एडवोकेट सुरजीत भरमौरी ने कहा कि मैं हमेशा जनता के साथ खड़ा हूं। जब तक अंतिम व्यक्ति तक बुनियादी सुविधा नहीं पहुंचती, तब तक मेरी लड़ाई जारी रहेगी। यह केवल एक ट्रांसफार्मर की बात नहीं है। यह उस व्यवस्था की बात है जो आज भी पहाड़ी क्षेत्रों में लोगों को बुनियादी हक से वंचित कर रही है। इतिहास का हिस्सा रहे इस जिले को आज भी न्याय का इंतजार है। (अनंत ज्ञान)



ग्रामीणों ने एडवोकेट सुरजीत भरमौरी की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

## नाबालिग बेटी की जबरन करवाई शादी; अब हुई गर्भवती, मामला दर्ज

**हाशु शेख, चुराह।** उपमंडल चुराह में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक नाबालिग लड़की के गर्भवती होने की पुष्टि हुई है। यह मामला तब उजागर हुआ जब पीड़िता अपनी मां से मिलने जिला कांगड़ा के नूरपुर पहुंची और अपनी जबरन शादी की जानकारी दी। लड़की की मां ने जब अपनी बेटी से विस्तार से बात की, तो पता चला कि वह गर्भवती भी है। यह सुनते ही मां के पैरों तले जमीन खिसक गई। मां ने तत्परता दिखाते हुए नूरपुर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत में बताया गया कि उसकी नाबालिग बेटी की शादी परिजनों द्वारा जल्दबाजी में किसी व्यक्ति से करवा दी गई थी, जिसके चलते वह गर्भवती हो गई।

नाबालिग होने के कारण यह मामला अत्यंत गंभीर बन गया है। नूरपुर थाने से मिली जानकारी के अनुसार, शिकायत के आधार पर थाना तीसा में मामला दर्ज कर लिया गया है और अब पुलिस सक्रिय रूप से जांच में जुट गई है। सूत्रों की मानें तो पुलिस इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सकती है। साथ ही, जो भी व्यक्ति इस अवैध विवाह में संलिप्त पाए जाएंगे, उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है।

# 10 मिनट पहले न्यू बस स्टैंड पट्टी से ओल्ड बस स्टैंड को रवाना करें बसें : कुलवीर सिंह

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**अतिरिक्त** जिला दंडाधिकारी भरमौर ने सभी बस ऑपरेटर्स को निर्धारित समय से 10 मिनट पहले न्यू बस स्टैंड पट्टी से ओल्ड बस स्टैंड भरमौर की ओर रवाना होने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों की पालना न करने पर ऑपरेटर्स के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

यह निर्णय यातायात जाम होने की वजह से लिया गया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कुलवीर सिंह राणा द्वारा यह निर्देश पुलिस और बुकिंग क्लर्क एचआरटीसी को दे दिए हैं। इस पर सभी चालक और परिचालक आदेशों का पालन करना होगा अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है ओल्ड बस स्टैंड भरमौर में ही सरकारी और निगम की बसें खड़ी करने के चलते यहां पर जाम की समस्या से आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते कई बार महिलाओं बुजुर्गों स्कूली बच्चों में वह मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**कहा- आदेशों का पालन न करने पर की जाएगी कार्रवाई**

कुछ वर्ष पहले सरकार की ओर से इस समस्या की निजात दिलाने के लिए न्यू बस स्टैंड पट्टी में बनाया गया था। लेकिन ऑपरेटर्स द्वारा न्यू बस स्टैंड में बसें खड़ी न करके ओल्ड बस स्टैंड पर में ही खड़ी की जाती है। इसके चलते हैं यहां पर आए दिन जाम जैसी विकराल समस्या खड़ी होती है। स्थानीय लोगों वह यहां के के गैर राजनीतिक संगठनों द्वारा द्वारा भी कई बार इस विषय को लेकर शासन व प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है।



बस स्टैंड की फाइल फोटो।

उत्तर भारत की सुप्रसिद्ध यात्रा मणीमहेश के दौरान यहां पर देशभर से लाखों श्रद्धालु आते हैं। ओल्ड बस स्टैंड में अत्यधिक गाड़ियों के खड़ी होने के कारण यहां पर जाम की समस्या से हर रोज लोगों को दो-चार होना पड़ता है। लिहाजा प्रशासन ने इस समस्या से लोगों को निजात देने के लिए बस ऑपरेटरों के लिए 10 मिनट पहले न्यू बस स्टैंड से बसों को रवाना करने की आदेश जारी किए हैं लोगों ने प्रशासन के इस फैसले का स्वागत किया है

# मिशन लाइफ के तहत पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह में पौधों को मिली डिजिटल पहचान

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**मिशन** लाइफ (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरमेंट) के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, बकलोह के इको क्लब ने एक अभिनव पहल की शुरुआत की है। इस पहल के तहत शुक्रवार को विद्यालय परिसर में लगाए गए सभी पौधों को क्यूआर कोड से जोड़ा गया है, जिससे प्रत्येक पौधे को एक डिजिटल पहचान प्रदान की गई है। यह गतिविधि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आरंभ की गई पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

प्रत्येक पौधे के साथ लगाए गए इन क्यूआर कोड्स को स्कैन करने पर उस पौधे की जानकारी— जैसे नाम, प्रजाति, औषधीय गुण, देखभाल के निर्देश और रोपण की तिथि प्राप्त की जा सकती है। यह पहल छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें तकनीकी कौशल से भी जोड़ती है।




पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह के ईको क्लब ने विद्यालय परिसर में लगाए गए सभी पौधों को क्यूआर कोड से जोड़ते हुए।

विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने इस अवसर पर कहा कि यह कदम छात्रों को प्रकृति के करीब लाने के साथ-साथ उन्हें पर्यावरण संरक्षण में तकनीक के समावेश का वास्तविक अनुभव देगा। ईको क्लब के समन्वयक अंकुश शर्मा ने बताया कि यह परियोजना 'मिशन लाइफ' के छह प्रमुख सिद्धांतों में से एक - पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए आरंभ की गई है।

# खो-खो मुकाबले में आईटीआई जोगिंद्रनगर ने चच्योट को हराया अपने नाम किया खिताब

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

आईटीआई जोगिंद्रनगर में चल रही महिला खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के तीसरे दिन का पूर्वाह्न सत्र पूरी तरह उत्साह और ऊर्जा से भरपूर रहा। विभिन्न आईटीआई संस्थानों की महिला प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों में अपने कौशल और समर्पण से सभी को प्रभावित किया। खेलों की शुरुआत वॉलीबाल मुकाबले से हुई, जिसमें आईटीआई बगसैड़ ने दमदार प्रदर्शन करते हुए आईटीआई सुंदरनगर को सीधे दो सेटों में 25-11 और 25-06 से हराकर जीत दर्ज की। इसके बाद खो-खो के फाइनल में रोमांच चरम पर रहा, जहां आईटीआई जोगिंद्रनगर ने आईटीआई चच्योट को कड़े संघर्ष में 7-6 से हराकर खिताब अपने नाम किया। कबड्डी मुकाबलों में भी जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला। पहले मुकाबले में आईटीआई बगसैड़ ने आईटीआई पपलोग को 37-20 से मात दी, लेकिन फाइनल में आईटीआई थलौत ने शानदार खेल दिखाते हुए बगसैड़ को 35-29 से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। बैडमिंटन प्रतियोगिता में आईटीआई चच्योट ने आईटीआई पधर को सीधे सेटों में 21-15 और 21-11 से हराकर शानदार जीत दर्ज की।


## निविदा आमंत्रण नोटिस

ग्राम पंचायत खुहण, विकास खण्ड बालीचौकी वित वर्ष 2025-26 में विकास कार्यों के निष्पादन के लिए ग्राम पंचायत को आवश्यक सामग्री की आपुर्ति हेतु इच्छुक आपुर्तिकर्ताओं से निविदाएं आमंत्रित करती है। इच्छुक आवेदनकर्ता ग्राम पंचायत खुहण से टेंडर फार्म प्राप्त कर सकते हैं। फार्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 14 मई, 2025 शाम 4:00 बजे तक है। निविदाएं 15 मई, 2025 को प्रातः 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगीं। निविदा में भाग लेने के लिए धरोहर राशि व टेंडर फार्म फीस व विभाग द्वारा जारी विभिन्न शपथ पत्र जारी दिए जाने अनिवार्य होगें। ग्राम पंचायत द्वारा जारी व हस्ताक्षरित टेंडर फार्म पर दी गई निविदाएं ही मान्य होगीं। विस्तृत शर्तें टेंडर फार्म के साथ संलग्न हैं।

प्रधान, ग्राम पंचायत खुहण,
विकास खण्ड बालीचौकी, जिला मण्डी, हि. प्र. ।

## कार्यालय ग्राम पंचायत काले अंब
विकास खंड बमसन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

**विषय :- वित्त वर्ष 2025-26 हेतु निविदाएं आमंत्रण संबंधी**

ग्राम पंचायत में आगामी वित्त वर्ष निविदाओं का आमंत्रण किया जाना आवश्यक है, जिसके संबंधी चर्चा उपस्थित पंचायत सदस्यों में हुई व सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि निविदाएं दिनांक 05/05/2025 से 20/05/2025 तक केवल डाक रजिस्टर, डाक पत्र, द्वारा ही ली जाएंगी। जिसका फार्म (निविदा प्रपत्र) कार्यालय ग्राम पंचायत से किसी भी कार्य दिवस से सिलाई अध्यापिका से 500 रुपए शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है व निविदाएं निम्न निर्माण सामग्री हेतु ली जाएंगी।

**सामग्री का विवरण:-**

1.क्रैशर बजरी-क्यूबिक मीटर/$Cum^3$ 2. क्रैशर रेता-क्यूबिक मीटर/$Cum^3$ 3.धुला रेता-क्यूबिक मीटर/$Cum^3$' 4. रेता प्लांट-क्यूबिक मीटर/$Cum^3$ 5. बोल्डर-क्यूबिक मीटर/$Cum^3$ 6. पक्की ईंटें/प्रति ईंट 7. सीमेंट ब्लाक 6X8X16-प्रति ब्लाक 8. JCB Cuting कच्चा/पक्का/$Cum^3$ 9.शटरिंग किराया स्टील/लकड़ी/रास्ता डंगा/दीवार व स्लैब-$Feet^2$ 10. किराया सीमेंट वोहणी से समस्त गांव-प्रति बैग लोडिंग व अनलोडिंग सहित 11. ढुलाई रेता, बजरी, सीमेंट खच्चरों द्वारा प्रति 100 मी.-$Cum^3$ व प्रति बैग 12. सीमेंट बैंच-प्रति बैंच 13. ढुलाई रेता/बजरी, सीमेंट बैग (मैनुअल) प्रति 100 मी.-$Cum^3$ व प्रति बैग 14. साईन बोर्ड लिखाई व पेंटिंग सहित 2x3 Feet- प्रति बोर्ड 15. साईन बोर्ड लिखाई व पेंटिंग सहित 3x4 Feet- प्रति बोर्ड 16. साइन बोर्ड या दीवार लिखाई व पेंटिंग Feet 2 17. किराया कंक्रीट मिक्सर-प्रतिदिन।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत काले अंब
विकास खंड बमसन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

## कार्यालय ग्राम पंचायत बस्सी
विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बस्सी विभिन्न विकास कार्यो हेतू वर्ष 2025-26 में कार्यो के निष्पादन हेतू आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक 06/05/2025 अपराहन 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 07/05/2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी ।

1. रेत (क्रसर)-प्रति घन मीटर , 2. बजरी (क्रसर) 10, 20, 40,60एमएम-प्रति घन मीटर, 3. पत्थर कटस्टोन- प्रति घन मीटर, 4. बोल्डर/सोलिंग -प्रति घन मीटर, 5. जे0 सी0 बी0 हेतू - प्रति घंटा, 6. सीमेंट किराया प्रति बैग के हिसाब से चैल-चौक से बस्ती तक- प्रति बैग, 7. ईंट-प्रति ईंट, 8. मिक्चर- प्रति दिन, 9. साईन बोर्ड-प्रति बोर्ड, 10. जेसीबी ब्रेकर-प्रति, 11. सरिया- प्रति किलो, 12. एंगल-प्रति किलो, 13. जीआई शीट- प्रति चद्दर, 14. सीलिंग शीट- प्रति चद्दर, 15. वेल्डिंग चार्ज- प्रति किलो, 16. स्क्वेयर पाईप- प्रति किलो, 17. शटरिंग-प्रति वर्ग फुट।

1. निविदाएँ केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय से ही प्राप्त की जाएगी। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी । 2. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है। 3. रेत. बजरा, पत्थर, ठेकदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होगें । एम फार्म (एम फार्म) उपलब्ध करवाना आवश्यक है। यदि न हो तो वर्तमान में सरकार द्वारा घन मीटर के हिसाव से रायल्टी काटी जाएगी। 4. सामग्री की आपूर्ति लो0 नि0 विभाग की स्पेसिफिकेसन के अनुरूप होगी । 5. निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहाँ तक गाड़ी जाती है, वहां उपलब्ध करवानी होगी । 6. निविदा दाता को 25,00,0/- रुपये राशि नकद रूप में जमा करवानी होगी । 7. निविदा दाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता, उसकी अग्रिम राशि वापिस नहीं होगी । 8. समान दर रहने के स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 9. ग्राम पंचायत के सप्लाई ऑर्डर के अनुरूप ही सप्लाई स्वीकार की जाएगी । 10. दरों का उल्लेख करते समय टैक्स इन्क्लुड या एक्सक्लुड का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 11. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नही होगी ।12. सामग्री लेने का अंतिम निर्णय विभाग की जस्टीफिकेशन व पारित निविदादाता के साथ नेगोशिएशनअनुसार/उपरान्त किया जाएगा ।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत बस्सी, विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)

## कार्यालय ग्राम पंचायत देलग टिकरी
विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत देलग टिकरी में सभी विकास कार्य के लिए सामग्री लेने हेतु वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निम्न निविदाएं आमंत्रित की जाती है। खरीद किए जाने वाली सामग्री इस प्रकार से हैः-

1. रेत (खड्ड) - प्रति क्यूविक मीटर, 2. बजरी (खड्ड)-प्रति क्यूविक मीटर, 3. रेत (क्रशर)-प्रति क्यूविक मीटर,4. बजरी (क्रशर)10,20,40एमएम -प्रति क्यूविक मीटर,
5. गटका 40 एमएम -प्रति क्यूविक मीटर, 6. ईटें- प्रति ईंट, 7. कट स्टोन लोकल- प्रति पत्थर, 8. कट स्टोन गलमा/रिवालसर- प्रति पथर, 9. सरिया 8,10,12,16,20एमएम-प्रति किलो, 10. बोल्डर/चाखड़ा-प्रति क्यूविक मीटर, 11. शटरिंग- प्रति वर्ग मीटर, 12. मिक्चर मशीन- प्रति दिन, 13. हीउम पाईप एनपी-2 300,450,600,900एमएम with Collar/ without Collar -प्रति पाईप व प्रति रनिंग मीटर, 14. जेसीबी मशीन ब्रेकर सहित- प्रति घंटा, 15. इमारती लकड़ी- प्रति क्यूविक मीटर, 16. सीमेंट किराया चैल चौक से पंचायत स्टोर तक- प्रति बैग, 17. सीमेंट वॉल ब्लॉक (अंबुजा) 4,6,8 इंच- प्रति ब्लॉक, 18. सीजीआई शीट आईएसआई मार्क/टाटा मार्क 8 फुट, 10 फुट, 12 फुट- प्रति वर्ग मीटर, 19. स्केयर स्टील/एंगल- प्रति किलो, 20. साईन बोर्ड लिखाई 3x4, 2x3 As Per Mnrega Guide Line- प्रति बोर्ड, 21. सेरामिक टाईल फर्श व दीवार- प्रति वर्ग फुट, 22. Wooden फ्लोर टाइल्स-प्रति वर्ग फुट, 23. प्लाई बोर्ड- प्रति बोर्ड, 24. साईन बोर्ड- प्रति बोर्ड, 25. एंगल/पाइप/शीट छत निर्माण व लेबर रेट- प्रति किलो, 26. कट स्टोन गलमा चीजलड- प्रति पत्थर, 27. जीआई पाइप 18 से 80 एमएम- प्रति किलो, 28. जीम का सामान/Open Air Jim Item -प्रति आइटम।

अतः इच्छुक फर्म/एजेंसी /व्यक्ति दिनांक 27/04/2025 में 12/05/2025 तक किसी भी कार्य दिवस सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपनी निविदा/कुटेशन पंचायत कार्यालय में स्वयं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा जमा करवा सकते हैं। कुटेशन को कुटेशनदाता व पंचायत कार्य समिति के समक्ष दिनांक 13/05/2025 सुबह 11 बजे खोली जाएँगी। सभी फर्म / एजेंसी / व्यक्ति अपनी-अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज करे ।

**शर्तें निम्न प्रकार से है :-** (1) निविदा सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए। (2) पंचायत बिना बताए निविदा रद्द करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखती है। (3) सभी आवेदकों को पैन नंबर तथा जीएसटी नम्बर निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। । (4) निर्माण सामाग्री कार्य स्थल/ नजदीकी सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। (5) ग्राम पंचायत क्षेत्रा अधिकार का एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामाग्री की अदायगी देय नहीं होगी । (6) सामग्री लेने का अंतिम मुल्य का निर्णय विभाग की जस्टीफिकेशन व पारित निविदाताओं के साथ नेगोशिएशन अनुसार किया जायेगा। (7) निविदा दाता को निविदा के साथ 20000/ की धरोहर राशि डिमांड ड्राफ्ट भी पंचायत में जमा करनी होगी जो बाद में वापिस की जाएगी। सामाग्री की गुणवता अच्छी होनी चाहिए अन्यथा निविदा / कुटेशन रद्द की जाएगी। (8) सप्लायर को रेता बजरी व पत्थर के बिल के साथ एम फार्म जमा करवाना अनिवार्य है। अन्यथा अदायगी नहीं होगी जिसके आप स्वयं जिम्मेवार होंगे। प्रधान/सचिव

ग्राम पंचायत देलग टिकरी विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा।**

मिसल न. तह./2025 (RMS)
ता.दा. 21-04-2025
ता. पेशी 3/06/2025

**अनुमान मुकदमा** - प्रार्थीया श्री मति आशा देवी पुत्री नौधा राम निवासी गांव सेरा डाकघर सेराथाना नगरोटा बगवां तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा ....प्रार्थी पक्ष

**वनाम आम जनता** ...प्रत्याक्षी पक्ष

**विषयः**- प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13(3) अन्तर्गत श्रीमति आशा देवी की जन्म तिथि 22-09-1970 ग्राम पंचायत रौंखर के रिकार्ड में दर्ज करने बारे।

**अखवारी ईस्तहार** - प्रार्थीया श्री मति आशा देवी पुत्री नौधा राम निवासी गाव सेरा डाकघर सेराथाना तहसील नगरोटा बगवां जन्म तिथि पंजीकरण बारे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनांक 22-09-1970 को गांव सेरा डाकघर सेराथाना ग्राम पंचायत रौंखर में हुआ था परन्तु किसी कारणवश सम्बंधित ग्राम पंचायत के रिकार्ड में दर्ज न करवा सका।

अत: इस अदालती नोटिस अखवारी ईस्तहार द्वारा आम जनता व सगे सम्बंधियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी को भी इस जन्म तिथि पंजीकरण करने बारे कोई एतराज हो तो वह स्वयं बजरिया कौंसल एतराज दिनांक 3/06/2025 अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। और नियमानुसार जन्म तिथि पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

आज दिनांक 02/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां , जिला कांगड़ा हि.प्र.**


### सूडोकु नवताल- 7419

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7418 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

शनिवार, 3 मई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** षष्ठी (11:26): **नक्षत्र** मृगशिरा (02:22), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** अतिगंड (08:33) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:51-12:44) **राहुकाल** (01:57-03:37)।

### विशेष दिन

- 03 मई चंदन षष्ठी आज।
- 03 मई गंगा पूजन आज।
- 03 मई श्री गंगा सप्तमी आज।

**मेषः** व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कार्यों के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**वृषभः** सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुनः** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे।

**कर्कः** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**सिंहः** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कन्याः** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**तुलाः** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृश्चिकः** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**धनुः** सुख आरोग्य प्रभावित होगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्ध और असंतोष बना रहेगा।

**मकरः** स्वविवेक से कार्य करें। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा।

**कुंभः** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

**मीनः** श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही नुकसान पहुंचाएंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

वास्तव में हमारे देश की लाठी कमजोर नहीं है, बल्कि वह जिन हाथों में है, वे कांप रहे हैं। -अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

# जल विवादों में संतुलन

हमारे देश इतना विशाल और विविधताओं से भरा है कि यहां जल संसाधनों का वितरण असमान होना कोई बड़ी बात नहीं है। कुछ राज्य पर्याप्त जल संसाधनों से समृद्ध हैं तो कुछ पानी की गंभीर कमी का सामना कर रहे हैं। इस विषमता के चलते जल को लेकर कई बार राज्यों के बीच तनातनी हो जाती है। राज्यों ही नहीं, बल्कि दो देशों में भी तनाव देखा जा सकता है। हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को लेकर भारत-पाकिस्तान के बीच तनातनी किसी से छिपी नहीं है। पंजाब-हरियाणा के बीच सतलुज-यमुना लिंक (वाईएसएल) नहर विवाद पानी की राजनीति को और अधिक पेचीदा बना चुके हैं। हालांकि, हिमाचल प्रदेश जल संसाधनों की दृष्टि से समृद्ध है। इसके बावजूद, यहां का पानी न केवल राज्य के भीतर बल्कि पड़ोसी राज्यों और केंद्र सरकार की नीतियों के कारण भी एक विवादास्पद विषय बनता जा रहा है।

हिमाचल भारत की सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और यमुना की कई सहायक नदियों का उद्गम स्थल है। ये नदियां न केवल हिमाचल के लोगों के लिए जीवनदायिनी हैं, बल्कि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन नदियों का उपयोग पनबिजली उत्पादन के लिए भी बड़े पैमाने पर किया जाता है, जिससे न केवल हिमाचल, बल्कि पड़ोसी राज्यों को भी ऊर्जा मिलती है। हिमाचल का मानना है कि राज्य की नदियों से उत्पादित पानी और बिजली पर उसका पूर्ण अधिकार होना चाहिए, जबकि पड़ोसी राज्य, विशेषकर पंजाब और हरियाणा, इन संसाधनों को साझा करने की मांग करते हैं। इस वजह से हिमाचल को काफी नुक्सान भी हो रहा है। हिमाचल में कई बड़ी-बड़ी जलविद्युत परियोजनाएं हैं जैसे भाखड़ा-नंगल, कोल और पौंग डैम आदि, जिनमें से कई केंद्र सरकार या अन्य राज्यों की एजेंसियों के नियंत्रण में हैं। हिमाचल का यह कहना है कि उसे इन परियोजनाओं से पर्याप्त मुआवजा और लाभ नहीं मिलता।

निचले राज्यों की जल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हिमाचल की नदियों को मोड़ना, वहां के पर्यावरण, जैव विविधता और स्थानीय समुदायों पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। पानी का मुद्दा चुनावों के समय एक संवेदनशील राजनीतिक मुद्दा बन जाता है। कई बार नेता इस मसले को राज्यअस्मिता से जोड़कर प्रस्तुत करते हैं जिससे विवाद और भी गंभीर हो जाता है। पानी को लेकर कई राज्यों में विवाद चले हुए हैं। सतलुज-यमुना लिंक नहर का निर्माण पंजाब और हरियाणा के बीच पानी बंटवारे को लेकर दशकों से विवाद का विषय रहा है। पंजाब का दावा है कि उसके पास अतिरिक्त पानी नहीं है, जबकि हरियाणा उसे अपना अधिकार बताता है। कावेरी नदी जल बंटवारा भी एक ऐतिहासिक विवाद है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट को बार-बार हस्तक्षेप करना पड़ा है। तेलंगाना-आंध्र प्रदेश अपने राज्यों के पुनर्गठन के बाद जल संसाधनों को लेकर एक-दूसरे से उलझे हुए हैं। ऐसा भी नहीं है कि इन मसलों का समाधान नहीं किया जा सकता। समाधान के संभावित मार्ग हैं, लेकिन उन पर गंभीरता से गौर करने की आवश्यकता है। सबसे पहले तो जल प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय नीति बनाना समय की मांग है।

भारत को एक ऐसी समग्र जल नीति की आवश्यकता है, जो राज्यों के बीच जल संसाधनों के न्यायपूर्ण और टिकाऊ बंटवारे को सुनिश्चित करे। इस नीति में जल-उपयोग की प्राथमिकताएं स्पष्ट रूप से निर्धारित होनी चाहिए। जल न्यायाधिकरणों की स्थापना और सशक्तिकरण करना चाहिए। जैसे नदी जल विवाद अधिनियम, 1956 के अंतर्गत ट्रिब्यूनल बनाए जाते हैं, वैसे ही अधिक प्रभावी और समयबद्ध निर्णयों के लिए स्थायी जल न्यायाधिकरण की आवश्यकता है। हिमाचल को उचित मुआवजा और लाभ मिलना चाहिए। जो राज्य अपने जल संसाधन दूसरे राज्यों को उपलब्ध करवा रहा है, उसे पर्यावरणीय क्षति और संसाधन उपयोग के बदले उचित मुआवजा मिलना ही चाहिए। हिमाचल को जलविद्युत परियोजनाओं से रॉयल्टी और बिजली की उचित दरों पर हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। केवल पानी के बंटवारे पर ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण पर भी ध्यान देना आवश्यक है। वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण और वाटर हार्वेस्टिंग को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। राज्यों के बीच संवाद और सहयोग भी लाजिमी है। जल विवादों को राजनीतिक मुद्दा बनाने की बजाय आपसी संवाद और वैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर हल किया जाना चाहिए। केंद्र सरकार इस प्रक्रिया में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकती है। इन सबके बीच नागरिकों की भागीदारी तो सुनिश्चित होनी ही चाहिए। जल संरक्षण केवल सरकारी नीति का विषय नहीं है। समाज को भी जल का मूल्य समझना होगा। जल विवादों का समाधान केवल कानूनी या राजनीतिक स्तर पर नहीं हो सकता, इसके लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### मध्य प्रदेश की 22वीं मुख्यमंत्री

**उमा** भारती भारत की महिला राजनीतिज्ञों में से एक एवं जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प मंत्रालय की भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री थीं। सदैव भगवा वस्त्र में दिखाई देने वालीं उमा भारती का विवादों से भी नाता रहा है। सन 2003 में भारत की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में से एक 'भाजपा' ने उन्हें मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों में अपना अगुवा बनाया था। इस समय भाजपा ने 166 सीटों पर विजय प्राप्त की और 8 दिसंबर, 2003 को उमा भारती मध्य प्रदेश की 22वीं मुख्यमंत्री बनीं। किंतु वे अधिक समय तक इस पद नहीं रह सकीं और नौ महीने बाद ही उन्हें त्याग पत्र देना पड़ा था। संघ परिवार से संबंधित उमा भारती बचपन से ही हिंदू धार्मिक ग्रंथों और महाकाव्यों में रुचि लेने लग गई थीं, जिस कारण उनके स्वभाव और व्यक्तित्व में उनकी इस विशेषता की झलक साफ़ दिखाई देती है। उमा एक आत्म-विश्वासी और आत्म-निर्भर महिला हैं। साध्वी की भांति वेशभूषा धारण किए उमा भारती ने अविवाहित रहकर अपना जीवन धर्म के प्रचार-प्रसार में लगाने का व्रत लिया है। राजनीतिक नजरिये से उमा भारती का कद उस समय और भी बढ़ गया, जब अटल बिहारी वाजपेयी के मंत्रिमंडल में उन्हें राज्यमंत्री के रूप में मानव संसाधन मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय, युवा एवं खेल मामलों की मंत्री तथा कोयला मंत्री आदि के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। ■



उमा भारती
जन्म : 3 मई, 1959

## कविता



### बुरा किया तो होगा बुरा

राकेश डोगरा, गांव कौना हल्दरा, पालमपुर

*बदनामी होने से जब तुम खुद ही डरते हो,*
*तो ऐसे पथ पर ए मानुष काहे चलते हो।*
*'बुरा किया तो होगा बुरा', यह हो कर रहता है,*
*पापी पेट की खातिर लाखों झूठ तू कहता है।*
*यह मेरा, वह मेरा, मन में इच्छा रहती है,*
*कुछ न जाए मरने पर यह दुनिया कहती है।*
*यह तृष्णा न रुकने वाली जब तक जीवित हैं,*
*शायद अपनी सोच भी तो यहीं तक सीमित है।*
*दो दिन का जीवन है जाने कब बुलावा आ जाए,*
*जिसको अपना कहते हो सब धरा का धरा रह जाए।*
*क्यों आया इस जग में दोस्त थोड़ा-सा तो सोच जरा,*
*उस रब का सिमरन कर ऐसे में न अपने होश गंवा।*
*अच्छे, बुरे जो कर्म किए उनका फल मिलना तय है,*
*नैतिकता मन में होगी तो फिर किस बात का भय है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# अलगाववादी तत्व भारत में शांति और समृद्धि के शत्रु

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से भारत स्तब्ध है। आतंकी हमले की खुले रूप में निंदा करते हुए अनेक देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने आतंकवादी कार्रवाई के विरुद्ध भारत का साथ देने की बातें कही हैं। भारत सरकार ने पाकिस्तान के विरुद्ध कई प्रतिबंधों की भी कार्रवाई की है। दुनिया के सामने पाकिस्तान को बेनकाब करने की कार्रवाइयां हो भी रही है। बर्बर हत्यारे आतंकियों की खोज जारी है। भारत पर पाकिस्तान प्रायोजित हमले कई दशकों से जारी हैं।



लेखक : अरुण कुमार दीक्षित
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पूर्व में जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा था। संविधान में यह उपबंध 370 अलग से था। केंद्र की भाजपानीत राजग सरकार ने लोकसभा में विधेयक लाकर 70 वर्षों की भारी समस्या को कुछ मिनट में ही पिछले वर्ष समाप्त कर दिया था। इसके बाद से जम्मू-कश्मीर में शांति की आशा लगातार बलवती हो रही थी। यह बात अलग है कि छिटपुट आतंकी घटनाएं होती रही हैं तो भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्र सरकार के गृहमंत्री और रक्षा मंत्री सहित जिम्मेदार अधिकारियों ने जम्मू-कश्मीर में शांति के उपायों पर लगातार प्रयास करते हुए चिंतन मंथन किया। जम्मू-कश्मीर में कई दशकों से रुकी विकास की पुरानी परियोजनाओं और नई बड़ी परियोजनाओं को अंतिम रूप दिए जाने की कार्रवाई जारी है, मगर आतंकवादियों और उनके समर्थकों को यह विकास और शांति की कार्यवाही नागवार गुजरी। पाकिस्तान को जम्मू-कश्मीर की खुशी कभी पसंद नहीं आई। पाकिस्तान की पृष्ठभूमि पंथ आधारित है। वह लगातार भारत में आतंकवादियों को भेज कर हमले करवाता रहा है।

यह हमले सामान्य जनों से लेकर सरकारी दफ्तरों, मंदिरों, ट्रेनों-बसों में भी होते आए हैं। अमरनाथ और वैष्णो देवी यात्रा में जा रहे श्रद्धालुओं पर भी आतंकवादी हमले होते रहे हैं। जिनमें अनेक श्रद्धालुओं की जानें गई हैं। इन पवित्र यात्राओं के लिए अपने ही देश में सेना की तैनाती करनी पड़ती है। सेना से आतंकियों की भी मुठभेड़ होती है। कई बार हमारे सैनिक बलिदान होते हैं। मुठभेड़ में जो आतंकवादी मार दिए जाते हैं उनके लिए भी पंथिक आधार पर भारत में सहानुभूति देखी जाती है। अनेक अलगाववादी मोर्चे हैं, संगठन हैं, जो अलगवादियों को ताकत देते हैं। वही अलगाववादी तत्व भारत में शांति और समृद्धि के शत्रु हैं।



इन आतंकवादी ताकतों को चिन्हित कर जब तक उन्हें कुचला नहीं जाएगा तब तक देश विरोधी ताकतें सक्रिय रहेंगी। पूरी दुनिया के लिए पाकिस्तान बड़ा खतरा है, इससे निपटने में कोई कोताही नहीं छोड़नी चाहिए। अमेरिका, इजरायल, रूस सहित दुनिया के देशों ने इस बर्बर कार्रवाई की निंदा की है। आतंकवादी किसी एक व्यक्ति या अधिक की हत्या करते हैं तो यह मात्र घटना नहीं है।

यह एक क्रूर विचार है कि गोली-बारूद के दम पर भारत को डरा कर अपना दारुल हरब एजेंडा लागू करना है। इस विचार वाले लोग अनपढ़ (उम्मी) नहीं होते हैं। वह कई बार इंजीनियर होते हैं, डिग्रीधारक होते हैं। डॉक्टर और प्रोफेसर भी होते हैं। विज्ञान के जानकार होते हैं, मगर उन्हें अपने कट्टरपंथी धर्म का पालन निर्दोष लोगों की हत्या कर जिहाद करना है। इस्लामी आतंकी हमले आज भी जारी हैं।

यह भी सही है कि केंद्र और राज्य सरकारों की जिम्मेदारी होती है कि प्रत्येक व्यक्ति और संपत्ति की सुरक्षा संरक्षा रहे जैसे सरकार से प्रश्न तो कर ही सकते हैं। मगर यह प्रश्नों का समय नहीं है। आतंकियों द्वारा की गई निर्दोषों की हत्या के विरोध में एकजुटता दिखनी चाहिए। अपनी राजनीतिक, पंथिक कार्रवाई के लिए इन्हें अनुमति नहीं होनी चाहिए। पृथक कानून नहीं चलेंगे। राष्ट्र संविधान से चलेगा, संविधान सर्वोपरि है। भारत की संप्रभुता के विरुद्ध बोलने-लिखने, किसी अन्य राष्ट्र का कोई झंडा लहराने, किसी भी प्रकार की भारत विरोधी नारेबाजी करने के स्पष्ट कारण पूछने और कड़ी कार्रवाई से सरकार को पीछे नहीं हटना चाहिए। आखिर कब तक दूसरे राष्ट्र और शत्रु राष्ट्र का झंडा दिखाकर भारतीय लोगों को अपनी ही जन्मभूमि, कर्मभूमि, सनातन भूमि में डराया जाता रहेगा। इस पर कठोरता होनी चाहिए। भारत के भीतर पाकिस्तान का पक्ष लेने वालों पर राष्ट्रद्रोह जैसी कार्रवाई के लिए निर्णय लेने की जरूरत है।

आतंकवाद से केवल भारत ही नहीं पीड़ित है। आतंकवाद विश्वव्यापी हो चुका है। दुनिया के देश पाकिस्तान को आतंक का केंद्र मानते हैं। आतंकवाद के गंभीर परिणाम दुनिया के देशों ने भुगते हैं। भारत सहित विश्व के देशों को आतंकवाद के समूल नाश के प्रयास करने चाहिए। आतंकवाद से संपूर्ण समाज में हिंसा और असुरक्षा की भावना बढ़ती है। सामाजिक संबंध कमजोर होने लगते हैं। इसलिए इसके समूल नाश के उपाय तलाशे जाने चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# संवाद की शुचिता पर काम करें मीडियाकर्मी

यह 'शब्द हिंसा' का समय है। बहुत आक्रमक, बहुत बेलगाम। ऐसा लगता है कि टीवी न्यूज मीडिया ने यह मान लिया है कि शब्द हिंसा में ही उसकी मुक्ति है। चीखते-चिल्लाते और दलों के प्रवक्ताओं को मुर्गों की तरह लड़ाते हमारे एंकर सब कुछ स्क्रीन पर ही तय कर लेना चाहते हैं। यहां संवाद नहीं है, बातचीत भी नहीं है। विवाद और वितंडावाद है।



लेखक : प्रो. संजय द्विवेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह किसी निष्कर्ष पर पहुंचने का संवाद नहीं है, आक्रामकता का वीभत्स प्रदर्शन है। निजी जीवन में बेहद आत्मीय राजनेता, एक ही कार में साथ बैठकर चैनल के दफ्तर आए प्रवक्तागण स्क्रीन पर जो दृश्य रचते हैं, उससे लगता है कि हमारा सार्वजनिक जीवन कितनी कड़वाहटों और नफरतों से भरा है, किंतु स्क्रीन के पहले और बाद का सच अलग है। बावजूद इसके हिंदुस्तान का आम आदमी इस स्क्रीन के नाटक को ही सच मान लेता है। लड़ता-झगड़ता हिंदुस्तान हमारा 'सच' बन जाता है। मीडिया के इस जाल को तोड़ने की भी कोशिशें नदारद हैं। वस्तुनिष्ठता से किनारा करती मीडिया बहुत खौफनाक हो जाती है।

**सूचना और खबर के अंतर को समझिए :** हमें सोचना होगा कि आखिर हमारी मीडिया प्रेरणाएं क्या हैं? हम कहां से शक्ति और ऊर्जा पा रहे हैं। हमारा संचार क्षेत्र किन मानकों पर खड़ा है। पश्चिमी मीडिया के मानकों के आधार पर खड़ी हमारी मीडिया के लिए नकारात्मकता, संघर्ष और विवाद के बिंदु खास हो जाते हैं। जबकि संवाद और संचार की परंपरा में संवाद से संकटों के हल खोजने का प्रयत्न होता है।

हमारी परंपरा में सही प्रश्न करना भी एक पद्धति है। सवालों की मनाही नहीं, सवालों से ही बड़ी से बड़ी समस्या का हल खोजना है, चाहे वह समस्या मन, जीवन या समाज किसी की भी हो। इस तरह प्रश्न हमें सामान्य सूचना से ज्ञान तक की यात्रा कराते रहे हैं। आज 'सूचना' और 'ज्ञान' को पर्याय बनाने के जतन हो रहे हैं। सच यह है कि 'सूचना' तो समाचार, खबर या न्यूज का भी पर्याय नहीं है। सूचना कोई भी दे सकता है। वह कहीं से भी आ सकती है। सोशल मीडिया आजकल सूचनाओं से भरा हुआ है। किंतु ध्यान रखें खबर, समाचार और न्यूज के साथ जिम्मेदारी जुड़ी है।



**हर व्यक्ति नहीं हो सकता पत्रकार :** यह कहना आजकल बहुत फैशन में है कि इस दौर में हर व्यक्ति पत्रकार है। हर व्यक्ति फोटोग्राफर है। हर व्यक्ति कम्युनिकेटर, सूचनादाता, मुखबिर हो सकता है, वह पत्रकार कैसे हो जाएगा? मेरे पास कैमरा है, मैं फोटोग्राफर कैसे हो जाऊंगा। विशेष दक्षता और प्रशिक्षण से जुड़ी विधाओं को हल्का बनाने के हमारे प्रयासों ने ही हमारी मीडिया या संवाद की दुनिया को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाया है। यह वैसा ही है जैसे कपड़े प्रेस करने वाले या प्रिंटिंग प्रेस वाले अपनी गाड़ियों पर 'प्रेस' का स्टिकर लगाकर घूमने लगें। मीडिया में प्रशिक्षण प्राप्त और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के बिना आ रही भीड़ ने अराजकता का वातावरण खड़ा कर दिया है। लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, बाबासाहेब अंबेडकर, पं. जवाहरलाल नेहरू, मदनमोहन मालवीय, माधवराव सप्रे जैसे उच्च शिक्षित लोगों द्वारा प्रारंभ और समाज के प्रति समर्पित पत्रकारिता वर्तमान में कहां खड़ी है। भारत सरकार के आग्रह पर प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया ने पत्रकारों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के निर्धारण के लिए एक समिति भी बनाई थी, जिसके समक्ष मुझे भी अपनी बात रखने का अवसर मिला था।

**समाज की रुचि का करें परिष्कार :** समाज की रुचि का परिष्कार और रुचि निर्माण भी मीडिया की जिम्मेदारी है। अपने पाठकों, दर्शकों को समय के ज्वलंत मुद्दों पर अपडेट रखना, उनकी बौद्धिक, नागरिक चेतना को जागृत रखना भी मीडिया का काम है। जबकि देखा यह जा रहा है कि पाठकों की पसंद के नाम पर कंटेंट में गिरावट लाने की स्पर्धा है। ऐसे कठिन समय में मीडिया के दायित्वबोध और सरोकारों पर बातचीत बहुत जरूरी है। प्रिंट मीडिया ने भी साहित्य, कलाओं, प्रदर्शन कलाओं और मनुष्य बनाने वाली सभी विधाओं को अखबारों से निर्वासन दे दिया है।

देखा जाए तो समाज में फैली अशांति, स्पर्धा, लालसाओं और संघर्ष के बीच विचार के लिए सकारात्मक मुद्दे उठाने ही होंगे। मीडिया खुद अशांत है और गहरी स्पर्धा के कारण सही-गलत में चुनाव नहीं कर पा रहा है। ऐसे में मीडियाकर्मियों की जिम्मेदारी है कि खुद भी शांत हों और संवाद की शुचिता पर काम करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भारत** देश के राज्य जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थान पर पाकिस्तानी उग्रवादियों के हुए हमले के विषय में लगभग समस्त भारत प्रधानमंत्री और भारत सरकार के साथ एकमत होते हुए साथ खड़ा है। सारा इंडिया गठबंधन केंद्र सरकार के साथ रहकर हर समर्थन और सहयोग करने को एकदम तैयार है। इन विशिष्ट हालात में स्थानीय किसी भी नेता द्वारा कोई भी विवादास्पद और अप्रिय बयान कभी नहीं दिए जाने चाहिएं। ऐसी बातें राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को बदनाम और असहज ही करती हैं। कांग्रेस के देश के सबसे बड़े नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने अपना स्पष्ट मत देश के सामने रख दिया है। लोकसभा और राज्यसभा के प्रतिपक्ष के सभी नेताओं ने भी प्रधानमंत्री का इस विषय में पूरा समर्थन कर दिया है, तो स्थानीय नेताओं को भी भ्रामक और विवादास्पद बातें कहने-लिखने से परहेज करना होगा। इस समय भारत के प्रत्येक नागरिक को भी देश सेवा में पूर्ण सहयोग करना होगा।

**अभिनव सिंह, शाहपुर**

# पहलगाम पर सरकार के साथ हैं तो मौन हो जाएं, मौन ही सर्वोपरि


मौन एक शब्द है जो बहुत कुछ न कहकर कह देता है। मौन बिना बोले शांत स्थिर है मौन रहकर कई सवालों का जवाब दिया जा सकता है, पर मौन की साधना बहुत कठिन है। हर व्यक्ति मौन कब तक रह सकता है। यह तो कहना कठिन है बस कुछ ऋषि महात्मा वर्षों तक मौन रहे हैं। वैसे बस देवरहाबाब एक दो साल मौन थे बाकी लोगों के बारे में विशेष पता नहीं है। उनका मौन उनकी ईश्वरीय साधना थी, वह ईश्वर में ही अपने को मिलान समाहित संपूर्ण करके खुद अपने को भूलना चाहते थे।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक

मैं कौन हूं यह नहीं, मैं ईश्वर के कार्य के निमित्त हूं बस यही उनका प्रयोजन था और अपने भक्तों को अनुयायियों को भी बस ईश्वर के ध्यान में लगाने में लगे रहते थे, धरा पर कहीं कोई अशुभ न हो सब मानव एक रहे। मौन रहकर साधना करें शोर से दूर। आपातकाल में भी यह नई परिभाषा बनाई गई थी कि कोई भी व्यक्ति अखबार किसी तरह का विज्ञापन सभा जो सरकार की आलोचना करेगा, सरकार से सवाल पूछेगा उसके विरुद्ध में राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चलेगा, मीसा लगेगा नजरबंद होगे। तब हजारों लोग जेल गए थे, कई संपादक संपादकीय पेज खाली छोड़ देते थे। वह कोरा ही छपता था। तब भी अखबार दो गुटों में बंटे थे, जैसे आज बंटे हैं, तब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नहीं था। टेली प्रिंटर से देश-विदेश के समाचार आते थे।

सरकार समर्थक सरकार विरोधी लोगों के समूह थे, देश में। जेलों में युवा नेताओं के साथ बुजुर्ग भी थे। जमानत किसी को नहीं मिलती थी। उस दौर में जिलाधीश बहुत ताकतवर थे, जैसे इस दौर में है बोलना लिखना छापना सब पर बंदिश थी। इस दौर में बस वह सब हो रहा है जो उस दौर में हुआ था, बस केवल आपातकाल की घोषणा नहीं है। यह दुनिया को धोखा देने के लिए कि भारत का लोकतंत्र लोकमत से ही मजबूत है। यहां हर धर्म हर संप्रदाय हर जाति का मान-सम्मान है। हर नागरिक सम्मान है पर यह एक दिखावे का चेहरा है जो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा दुनिया को दिखाया जा रहा है। जमीन पर समाज में कुछ और है। धर्म पूछकर छात्रों के साथ गलत हो रहा है। पहलगाम में जो कुछ हुआ वह एक साजिश थी, बस भारत में हिंदू मुस्लिम आपस में लड़ाने के लिए सभी भारतीय और दुनिया जानती है कि पाकिस्तान ने किया है आतंकी हमला। भारत में दो संप्रदाय को आपस में लड़ाने के लिए और भारत के विकास को बाधित करने को, पर दुनिया के तमाम देश न जाने क्यों भारत में आतंकी घटनाओं पर मौन हो जाते हैं। जितना समर्थन चाहिए भारत को उतना विश्व बिरादरी से नहीं मिल रहा है, पर हमारी गोदी मीडिया बस एक बात तोते की तरह धर्म पूछकर मारा था यही बोल कर देश को सही मुद्दे से हटा रही है। पहलगाम जितना दुखद है उतना ही आज जो आपस में लड़ाने का काम हो रहा धर्म को जाति को यह भी दुखद है।



इस पर बहुत से धर्माचार्य राजनेता भी मौन हैं। सवाल नहीं कहीं से कोई उठा रहा है, पर बात यह हुई तो है सवाल उठाएंगे तो मौन करवा दिए जाएंगे। भारत जब भी विकास के रास्ते पर आगे बढ़ता है तभी देश में हिंदू-मुसलमान का नारा देकर विकास के रास्ते से हटाया जाता है इस साजिश को भारत नहीं समझ पा रहा है।

बस हम सब एक समूह विशेष में रहकर अपनी सुरक्षा के बारे में चिंता कर रहे हैं या अपने लिए धन की। देश में क्या हो रहा इस पर मौन है। सवाल नहीं पूछा जा रहा है, कि कैसे आतंकी घुसे? भारत में लोकतंत्र आज बहुत अजीब स्थिति में पहुंच गया है, जहां कहने को देखने को लोकतंत्र है, पर यह दो तरह का लोकतंत्र बन गया है। एक सत्ता का लोकतंत्र सत्ता के साथ रहने वालों और सरकार की नीतियों को मानने वाले सरकार के सुर में सुर मिलाकर सरकार की बात का गुणगान करने वाले हैं। उसमें बहुसंख्यक हिंदू सनातनी हिंदू कहें तो और सही होगा। यह नया विकसित सुंदर भय से रहित भारत है, जहां सब कुछ है पर आजादी दूसरी तरह की मौन रहे। आराम से रहें। सवाल पूछकर अपने लिए जेल न लें। मौन ही सुंदर भारत है। शोर नहीं, न शब्द का शोर चाहिए न बोल का। अगर सरकार का गुणगान नहीं तो फिर सवाल नहीं। आप हमारे लिए हिंदू नहीं हैं तो शोर क्यों करते हैं? हमारे लिए वोट नहीं है तो फिर सवाल क्यों? मैं सवालों का जवाब नहीं हूं। मैं ही सवाल हूं मैं ही जवाब हूं।

मेरे बाद मेरे आगे नहीं, मेरे पीछे सवाल नहीं। शोर में शोर हूं बस इतना समझें मेरे लोग मेरा लोकतंत्र सब कार्य अलग तरह का है। इसमें मैं जो कहूं वही सच है। अब आप लोग निर्णय करो कि सवाल पर सवाल करोगे, सरकार के विरोध में रहेंगे तो मौन करा दिए जाएंगे। साथ सरकार के हैं तो शोर कहीं करें, आप सरकार हैं। मौन साधना है, मौन शक्ति है तो फिर मौन में रहें। साधना में रहें, मौन को शक्ति न बनाएं सरकार के विरोध में। मौन आपके हित में है। मौन हो जाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ऋषि भागीरथ की कठोर तपस्या से धरती पर आई मां गंगा

वैशाख मास के शुक्ल पक्ष के सप्तमी के दिन माता गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। वैसे देवी गंगा पर्वतराज हिमालय (दक्ष प्रजापति) की बड़ी बेटी व देवी पार्वती की बड़ी बहन भी बताई जाती हैं।



लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

माता गंगा के स्वर्ग लोक से धरती पर आने के संबंध में कई एक रोचक पौराणिक कथाएं सुनने को मिलती हैं। इन्हीं पौराणिक कथाओं में से एक कथा कुछ इस प्रकार से कही सुनी जाती है- बहुत साल पहले की बात है ,जब अयोध्या में इश्वाकु वंश के (राजा बाहुक के पुत्र) राजा सगर राज्य किया करते थे, उनकी दो रानियां केशीनी व सुमति नाम से थीं लेकिन राजा सगर के यहां कोई औलाद नहीं थी, बाद में ऋषि भृगु के वरदान के परिणाम स्वरूप केशीनी के एक पुत्र व सुमति के यहां साठ हजार पुत्रों ने जन्म लिया था ।

ऋषि भृगु ने राजा सगर को यह भी वरदान दिया था कि उसके एक ही पुत्र से आगे वंश चलेगा। फूल फल रहे राजा सगर ने अपने राज्य की खुशहाली व लोगों की बेहतरी के लिए अश्वमेध यज्ञ का आयोजन कर रखा था, जिससे देवराज इंद्र को डर सताने लगा तो उसने यज्ञ में विघ्न डालने हेतु राजा सगर का घोड़ा चुराकर, दूर पाताल में, जहां ऋषि कपिल तपस्या कर रहे थे उधर ले जाकर बांध दिया, जिससे सगर के यज्ञ का सारा आयोजन बाधित हो गया और घोड़े की खोजबीन होने लगी। जब घोड़े का अता-पता राजा के कर्मचारियों को कहीं नहीं मिला तो फिर सगर के बेटे उसकी खोज में निकल पड़े। घोड़े को ढूंढते ढूंढते आखिर वे पाताल लोक जा पहुंचे जहां ऋषि कपिल अपनी तपस्या में लीन थे।

## गंगा सप्तमी पर विशेष



घोड़ा वहीं ऋषि के आश्रम के समीप ही बंधा था, जिसे देखते ही वे (सगर पुत्र)ऋषि पर बरस पड़े और उन्हें बुरा भला कहते हुए उनकी तपस्या में विघ्न डालने लगे। इस पर कपिल ऋषि ने अचानक, एकदम क्रोध में आंखें खोली और उनकी आंखों से ऐसी ज्वाला निकली कि देखते ही देखते वे सभी वहीं भस्म हो गए। इस तरह ऋषि कपिल की तपस्या भंग होने के क्रोध से भस्म हुए राजा सगर के बेटों की मुक्ति भी नहीं हो पा रही थी, जिसके लिए बाद में राजा सगर के पोते ऋषि भागीरथ ने माता गंगा की घोर तपस्या करके उन्हें स्वर्ग से पृथ्वी पर आमंत्रित किया था। इसके साथ ही साथ गंगा के बहाव को कम करने के लिए भगवान शिव से आराधना भी की गई कि वे गंगा को अपनी जटाओं में स्थान प्रदान करें, ताकि उसका वेग कम हो जाए। इस तरह से माता गंगा का ( वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी के दिन) भगवान शिव की जटाओं में अवतरण हुआ था। गंगा अवतरण की एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार, कहते हैं जब वामन अवतार भगवान विष्णु ने राक्षस राजा बलि को मुक्ति प्रदान की थी तो उस समय देव ब्रह्मा ने भगवान विष्णु के चरण धोकर उस जल को अपने कमंडल में डाल लिया था, उसी जल से फिर माता गंगा का अवतरण हुआ भी माना जाता है।

तीसरी कथा से पता चलता है कि एक बार भगवान शिव, देव ब्रह्मा, नारद मुनि और भगवान विष्णु के समक्ष गायन कर रहे थे तो भगवान विष्णु उनके गायन के स्वरों से पसीना पसीना हो गए,उसी पसीने को देव ब्रह्मा ने अपने कमंडल में डालकर इकठ्ठा कर लिया था, जिससे बाद में मां गंगा बनी। ऋषि भागीरथ के प्रयासों से माता गंगा के धरती पर पहुंचने से जहां उसके वंशजों (अस्थियों के प्रवाह से) सगर पुत्रों को मुक्ति मिली वहीं इस दिन के गंगा स्नान से सभी तरह के पापों से मुक्ति मिलती है। इस दिन निर्जला या फलहार व्रत रखा जाता है। पूजा के लिए अक्षत,सिंदूर, गुलाल, लाल रंग के फूल, लाल चंदन व दीप धूप के साथ आरती की जाती है। पूजा पाठ में रामायण या गीता पाठ किया जाता है और भगवान शिव की भी आराधना की जाती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स में से 32 हुए दुरुस्त

## जिले में शेष स्थलों का चरणबद्ध तरीके से होगा सुधार, ओवर स्पीडिंग पर नियंत्रण के लिए लगाएं स्पीड लिमिट बोर्ड: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी अपूर्व देवगन ।

**उपायुक्त** मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि जिला में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट्स) की पहचान की गई है, जिनमें से 32 स्थलों का सुधार कार्य बीते वर्ष में पूरा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि शेष स्थलों का सुधार चरणबद्ध रूप से किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। बैठक में मंडी जिले में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई और सुरक्षा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विभिन्न निर्णय लिए गए। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि ओवर स्पीडिंग पर नियंत्रण के लिए स्पीड लिमिट बोर्ड लगाए जाएं और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में क्रैश बैरियर लगाए जाएं।

उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चालकों की आंखों की नियमित जांच के लिए शिविर आयोजित करने और पिछले वर्ष शिविरों में कितने चालकों की आंखों की जांच की गई है, इसकी जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने एनएचएआई को फोरलेन सड़क पर एम्बुलेंस की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और इसकी जानकारी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने फोरलेन के किनारे स्थापित अवैध रेहड़ियों को हटाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में उपायुक्त ने क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय तथा स्वास्थ्य विभाग को वार्षिक सड़क सुरक्षा कार्य योजना तैयार करने को भी कहा। लोक निर्माण विभाग द्वारा यह योजना पहले ही तैयार कर ली गई है। उपायुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है और आम जनता को भी यातायात नियमों का पालन कर इस दिशा में सहयोग देना चाहिए। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, अधिशाषी अभियंता एवं सदस्य सचिव जिला सड़क सुरक्षा समिति डी.के. वर्मा, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम विजय कुमार, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नवीन कुमार, एमओएच डॉ. दिनेश ठाकुर तथा साइट इंजीनियर एनएचएआई संदीप सिंह भी उपस्थित रहे।

# मंडी को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस व संबंधित एजेंसियां कर रही हैं ठोस कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**जिला** मंडी को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस विभाग एवं संबंधित एजेंसियों द्वारा लगातार प्रभावी एवं ठोस कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। यह जानकारी उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने जिला स्तरीय एनकार्ड (नार्को कोआर्डिनेशन) समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि मंडी पुलिस ने नशा तस्करी में संलिप्त लोगों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए नशे की आपूर्ति श्रृंखला को कमजोर करने की दिशा में कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने पुलिस की ओर से अब तक की गई कार्रवाइयों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उपायुक्त बताया कि नशे की रोकथाम के लिए केवल प्रशासनिक प्रयास ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि यदि किसी को नशा तस्करी करने वाले या सेवन करने वाले की जानकारी है तो वे बिना किसी संकोच के पुलिस या संबंधित विभाग को सूचित करें। इसके लिए वह नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ड्रग फ्री इंडिया ऐप 'मानस', या फोन नंबर 1908 और स्थानीय पुलिस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर संपर्क कर सकता है। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### नशे के खिलाफ अभियान को बनाना होगा जन आंदोलन

**उपायुक्त** ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान को जन आंदोलन बनाना होगा। इसके लिए जिले के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई), महाविद्यालयों तथा सभी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों में नियमित जन जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस विषय पर संवेदनशील बनाकर युवाओं को नशे से बचाया जाएगा। बैठक में पुलिस, आबकारी, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, पंचायती राज, आईबी, नारकोटिक्स विभागों के तथा गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### विशाल मेगा मार्ट में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी शहर के साथ रामनगर में विशाल मेगा मार्ट में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। बता दें कि विशाल मार्ट की थी मंजिल पर स्थित सर्वो कंट्रोल पैनल में लगी आग ने सबको डरा दिया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया। आग लगने से लगभग लाखों के नुकसान का अनुमान है। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### नीति संशोधन को कैबिनेट में मिले मंजूरी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** प्रदेश करुणामूलक संघ की जिला मंडी इकाई द्वारा जोगिंद्रनगर में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल ब्लैनिया ने की, जिसमें बड़ी संख्या में करुणामूलक आधार पर नौकरी की प्रतीक्षा कर रहे आश्रितों ने भाग लिया। प्रेसवार्ता में विजय कान्त, नीरज, राकेश, जितेंद्र, अजय मानव, रीना देवी समेत अन्य आश्रितों ने सरकार से मांग की कि 7 मार्च 2019 को बनी करुणामूलक रोजगार नीति में संशोधन कर 5-6 मई को प्रस्तावित कैबिनेट बैठक में उस पर अंतिम मुहर लगाई जाए। संघ का कहना है कि वित विभाग द्वारा अस्वीकृत किए गए मामलों पर पुनर्विचार किया जाए और 22 अगस्त 2022 को जारी उस अधिसूचना को रद्द किया जाए, जिसमें कहा गया था कि एक बार अस्वीकृत मामला दोबारा विचार योग्य नहीं होगा।

### एंबुलेंस में महिला ने दिया बच्ची को जन्म

**कविता, पधर।** उपमंडल मुख्यालय पधर की डुहका निवासी भवानी देवी पत्नी यादव ने शुक्रवार को एक स्वस्थ कन्या को जन्म दिया। जानकारी के अनुसार, भवानी देवी को पधर अस्पताल से मंडी अस्पताल रेफर किया गया था। उन्हें 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से रवाना किया गया, लेकिन रास्ते में उनकी स्थिति गंभीर हो गई। ऐसे में ईएमटी चेतन ठाकुर ने स्थिति की नजाकत को समझते हुए तुरंत एम्बुलेंस को एक सुरक्षित स्थान पर रुकवाया और बिना समय गंवाए एंबुलेंस में ही प्रसव की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। इस दौरान वाहन को कुशलतापूर्वक संभालते हुए पायलट सोहन सिंह ने पूरा सहयोग प्रदान किया और महेड़ के पास एक सुरक्षित स्थान पर एंबुलेंस को रोक कर चेतन ठाकुर को निर्विघ्न कार्य करने का अवसर दिया। दोनों कर्मचारियों ने जिस धैर्य, निपुणता और सेवाभाव का परिचय दिया, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। जच्चा और बच्चा दोनों अब स्वस्थ हैं और मंडी अस्पताल में उपचाराधीन हैं। परिवारजनों ने एम्बुलेंस स्टाफ की तत्परता और सेवा भावना के लिए गहरा आभार प्रकट किया है।

### ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ट्रायल 6 व 24 मई को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** प्रशासन द्वारा गाड़ियों की पासिंग और ड्राइविंग लाइसेंस के ट्रायल की तिथियां तय कर दी गई हैं। एसडीएम मनीष चौधरी ने जानकारी दी कि गाड़ियों की पासिंग 23 मई को पुराने निर्धारित स्थान पर की जाएगी, जबकि ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ट्रायल 6 और 24 मई को आयोजित होंगे। एसडीएम ने बताया कि इस बार भी ड्राइविंग लाइसेंस ट्रायल गलू मेला मैदान में ही लिया जाएगा, जोकि पूर्व में भी निर्धारित स्थल रहा है। ट्रायल के लिए आने वाले आवेदकों को समय पर पहुंचने और नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस ट्रायल के लिए इच्छुक आवेदक समय रहते ऑनलाइन टोकन बुकिंग अवश्य करवा लें, क्योंकि टोकन के बिना किसी को भी ट्रायल में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# सार्वजनिक परिवहन व अन्य निर्धारित वाहनों में डस्टबिन रखना अनिवार्य: रोहित राठौर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**


वाहनों में डस्टबिन अनिवार्य रखने बारे जागरूक करते हुए एडीसी।

**प्रदेश** सरकार द्वारा सार्वजनिक परिवहन वाहनों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने की अधिसूचना जारी होने के उपरांत मंडी जिला में परिवहन विभाग के तत्वावधान में जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इसी क्रम में आज अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने मंडी के पड्डुल मैदान में विभिन्न विभागों के साथ अटैच गाड़ियों का निरीक्षण किया।

इन सभी गाड़ियों में सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडो के अनुसार डस्टबिन पाए गए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदूषण को रोकने तथा पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत सभी टैक्सियों, सार्वजनिक परिवहन सेवाओं, निजी परिवहन सेवाओं, ट्रकों तथा टेंपो ट्रैवलर इत्यादि में डस्टबिन रखना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने सभी सार्वजनिक परिवहन, टैक्सी तथा ट्रक ऑपरेटर यूनियनों के पदाधिकारियों को इस बारे सभी को जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि हिमाचल को प्रदूषण मुक्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि इन आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है तथा उन्हें 1500 से 10 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है। इस अवसर पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नवीन कुमार, जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव ओपी भाटिया भी उपस्थित थे।

# फोरलेन निर्माण कार्य में तेजी लाए एनएचएआई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंडी से पंडोह तक फोरलेन निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनएचएआई, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा निर्माण कार्य में संलग्न कंपनी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में विशेष रूप से एनएचएआई द्वारा निर्माण के दौरान किए जा रहे कटिंग कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि संबंधित एजेंसी इस कार्य को आगामी 31 मई तक पूरा करना सुनिश्चित करें और इसमें किसी भी तरह की कोताही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा की कटिंग कार्य के दौरान फोरलेन को आंशिक रूप से बंद करने से आम जनता को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित की जाए।

### चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए थाना प्रभारी की अपील

# लंबे समय के लिए घर से बाहर जाने से पहले थाने में करें सूचित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** क्षेत्र में हाल ही में चोरी में आई वृद्धि को देखते हुए थाना जोगिंद्रनगर ने आम जनता के लिए एक सार्वजनिक सलाह जारी की है। थानाध्यक्ष सकीनी कपूर के अनुसार, ज्यादातर घटनाओं में वे घर निशाना बने हैं जो लंबे समय से खाली थे या जिनके मालिक क्षेत्र से बाहर गए हुए थे। पुलिस ने निवासियों से अपील की है कि वे सतर्कता बरतें और अपनी संपत्ति की सुरक्षा के लिए कुछ आवश्यक एहतियाती कदम उठाएं। इनमें से लंबे समय के लिए बाहर जाने पर थाने को सूचित करना, किराएदारों का विवरण दर्ज कराना और उनकी वैध पहचान पत्र की प्रति थाने में जमा कराना, घरों में सीसीटीवी कैमरे और पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करना, पड़ोस वॉच ग्रुप बनाना तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देना शामिल हैं। पुलिस ने कहा है कि यदि किसी घर में ताले लगे हों व वह संदिग्ध प्रतीत हो, इसकी जानकारी तुरंत स्थानीय बीट स्टाफ या एसएचओ को दें। थाना जोगिंद्रनगर ने नागरिकों से क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहयोग की अपील की है और सामुदायिक सतर्कता को अपराध रोकने का प्रभावी उपाय बताया है।


सकीनी कपूर
थाना प्रभारी, जोगिंद्रनगर।

# ओटीपी शेयर किए बिना ही खाते से निकले पैसे

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** के भराड़ू निवासी विवेक गुप्ता साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 1 मई को उनके मोबाइल फोन पर तीन-चार बार ओटीपी नंबर आए, लेकिन उन्होंने ये नंबर किसी के साथ साझा नहीं किए। इसके बावजूद पांच मिनट के भीतर उनके एचडीएफसी बैंक खाते से दो बार में कुल 10,029 रुपए की निकासी हो गई।

पहली बार खाते से 9,679.36 रुपए और दूसरी बार 350 रुपये निकाले गए। विवेक गुप्ता ने बताया कि उन्होंने तुरंत बैंक को सूचना दी और शिकायत दर्ज करवाई। साथ ही उन्होंने पुलिस से भी गुहार लगाई है कि उनके पैसे वापस दिलवाए जाएं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस ने मामले में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में एचडीएफसी बैंक जोगिंद्रनगर के शाखा प्रबंधक जे पी ठाकुर ने पुष्टि करते हुए कहा कि बैंक को शिकायत प्राप्त हुई है और इस पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। साइबर सुरक्षा से जुड़े इस मामले ने फिर एक बार लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है, खासकर डिजिटल लेन-देन के दौरान। (अनंत ज्ञान)

**साइबर ठगी का शिकार हुआ भराड़ू का निवासी**

# आतंकी हमले के विरोध में निकाली आक्रोश रैली

## सरकाघाट एक्स सर्विस मैन लीग ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**


सरकाघाट एक्स सर्विस मैन लीग सदस्य विरोध-प्रदर्शन करते हुए।

**पूर्व** सैनिक लीग सरकाघाट ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शक्रवार को आक्रोश रैली निकाली इससे पहले पूर्व सैनिकों और वीर नारियों ने आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों व घायलों को श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखा।

लीग के अध्यक्ष कैप्टन प्यार चंद ने कहा कि आतंकवादी घटनाएं दुखद और निंदनीय है और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का संकल्प लेना चाहिए। और देश की सुरक्षा के लिए लिए सेना में कोई कमी नहीं करनी चाहिए और नये हथियारों की क्षमता के आधार पर नई भर्तियां होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय पूर्व सैनिक सेना के साथ हैं और आवश्यकता पड़ने पर भारत माता की रक्षा करने करने के लिए त्यार हैं उन्होंने और पूर्व सैनिकों ने पाकिस्तान के प्रधान मन्त्री पाक सेना के जनरल व आतंकी संघठन की कठोर निंदा की। इस मौके पर अध्यक्ष कैप्टन प्यार चंद, कैप्टन हुकम चंद सचिव कैप्टन बलदेव राज, कैप्टन रघवीर, विजय कुमार, कैप्टन सुरेंद्र कुमार, कमलेश कुमार, सुबेदार बिद्यासागर, टीएस डोगरा, सुशील वर्षा देवी, विधा देवी, मीना, सुनीता देवी, भारती देवी, आनत राम, रमेश व स्थानीय लोग व अन्य इलाके के पूर्व सैनिक व वीर नारियों ने भाग लिया।

# बाल विवाह करवाने पर सेवा प्रदाताओं को भी हो सकती दो साल की सजा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह करवाने पर विवाह सेवा प्रदाताओं जिसमें पंडित, केटरिंग का कार्य करने वाले, टैंट एव डीजे इत्यादि सेवा प्रदाता शामिल हैं, को भी दो साल तक का कठोर कारावास या एक लाख रुपये तक का जुर्माना या फिर दोनों सजाएं हो सकती हैं। एसडीएम बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह रोकथाम व जागरूकता को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नाबालिगों द्वारा किया गया विवाह गंभीर और गैर जमानती अपराध है। बैठक में सीडीपीओ बीआर वर्मा के अतिरिक्त बीईईओ चौंतड़ा राजू राम तथा संबंधित विभागों के कर्मचारी व अधिकारी सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# जोगिंद्रनगर में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह रामभरोसे: कुशाल भारद्वाज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**हिमाचल** किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष व जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज ने जोगिंद्रनगर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर प्रदेश सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर में बीते 13 वर्षों से सड़क, परिवहन और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं बदहाल पड़ी हैं, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति तो पूरी तरह राम भरोसे हो चुकी है।

कुशाल ने आरोप लगाया कि जोगिंद्रनगर में कांग्रेस और भाजपा की 'मैच फिक्सिंग' चल रही है, जिससे आम जनता पिस रही है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा सत्ता में थी तो कांग्रेस से जुड़े ठेकेदार भाजपा नेताओं के कहार बन गए थे और अब कांग्रेस की सरकार में भाजपा के ठेकेदार कांग्रेस नेताओं के साथ हो लिए हैं।

### एक डॉक्टर के सहारे चल रहा चौंतड़ा का सीएचसी

**चौंतड़ा** का सीएचसी एकमात्र डॉक्टर के भरोसे चल रहा है, जबकि यह अस्पताल हाईवे के किनारे स्थित है और 15 पंचायतों के साथ-साथ सड़क हादसों के घायलों की सेवा भी करता है। पधर अस्पताल और अन्य पीएचसी में भी विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं हैं।

कुशाल ने बताया कि सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में एमडी, सर्जन, हड्डी रोग, नेत्र रोग, चर्म रोग, ईएनटी और शिशु रोग विशेषज्ञों के पद लंबे समय से खाली हैं। लडभड़ोल में बिना सुविधाओं के सिविल अस्पताल का बोर्ड टांग दिया गया है, जबकि यह अस्पताल सीएचसी स्तर से भी नीचे है।

# कांग्रेस ने हिमाचल निर्माता स्व. डॉ. यशवंत सिंह परमार को किया याद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**गांधी** भवन मंडी में हिमाचल प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री हिमाचल निर्माता स्व. डॉ. यशवंत सिंह परमार की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी मंडी ने एक बैठक का आयोजन किया।

बैठक की अध्यक्षता चंपा ठाकुर जिला परिषद सदस्य ने की। सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर चंपा ठाकुर ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि हिमाचल प्रदेश के निर्माण में डॉ. यशवंत सिंह परमार का महान योगदान रहा है, हिमाचल प्रदेश को अस्तित्व में लाने और विकास की नींव रखने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस मौके पर आकाश शर्मा, अनिल सेन, योगेश पटियाल, प्रदीप शर्मा, प्रकाश कश्यप, आर.सी मलहोत्रा, हितेश ठाकुर, प्रतीक ठाकुर संजय शर्मा, लाभ सिंह आदि उपस्थित रहे।


हिमाचल निर्माता स्व. डॉ. यशवंत सिंह परमार को याद करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

# जल्द जारी हो स्पोर्ट्स कैलेंडर: सुरेश कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश शारीरिक संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार ने कहा कि शिक्षा विभाग ने इस वर्ष स्पोर्ट्स कैलेंडर बनाकर बहुत सराहनीय कार्य किया था, लेकिन विभाग ने इस कैलेंडर को होल्ड कर दिया है। संघ सरकार से मांग करता है कि इस कैलेंडर में कुछ बदलाव कर नया कैलेंडर जल्दी जारी किया जाए। अंडर.14 टूर्नामेंट को मानसून ब्रेक से पहले और अंडर.19 टूर्नामेंट को मानसून ब्रेक के बाद करवाए जाए जिन जिलों का मौसम खेल प्रतियोगिता करवाने के अनुकूल है उन जिलों को टूर्नामेंट करवाने की अनुमति भी दी जाए। मई महीना का मौसम खेल प्रतियोगिता करवाने के लिए अनुकूल रहता है। जून में हिट वेव और अगस्त में भारी बरसात रहती है, जिससे बच्चों की सुरक्षा खतरा बना रहता है। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान रख कर भी फैसला लिया जाए।

# डीएवी मंडी ने महात्मा हंसराज पुरस्कार से सम्मानित प्राचार्य का किया स्वागत



स्वागत करने के उपरांत संबोधित करते हुए प्रचार्य केएस गुलेरिया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**डीएवी** सेंटेनरी पब्लिक स्कूल मंडी ने महात्मा हंसराज पुरस्कार से सम्मानित प्राचार्य केएस गुलेरिया के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया। समारोह के दौरान छात्रों एवं शिक्षकों ने भावपूर्ण भाषणों, करतल ध्वनि और उत्साहपूर्ण अभिव्यक्तियों से अपने प्रिय प्राचार्य को बधाई दी। गुलेरिया ने मंच से बोलते हुए इस सम्मान को अपने दिवंगत माता-पिता, सहयोगी परिवार, समर्पित शिक्षकों, विद्यार्थियों और सदैव सहयोगी अभिभावकवर्ग को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि व्यक्तिगत नहीं, बल्कि डीएवी सीपीएस मंडी की सामूहिक भावना और टीम वर्क का परिणाम है।

# डिजिटल लाइब्रेरी को भेंट की 180 पुस्तकें

## एनडीए, नीट व जेईई की तैयारी में जुटे युवा डिजिटल लाइब्रेरी में होंगे परिपक्व

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**


जोगिंद्रनगर में डिजिटल लाइब्रेरी को 180 पुस्तकें भेंट करते हुए।

**डिजिटल** लाइब्रेरी जोगिंद्रनगर के लिए क्रिसेंट स्कूल के प्रबंध निदेशक विजय शर्मा व जोगिंद्रनगर के अन्य समाजसेवियों ने लगभग 180 पुस्तकें भेंट की हैं। उन्होंने सार्वजनिक पुस्तकालय संचालन समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी की उपस्थिति में यह पुस्तकें भेंट कीं। पुस्तकालय में नीट, जेईई व एनडीए जैसी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे युवाओं के लिए ये पुस्तकें लाभप्रद साबित होंगी।

एसडीएम ने बताया कि इससे पूर्व डिजिटल लाइब्रेरी के लिए समाजसेवी सोहन लाल सहोता ने दो कंप्यूटर तथा समाजसेवी एकाकश ने भी किताबें भेंट की हैं। एसडीएम ने सहयोग प्रदान करने के लिए विजय शर्मा व सभी समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया है। मनीष चौधरी ने आए हुए समाजसेवियों के साथ बैठक भी की तथा कहा कि उनका प्रयास है कि पुस्तकालय में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे युवाओं तथा बच्चों के लिए विविध विषयों की पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो, इस दिशा में वे निरंतर प्रयासरत हैं। इस नेक कार्य के लिये एसडीएम ने पुस्तकें भेंट करने वाले सभी समाजसेवियों का आभार जताया। इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल, सचिव सुशील पठानिया, वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर, मेजर जीएस बरवाल, व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर के सचिव सतवीर, तलकेहड पंचायत की प्रधान शुचिका, समाजसेवी सोहन लाल सहोता भी मौजूद रहे।

**सख्ती** | किसान सभा, केंद्र सरकार के मोर्थ विभाग और ठेकेदारों के साथ आयोजित बैठक में बोलीं स्वाति डोगरा

# एनएच निर्माण कंपनी 15 दिनों में सुधारे काम: एसडीएम

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

**राष्ट्रीय** उच्च मार्ग निर्माण में बरती जा रही लापरवाही और अवैध डंपिंग की शिकायतें दर्ज होने और किसान सभा द्वारा मुद्दा उठाने कारण एसडीएम स्वाति डोगरा ने गत माह जांच करवाने के बाद शुक्रवार को कंपनी और केंद्र सरकार के मोर्थ विभाग व वन, खनन, राजस्व तथा पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जो दो घंटे तक चली और सभी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह के अलावा किसान सभा के पदाधिकारी रणताज राणा, देश राज पलसरा, नानक चंद, एडवोकेट अनिल कटवाल व अन्यों सहित तीन दर्जन सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में जांच कमेटी द्वारा मौके पर जाकर देखे गए हालातों की रिपोर्ट तहसीलदार रमेश भारद्वाज द्वारा पेश की गई, जिसमें निर्माण कार्य में कई कमियां पाई गईं। एसडीएम ने कहा कि एनएच निर्माण कंपनी 15 दिन में काम सुधारे। बीआरन निर्माण कंपनी को पाड़छु पुल से आगे कुम्हरड़ा तक की गई अवैध कटिंग का मलबा खड्डों, नालों और वन भूमि तथा निजी भूमि पर से हटाने के निर्देश दिए और जहां से मलबा हटाया नहीं जा सकता है उसका मुआवजा देने के निर्देश जारी किए। उन्होंने कंपनी को कहा कि यदि कटिंग से जो मलबा हर कहीं फेंका है, यदि बरसात में उससे कोई नुकसान होता है तो उसकी जिम्मेदारी कंपनी की होगी। रियूर ओबीसी और अनुसूचित जाति की बस्ती और अन्य स्थानों के पास जहां जहां घरों को खतरा पैदा हो गया है वहां पर सुरक्षा दीवारें 15 मई तक लगाने के लिए कहा गया। पाडछु से हुक्कल तक की गई ब्लास्टिंग से 16 घरों को हुए नुकसान का मुआवजा देने के निर्देश व अवैध खनन पर तुरंत रोक लगाने के लिए निर्देश दिए गए। इसके लिए माईनिंग विभाग को कार्रवाई करने के लिए कहा गया। (अनंत ज्ञान)

### बरसात से पहले हटाएं मिट्टी

**बैठक** में पाडछु पुल के दोनों तरफ अप्रोच रोड़ को अगले 15 दिनों में ठीक करने तथा खड्ड में डाली गई मिट्टी को बरसात से पहले हटाने के निर्देश दिए गए। हालांकि बैठक में यह बात भी सही पाई गई कि कंपनी ने बिना अनुमति के यह मिट्टी डंप की है और पाडछू पुल से आगे मार्च महीने तक की गई ब्लास्टिंग अनियंत्रित तरीके से नवंबर से मार्च तक की है ।


बैठक में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मी व किसान सभा के सदस्य।

### अवैध खनन के लिए नोटिस जारी

**वन** भूमि पर की गई अवैध डंपिंग के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए कहा गया। भूपेंद्र ने बताया कि वन विभाग ने कंपनी को दस स्थानों पर अवैध डंपिंग करने तथा माइनिंग विभाग ने भी अवैध खनन के लिए नोटिस जारी किए हैं, जिससे किसान सभा द्वारा उठाए गए मुद्दे सही पाए गए हैं और कंपनी को निर्देश दिए गए कि इन सभी कमियों को नहीं सुधारा गया, तो प्रशासन कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रशर के खिलाफ धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हरोली विधानसभा के नंगल खुर्द पंचयात में लगे क्रशरों के विरोध में ग्रामीणों और महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा ने एडीसी महेंद्र पाल गुजर से मुलाकात की। सभा द्वारा बताया गया कि नंगल खुर्द के गांव के बीच में दो क्रशर लगे हैं, जिसकी धूल-मिट्टी उड़कर लोगों के घरों में आती है जिससे लोग अस्थमा के शिकार हो रहे हैं। सभा के चेयरमेन नव बैंस ने बताया कि इसके अलावा लगातार गांव में बड़े बड़े टिप्पर गुजरते हैं जिससे कोई बड़ा हादसा होने का अंदेशा है। उन्होंने कहा कि 4 मई को गांव में धरना-प्रदर्शन करेंगे।

### बालीवाल में लगा सांसद मोबाइल स्वास्थ्य शिविर

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हरोली विधानसभा क्षेत्र के बालीवाल गांव में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा (चलित अस्पताल) के माध्यम से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन डॉ. प्रदीप (हरोली) और उनकी टीम में शामिल रुचि, मनीष व निहाल द्वारा किया गया। शिविर में कुल 80 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 37 लोगों के लैब टेस्ट भी किए गए। जांच के दौरान 10 मरीजों में मधुमेह, 11 में उच्च रक्तचाप और 25 में जोड़ों के दर्द की समस्या सामने आई। सभी जरूरतमंदों को मौके पर ही निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

### उप-निदेशक ने औचक निरीक्षण किया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उच्च विद्यालय गुरपलाह में उप-निदेशक शिक्षा गुणवत्ता नियंत्रण नीलम कुमारी, प्रिंसिपल डाइट (देहलां) ऊना राकेश अरोड़ा के नेतृत्व में टीम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में रखे गए सुव्यवस्थित रिकार्ड, विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति सहित स्कूल की अन्य गतिविधियों की जानकारी हासिल की गई। स्कूल के सभी रिकॉर्ड की जानकारी सही पाई गई जिसकी उपनिदेशक शिक्षा गुणवत्ता नियंत्रण नीलम कुमारी ने सराहना की। इस निरीक्षण के दौरान टीम ने स्कूल के रिकार्ड को भी जांचा।

### लडोली पंचायत को डीप फ्रीजर किया भेंट

**विवेक शर्मा, अंब।** पंजोआ लड़ोली पंचायत तहसील अंब की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था सर्वहितकारी सभा पंजोआ लडोली द्वारा समाज सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। संस्था ने पंचायत लडोली पंचायत को जनता की सुविधा के लिए डीप फ्रीजर और स्टील कॉर्प्स कैरियर दानस्वरूप भेंट किए।इस अवसर पर सभा के प्रधान मदन लाल दीवान, सचिव कुशल कुमार तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभा के सदस्यों द्वारा गुप्तदान के रूप में दी गई इन वस्तुओं की कुल लागत 55,500 रही। ग्राम पंचायत लडोली के प्रधान बलविंदर सिंह ने सभा के इस योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज के लिए एक प्रेरणास्पद पहल है, जिससे अन्य संस्थाओं को भी जनहित में योगदान देने की प्रेरणा मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

### एएसआई सुरेश कुमार नशा तस्करों पर पड़ रहे भारी

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** पहाड़ की जवानी को नशे के भंवर में फंसाकर पहाड़ को खोखला करने का ख्वाब पाले नशा माफिया पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के एएसआई सुरेश कुमार कहर बनकर टूटे हैं। एएसआई सुरेश कुमार की अगुवाई में पिछले करीब दस माह में एएनटीएफ हेरोइन तस्करी के ही करीब बीस मामले पकड़ चुकी है। इन बीस मामलों में एएनटीएफ अब तक करीब पांच सौ ग्राम हेरोइन की खेप पकड़ चुकी है। सुरेश कुमार जब गगरेट पुलिस में बतौर हैड कांस्टेबल तैनात थे तो नशा तस्करों के लिए सिल्क रूट बने होशियारपुर-गगरेट मार्ग पर उन्होंने कई नशा तस्करों को पकड़ कर सलाखों के पीछे पहुंचाया। अब सुरेश कुमार एएनटीएफ नार्दन रेंज कांगड़ा में बतौर एएसआई तैनात हैं तो यहां भी नशा माफिया के विरुद्ध उनका कहर जारी है। इससे पहले कांगड़ा जिले के डमटाल क्षेत्र में भी उनकी टीम 105 ग्राम हेरोइन की खेप पकड़ चुकी है तो अब उन्होंने गगरेट में 121.80 ग्राम हेरोइन की खेप के साथ तरनतारन जिले के तीन नशा तस्करों को रंगे हाथों पकड़ा है।

### पशुचारा रखने को लेकर भाई ने भाई को पीटा

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** घनारी गांव में कमरे में पशुचारा रखने पर हुए विवाद के चलते भाई ने ही भाई पर डंडा चला दिया। आरोप यह भी है कि जब उसे छुड़ाने उसकी पत्नी व बेटा आए तो भाई ने उनसे भी मारपीट की और जान से मारने तक की धमकियां दी। शिकायत में घनारी गांव के रजनीश कुमार ने कहा कि जब वह अपने घर के एक कमरे में तूड़ी रख रहे थे तो उसका बड़ा भाई व भाभी उससे बहस करने लगे कि तूड़ी यहां नहीं रखने देंगे और उन्होंने मारपीट की। रजनीश कुमार ने कहा कि उन्हें व उनके परिवार को इनसे जान का खतरा है। अगर इन्हें कुछ होता है तो ये लोग ही जिम्मेदार होंगे। डीएसपी वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बड़ूही में कबाड़ की दुकान में भीषण आग, लाखों का नुकसान

## दमकल टीम और लोगों के प्रयास से पाया काबू

**हीना पठानिया, बड़ूही**


कबाड़ की दुकान में लगी आग पर काबू करने का प्रयास करते दमकल कर्मचारी।

बड़ूही बाजार में स्थित दीपक साहनी पुत्र तिलक राज साहनी की कबाड़ की दुकान में भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही मिनटों में काफी मात्रा में कबाड़ी का सामान जलकर राख हो गया।

दीपक साहनी ने बताया कि उन्हें सुबह स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना दी। जब तक मैं दुकान पहुंचा, तब तक आग बहुत फैल चुकी थी। मैंने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। उन्होंने बताया कि शुरुआती आकलन के मुताबिक करीब तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है, लेकिन नुकसान इससे ज्यादा भी हो सकता है। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। स्थानीय लोगों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। खुशकिस्मती रही कि दुकान के पास स्थित खेतों में दो दिन पहले ही गेहूं की फसल काटी गई थी, अन्यथा आग खेतों तक पहुंच जाती और स्थिति और भयावह हो सकता थी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यदि आग समय रहते नहीं बुझाई जाती, तो यह रिहायशी इलाकों तक पहुंच सकती थी और कई घर इसकी चपेट में आ सकते थे।

दमकल विभाग के कर्मचारियों को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि दुकान में बड़ी मात्रा में कबाड़ सामग्री मौजूद थी। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन दुकान के ऊपर से गुजरी बिजली की तारों के तेज तूफान की वजह से आपस में टकराने से चिंगारी गिरने से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन की ओर से जांच शुरू कर दी गई है। फायर ब्रिगेड इंचार्ज चौकी अंब का कहना है कि हमें जैसे ही सूचना मिली हम तुरंत फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर मौका पर पहुंचे। राजस्थानी लोगों की मदद से आग पर जल्दी काबू पा लिया गया और लोगो से अपील भी की अपने दुकान और घर के आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें, अगर कोई ऐसी घटना होती है तुरंत सूचित करें। (अनंत ज्ञान)

## संवेदनशील क्षेत्र में फायर हाइड्रेंट नहीं

**मुकेश कुमार, हरोली**

गर्मियों में सबसे अधिक आग की घटनाओं से संवेदनशील हरोली के टाहलीवाल में फायर हाइड्रेंट नहीं है। आग की घटना से निपटने के लिए यहां अग्निशमन विभाग के कर्मियों को दूसरे हाइड्रेंट पर निर्भर होना पड़ता है। उपमंडल हरोली में मुख्य रूप से गेहूं की फसल की पैदावार की जाती है। क्षेत्र में जंगल का भी काफी बड़ा भू भाग है, साथ ही पंडोगा मेहतपुर तथा टाहलीवाल में इंडस्ट्री एरिया पड़ता है, यहां छोटी बड़ी फैक्टरियां लगी हुई हैं। बड़ी मात्रा में मजदूर फैक्टरियों में काम करते हैं तथा खेतीबाड़ी का कार्य करने विभिन्न स्थानों पर घास-फूस से बनी झुग्गियों में रहते हैं।

इस कारण खास कर फायर सीजन में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। कभी शॉर्ट सर्किट की वजह से गेहूं की फसल में आग लग जाने के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। पिछले दिनों पटाखा फैक्टरी में आग लगने से 13 मजदूरों की मौत हो गई थी। मजदूरों की झुग्गियों में गर्मियों में आग लगने की घटनाएं आम हो चुकी हैं। हर साल आग की घटनाओं में सैकड़ों झुग्गियां आग की भेंट चढ़ जाती हैं। जंगलों में भी आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। फायर ब्रिगेड द्वारा हर साल लाखों रुपए की वन संपदा गेहूं की फसल तथा झुग्गियों में लगी आग को बुझाकर लाखों रुपए के नुकसान से बचाया भी जाता है। रायपुर पर सहोड़ा में एलपीजी गैस प्लांट स्थापित है, जिससे पूरे भारत वर्ष में एलपीजी गैस की सप्लाई की होती है, वहीं पेखुबेला में ऑयल डिपो है जहां से हिमाचल पंजाब-जम्मू सहित अन्य राज्यों में ऑयल की सप्लाई होती है, इसलिए यह सारा एरिया डेंजर जोन में आता है।

**टाहलीवाल में आग लगने पर हो रही दिक्कत**

**फायर चौकिया बनाने की जोर-शोर से उठ रही मांग**



उपमंडल हरोली के टाहलीवाल में फायर चौकी स्थापित है, जहां दो गाड़ियों की व्यवस्था है। इतने बड़े एरिया को कवर करने के लिए टाहलीवाल में फायर स्टेशन की स्थापना होनी चाहिए। अभी टाहलीवाल चौकी के पास पानी की अपनी व्यवस्था नहीं है। हाइड्रेंट नहीं होने के चलते उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। हालांकि जरूरत पड़ने पर ऊना अग्निशमन की गाड़ियों से भी आग पर काबू पाया जाता है। यहां के इंडस्ट्रियल एरिया हो वहा पर फायर चौकी होना अनिवार्य है, बावजूद इसके किसी भी इंडस्ट्रियल एरिया में फायर चौकी की स्थापना अभी तक नहीं की गई है जो कि एक बहुत बड़ी भूल भी साबित हो सकती है।

हाल के दिनों में ही आग की बड़ी घटनाएं सामने आई हैं, ऐसी घटनाएं देखते हुए जल्द फायर चौकियों की स्थापना की मांग उठने लगी है। (अनंत ज्ञान)

## उद्योग में आग से एक लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान, हरोली।** उपमंडल हरोली के तहत पड़ते पंडोगा के इंडस्ट्री एरिया में एक बुरा उद्योग में अचानक आग लगने से करीब एक लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे पंडोगा स्थित एक उद्योग में आग भड़क गई। मजदूरों ने तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग को दी तथा आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। ज्वलनशील पदार्थ होने के चलते आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं।

अग्निशमन की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गनीमत यह रही कि आग ने साथ लगते उद्योग को अपनी चपेट में नहीं ले लिया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इस अग्निकांड में लगभग एक लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। अग्निशमन विभाग की मुस्तैदी से करोड़ों रुपए के होने वाले नुकसान को बचाया गया है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है।

## विधायक ने बारिश से नुकसान का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


किसानों के साथ बारिश के नुकसान को लेकर जानकारी लेते विवेक।

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने वीरवार देर शाम हुई भारी बारिश और तेज तूफान से कुटलैहड़ विस क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर जाकर जायजा लिया। उन्होंने कई परिवारों को आर्थिक मदद भी प्रदान की। भारी बारिश और तेज तूफान ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में तबाही मचा दी। तेज हवाओं और मूसलधार बारिश से कई घरों की छतें उड़ गईं और दर्जनों परिवारों को भारी नुकसान झेलना पड़ा।

इस प्राकृतिक आपदा के बाद शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक विवेक शर्मा ने प्रभावित इलाकों का दौरा कर हालात का जायजा लिया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। विधायक विवेक शर्मा ने दौरे के दौरान पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि कुटलैहड़ की जनता उनका परिवार है और वे हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा मैं हर सुख-दुख में अपने क्षेत्रवासियों के साथ हूं। जब भी कोई विपत्ति आती है, मेरा पहला कर्तव्य अपने लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं समझना और उन्हें राहत पहुंचाना होता है। विधायक विवेक शर्मा ने मौके पर ही कई परिवारों को तात्कालिक राहत स्वरूप आर्थिक सहायता भी प्रदान की। उन्होंने बताया कि प्रशासन को आदेश दिए गए हैं कि वे तुरंत नुकसान का आकलन करें और इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर राहत कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाएं।

विवेक शर्मा ने स्थानीय अधिकारियों के साथ राहत वितरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति लाने के निर्देश भी दिए। गांवों में कई मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं बिजली के खंभे गिरने से आपूर्ति भी बाधित हो गई है। सब्जियों की तैयार फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई है। विधायक विवेक शर्मा ने बताया

**पीड़ितों को की आर्थिक सहायता प्रदान**

कि रिपोर्ट मिलने के बाद पीड़ितों को सरकारी राहत कोष से मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। वहीं, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को बहाल करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में पहले भी आपदाओं के समय उनकी तत्परता और संवेदनशीलता से कार्य करना चाहिए, ताकि पीड़ित परिवारों तक मदद पहुंच सके। इस मौके पर अधिकारी कर्मचारी एवं पार्टी प्रमुख मौजूद रहे।

## बीपीएल परिवारों के चयन की आवेदन तिथि 17 तक बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, ऊना**

एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान की अध्यक्षता में डीआरडीए हॉल ऊना में बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवारों के चयन प्रक्रिया संबंधी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपमंडल क्षेत्र ऊना के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस दौरान एसडीएम ऊना ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ चयन प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ऊना केएल वर्मा ने पूर्व में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई थी जिसे अब बढ़ाकर 17 मई कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी इच्छुक पात्र व्यक्ति अपने आवेदन पत्र पंचायत सचिव के कार्यालय में समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित 17 मई तक जमा करवा सकते हैं। इसके उपरांत उप-मंडलाधिकारी (नागरिक) ऊना द्वारा गठित सत्यापन समिति द्वारा सभी आवेदनों की जांच की जाएगी।

यह सत्यापन कार्य 25 जून तक पूर्ण की जाएगी। इसके उपरांत सूची पंचायत के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी और जुलाई माह में आयोजित ग्राम सभा बैठक में प्रस्तुत की जाएगी। यह पूरी प्रक्रिया सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार 15 अक्तूबर पूर्ण कर ली जाएगी।


**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी एवम् तहसील तहसील बल्ह, जिला मण्डी ( हि.प्र. )**
मिसल नम्बर - 15/2017 तारीख दाखला - 29-12-2017 तारीख पेशी - 27-05-2025
लाभ सिंह पुत्र श्री सरदारु उर्फ बतिया पुत्र श्री गुरिया, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी अब्बल, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश)। ...प्रार्थी
**बनाम**- नेत्र सिंह-नागणु राम-लाल सिंह पुत्र, सत्या देवी पुत्री व नोखी देवी पत्नी श्री पलस राम, पार्वती देवी-पुत्री श्री सरदारु उर्फ बतिया, कंचना देवी पत्नी श्री दिनेश कुमार, योगिता रानी पत्नी श्री जसवन्त सिंह, गोपाल चन्द भवनेश्वर दत पुत्रगण श्री परमा पुत्र श्री बालकू, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी अब्बल, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), अधिशाषी अभियन्ता, जल शक्ति विभाग मण्डल बग्गी, सुखिया पुत्र श्री सिधू, भीखम राम-गिरधारी लाल-धर्मचन्द-परस राम पुत्रगण श्री परमा, निवासी गाँव/मुहाल कैहड, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), कमला, समा देवी बिहारी लाल, निवासी गाँव/नागचला, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), डुमणु राम पुत्र श्री सिधू, निवासी गाँव/मुहाल बैहना, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), नन्दु खेम चन्द हुक्म चन्द व ओम प्रकाश पुत्र श्रीमती हिमा देवी पत्नी श्री बृकम, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी अब्बल, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), रुकमणी देवी पुत्री हिमा देवी व हाल पत्नी श्री सोहन लाल, चन्दा देवी पुत्री श्रीमती हिमा देवी व हाल पत्नी श्री खेम सिंह, निवासी गाँव/मुहाल दौहन्दी, डाकघर नागचला, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), विमला देवी पत्नी श्री जैदेव, तारा चन्द भुपेन्द्र सिंह गोविन्द राम पुत्र श्री जयदेव, निवासी गाँव/मुहाल पाथरु, डाकघर बग्गी, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश)।
**ईश्तहार समाचार पत्र तकसीम मामला पेशी में हाजिर होने बारे** - यह दावा आवेदक लाभ सिंह पुत्र श्री सरदारु उर्फ बतिया पुत्र श्री गुरिया, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी अब्बल, डाकघर राजगढ ने इस न्यायालय में जेर धारा 123 अधिनियम के तहत भूमि तकसीम खाता 23 खतौनी 28 किता 13 रकवा 15-09-19 विघा मुहाल खियुरी दोम/285 तहसील बल्ह, जिला मण्डी कर रखा है। इसलिये इस ईश्तहार समाचार पत्र के माध्यम से उपरोक्त समस्त प्रतिवादीगणों को सूचित किया जाता है कि उक्त विषय के सम्बन्ध में किसी को कोई उजर एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन अपना उजर एतराज बारे इस अधोहस्तारी के न्यायालय में दिनाँक 27-05-2025 को प्रातः 10:00 बजे से उससे पूर्व उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित अवधि के दौरान कोई भी उजर एतराज न आने की सूरत मेंएक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
यह ईश्तहार आज दिनांक 28-04-2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय द्वारा जारी किया गया
**सहायक सहार्ता प्रथम श्रेणी, तहसील बल्ह, जिला मंडी, हि.प्र.**



**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी एवम् तहसील तहसील बल्ह, जिला मण्डी हि.प्र. )**
मिसल नम्बर 19/2017 तारीख दायर -29-12-2017 तारीख पेशी 27-05-2025
लाभ सिंह पुत्र श्री सरदारु उर्फ बतिया पुत्र श्री गुरिया, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी अब्बल, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश)। ......प्रार्थी......
**वनाम**-नेतर सिंह-नागणु राम लाल सिंह पुत्र, सम्या देवी पुत्री व नोखी देवी पत्नी श्री पलस राम, पार्वती देवी हिमा देवी पुत्रियाँ श्री सरदारु उर्फ बतिया, कैंचना देवी पत्नी श्री दिनेश कुमार, योगिता रानी पत्नी श्री जसवन्त लाल सिंह, परमा पुत्र श्री बालकू, गोपाल चन्द-भवनेश्वर दत पुत्रगण श्री परमा पुत्र श्री बालकू, हिदेर पुत्र श्री नैणु, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी अब्बल, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), नीलम कुमारी पुत्री श्री बेसर पुत्र श्री जियुणू व हाल पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार, निवासी गाँव/मुहाल देवीदढ, तहसील चच्योट, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), सरीता देवी पुत्री श्री बेसर व हाल पत्नी श्री प्रबीन, निवासी व डाकघर सलणू, तहसील सदर, जिला बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश), सन्तोष कुमार पुत्र श्री बेसर राम, मीरा देवी पत्नी श्री बेसर राम, केश चन्द देवेन्द्र कर्म सिंह पुत्रगण श्री जियुणू, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी अब्बल, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), उर्मिला देवी पुत्री श्री जियुणू व हाल पत्नी श्री खुब राम, निवासी गाँव/मुहाल सुराह, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), होशियार चन्द पुत्र श्री सोहणू पुत्र श्री नैणू, कार्तिक पुत्र श्री योग राज, बलदेव पुत्र श्री सोहनू, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी अब्बल, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), मथरा देवी पुत्री श्री नैणू व हाल पत्नी श्री भादर सिंह, निवासी गाँव/मुहाल कफलौन, डाकघर बृखमणी, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), राधेश्याम जयदेव पुत्रगण श्रीमती झीरी पुत्री श्री नैणू, निवासी गाँव/मुहाल मगर, डाकघर बग्गी, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), लीला देवी पुत्री श्रीमती झीरी, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी अब्बल, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), चेतना पुत्री श्री भवानी सिंह पुत्र श्री बाली, व हाल पत्नी श्री प्रवेश बर्कता, निवासी गाँव/मुहाल कुटाडा, तहसील रोहड़ू, जिला शिमला (हिमाचल प्रदेश), ममता देवी पुत्री श्री भवानी सिंह व हाल पत्नी श्री मिथुन, निवासी गाँव/मुहाल कसाम, डाकघर स्यांज, तहसील चच्योट, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), राहुल-विशाल पुत्रगण व देविन्द्रा देवी पत्नी श्री भवानी सिंह, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी अब्बल, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), कमला देवी पुत्री श्री बाली पुत्र श्री नैणू, निवासी गाँव/मुहाल तरयाम्बली, डाकघर रजवाडी, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), गोविन्द राम पुत्र श्री बाली पुत्र श्री नैणू, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी अब्बल, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), चमारु पुत्र श्री देवीचन्द पुत्र श्री नरायणु, निवासी गाँव/मुहाल पाधरु, डाकघर बग्गी, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), रमा देवी पुत्री श्री देवी चन्द व हाल पत्नी श्री सीता राम, निवासी गाँव/मुहाल मौवी सेरी, तहसील चच्योट, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), गंगा देवी पत्नी श्री देवी चन्द, कृष्ण लाल पुत्र श्री नरातरु, निवासीगण गाँव/मुहाल पाधरु, डाकघर बग्गी, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), कमला देवी पुत्री श्री नरातरु व हाल पत्नी श्री रामदास व डोलमा देवी पुत्री श्री नरातरु व हाल पत्नी श्री राम बास, निवासी गाँव/मुहाल बालड़ी, डाकघर सेगली, तहसील चच्योट, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), छांगू राम पुत्र श्री नरातरु, निवासी गाँव/मुहाल पाधरु, डाकघर बग्गी, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), चिन्ता देवी पुत्र श्री नरातरु व हाल पत्नी श्री नरेश, निवासी गाँव/मुहाल मौवीसेरी, तहसील चच्योट, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), टोडर पुत्र श्री अभे राम, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी दोम, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), नन्दु खेम चन्द हुक्म चन्द व ओम प्रकाश पुत्रगण श्री हिमा देवी पत्नी श्री भीखम, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी अब्बल, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), रुकमणी देवी पुत्री श्रीमती हिमा देवी व हाल पत्नी श्री सोहन लाल, चन्दा देवी पुत्री श्रीमती हिमा देवी व हाल पत्नी श्री खेम सिंह, निवासी गाँव/मुहाल दौहन्दी, डाकघर नागचला, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), विमला देवी पत्नी श्री जैदेव, तारा चन्द भुपेन्द्र सिंह गोविन्द राम, निवासी गाँव/मुहाल पाधरु, डाकघर बग्गी, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश) ...... प्रत्यार्थीगण......
**ईश्तहार समाचार पत्र तकसीम मामला पेशी में हाजिर होने बारे ।**
यह दावा आवेदक लाभ सिंह पुत्र श्री सरदारु उर्फ बतिया पुत्र श्री गुरिया, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी अब्बल, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश) ने इस न्यायालय में जेर धारा 123 अधिनियम के तहत भूमि तकसीम खाता खतौनी 24/34 किता 6 रकवा 06-04-04 बीघा मुहाल खियुरी दोम 282 तहसील बल्ह, जिला मण्डी कर रखा है। दावे में दर्शाये गए प्रतिवादीगणों में कई व्यक्ति/महिला इस बजरिया समन तल्व किया गया था। परन्तु हाजिर अदालत नहीं आये। इसलिये इस ईश्तहार समाचार पत्र के माध्यम से उपरोक्त समस्त प्रतिवादीगणों को सूचित किया जाता है कि उक्त विषय के सम्बन्ध में किसी को कोई उजर एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन अपना उजर एतराज बारे इस अधोहस्तारी के न्यायालय में दिनाँक 27-05-2025 को प्रातः 10:00 बजे से उससे पूर्व उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित अवधि के दौरान कोई भी उजर/एतराज न आने की सूरत मेंएक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। यह ईश्तहार आज दिनांक 28-04-2024 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय द्वारा जारी किया गया ।
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी, तहसील बरह स्थित नेरचौक, जिला मण्डी ( हिमाचल प्रदेश )**


## जिले में 1488 छात्र कल देंगे नीट परीक्षा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2025 को सुचारु और समन्वित तरीके से संपन्न करवाने को जिला प्रशासन ने तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। ऊना के डीसी जतिन लाल ने बताया कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2025, 4 मई को ऊना जिले के 4 परीक्षा केंद्रों में करवाई जाएगी जिनमें कुल 1488 विद्यार्थी परीक्षा में बैठेंगे। इन परीक्षा केंद्रों में राजकीय डिग्री कॉलेज ऊना, जवाहर नवोदय विद्यालय पेखूबेला, केंद्रीय विद्यालय सलोह और बीबीएनबी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलोह शामिल हैं। परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक सिंगल सेशन में आयोजित होगी।

जतिन लाल ने बताया कि नीट परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर सुचारु एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए सुरक्षा, निष्पक्षता और पारदर्शिता संबंधी सभी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी और बायोमेट्रिक सत्यापन जैसी व्यवस्थाएं भी उपलब्ध हैं।

# ऊना जिले के जंगलों की सुरक्षा को अब और मिलेगा बल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ऊना जिले में वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण और वनों की सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। वन विभाग द्वारा चयनित 66 वन मित्रों की पांच दिवसीय विशेष ट्रेनिंग का शुभारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण बंगाणा, ऊना और अंब रेंज के अधिकारियों की देखरेख में आयोजित किया जा रहा है।

जिला वन अधिकारी डीएफओ ऊना सुशील राणा के मार्गदर्शन में शुरू की गई इस पहल को वनों की निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है। ये वन मित्र जागरूक ग्रामीण नागरिक हैं जो अपने-अपने क्षेत्र की फॉरेस्ट बीट में पर्यावरण और वनों की रक्षा में वन विभाग का सहयोग करेंगे। इनकी भूमिका जंगलों की निगरानी, आगजनी की घटनाओं को रोकने, अवैध कटान पर अंकुश लगाने और स्थानीय लोगों को वनों के संरक्षण के


बंगाणा में प्रशिक्षण हासिल करते वन मित्र।

**ऊना जिले में वन विभाग ने 66 वन मित्रों की पांच दिवसीय ट्रेनिंग शुरू**

प्रति जागरूक करने में बेहद महत्वपूर्ण होगी। हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य, जहां का एक बड़ा हिस्सा वनों से आच्छादित है, वहां जंगलों की रक्षा करना एक बड़ी चुनौती है। ऊना जिला भी इससे अछूता नहीं है।

यहां समय-समय पर आगजनी, अवैध कटान, और पशुओं की अवैध तस्करी की घटनाएं सामने आती रही हैं। डीएफओ सुशील राणा ने बताया कि अब वन विभाग अकेला नहीं रहेगा। फॉरेस्ट गार्ड के साथ-साथ हर बीट पर वन मित्रों की तैनाती से हमारी निगरानी क्षमता में कई गुना बढ़ोतरी होगी। इससे अवैध गतिविधियों पर तेजी से काबू पाया जा सकेगा।

वन मित्र योजना का एक और बड़ा पहलू है कि स्थानीय समुदाय को सीधे वनों की सुरक्षा के कार्य में जोड़ना। इससे न सिर्फ रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं, बल्कि लोगों में अपनी प्राकृतिक संपदा के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित हो रही है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे वन मित्रों ने कहा हमें गर्व है कि अब हम भी जंगलों की रक्षा के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। हम अपनी बीट में हर गतिविधि पर नजर रखेंगे और समय रहते विभाग को सूचना देंगे। वन विभाग का लक्ष्य है कि जिले के हर फॉरेस्ट बीट में कम से कम दो प्रशिक्षित वन मित्र मौजूद हों। भविष्य में इनके लिए मोबाइल एप और डिजिटल रिपोर्टिंग प्रणाली भी विकसित की जा रही है, जिससे वे तत्काल घटनाओं की जानकारी ऑनलाइन भेज सकें।

### क्या-क्या सीख रहे वन मित्र

**ऊना** जिले के डीएफओ सुशील राणा ने कहा वन मित्र फॉरेस्ट विभाग की तीसरी आंख बनकर कार्य करेंगे। ये हमारे सीसीटीवी की तरह अपनी-अपनी बीट में पैनी नजर रखेंगे। इनकी मौजूदगी से विभाग को जमीनी स्तर पर जानकारी समय रहते मिल सकेगी। पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में वन मित्रों को फॉरेस्ट एक्ट, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, वन्य जीव सुरक्षा कानून, और फील्ड ड्यूटी से संबंधित विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा उन्हें आगजनी से बचाव के उपाय, जंगल की निगरानी कैसे करनी है, संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्टिंग, तथा आपात स्थिति में प्राथमिक प्रतिक्रिया देने जैसे व्यवहारिक कौशल भी सिखाए जा रहे हैं। वन मित्रों को वर्दी भी दी जा रही है, ताकि वे अपने क्षेत्र में पहचान बना सकें और लोगों को संदेश दे सकें कि वे वन विभाग के अधिकृत सहयोगी हैं।

### सीएम सुक्खू वन मित्रों से कर सकते हैं मुलाकात

**प्रदेश** में पर्यावरण संरक्षण और वन्य क्षेत्र की सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नियुक्त किए गए 2068 वन मित्रों से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आगामी दिनों में विशेष मुलाकात कर सकते हैं। यह मुलाकात एक अहम कदम के रूप में देखी जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री स्वयं इन नव-नियुक्त युवाओं को उनकी ड्यूटी और जिम्मेदारियों के बारे में दिशा-निर्देश देंगे।

**समीक्षा** ऊना में डीसी की अध्यक्षता में जिला निर्यात संवर्धन समिति की बैठक

# उद्योगों की निर्यात क्षमता बढ़ाने पर जोर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले के डीसी जतिन लाल के दिशा-निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा जिला निर्यात संवर्धन समिति की पहली बैठक का आयोजन एनआईसी हॉल ऊना में किया गया। बैठक में विदेश व्यापार महानिदेशक ब्रिजेश और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त निदेशक एके गौतम ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया। बैठक का उद्देश्य जिले की निर्यात क्षमता का आकलन कर उसे सुदृढ़ बनाना, निर्यातकों की आवश्यकताओं की पहचान करना, तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की निर्यात संवर्धन नीतियों और योजनाओं की समीक्षा करना रहा।

**निर्यात के आंकड़ों में लगातार वृद्धि :** बैठक के दौरान उद्योग विभाग ऊना के संयुक्त निदेशक ने जानकारी दी कि जिले में निर्यात के क्षेत्र में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। वर्ष 2021-22 में ऊना जिले से कुल 226.64 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ, जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 365.08 करोड़ रुपए तथा वर्ष 2023-24 में 403.07 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। इसी अवधि में पूरे हिमाचल प्रदेश से वर्ष 2023-24 में कुल 19,184 करोड़ रुपएका निर्यात हुआ है। ऊना जिला प्रदेश के निर्यात में एक महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर टाहलीवाल इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रधान राकेश कौशल सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि भी बैठक में उपस्थित रहे। उन्होंने निर्यात से जुड़ी चुनौतियों एवं संभावनाओं पर अपने सुझाव साझा किए।


ऊना में जिला निर्यात संवर्धन समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारी।

### बेहतर कनेक्टिविटी पर जोर

बैठक में निर्यात प्रक्रिया को तेज और प्रभावी बनाने के लिए ऊना जिले को बेहतर रेल, सड़क एवं हवाई संपर्क (कनेक्टिविटी) से जोड़ने पर जोर दिया गया। इससे औद्योगिक क्षेत्रों से उत्पादों का परिवहन आसान होगा और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच सुगम होगी।

### निर्यातकों के लिए योजनाएं और सुविधाएं

संयुक्त निदेशक ने बताया कि जिले में निर्यात को और अधिक बढ़ावा देने के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है, जिसके अंतर्गत स्थानीय निर्यातकों को प्रशिक्षण, गुणवत्ता प्रमाणीकरण (क्वालिटी सर्टिफिकेशन), ब्रांडिंग, आधुनिक पैकेजिंग तकनीक और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच (मार्केट लिंकज) जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त, आने वाले समय में जिले में निर्यात उन्मुख कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाएगा।

## आज बिजली सप्लाई बाधित रहेगी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में 3 मई (शनिवार) को 11 केवी फीडर थानाकलां के मुरम्मत कार्य हेतु इस फीडर के अंतर्गत आने वाले गांवों सलोह, ठंडी खूई, नायली. अप्पर नायली, डुमखर, नलवाड़ी, सीरठ, मिनी सचिवालय, हिमुडा कॉलोनी, घडोह, आधा बंगाणा बाजार (नजदीक सेंट्रल बैंक) से लेकर ठंडी खूई तथा इनके साथ लगने वाले गांवों की बिजली आपूर्ति सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। अतः यदि मौसम खराब रहता है तो यह कार्य अगले दिन या आगे स्थगित कर दिया जाएगा। विद्युत उपमंडल बंगाणा के सहायक अभियंता इंजीनियर उदित सिंह ने सर्वसाधारण से सहयोग की अपील की है।


**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी एवम् तहसील तहसील बल्ह, जिला मण्डी ( हि.प्र. )**
मिसल नम्बर - 20/2017 तारीख दाखला - 29-12-2017 तारीख पेशी - 27-05-2025
लाभ सिंह पुत्र श्री सरदारु उर्फ बतिया पुत्र श्री गुरिया, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी अब्बल, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश)। ....प्रार्थी
**बनाम**- नेत्र सिंह-नागणु राम-लाल सिंह पुत्र सत्या देवी पुत्री व नोखी देवी पत्नी श्री पलस राम, पार्वती देवी-पुत्री श्री सरदारु उर्फ बतिया, कंचना देवी पत्नी श्री दिनेश कुमार, योगिता रानी पत्नी श्री जसवन्त सिंह, गोपाल चन्द भवनेश्वर दत पुत्रगण श्री परमा पुत्र श्री बालकू, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी अब्बल, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), नन्दु खेमचन्द हुक्म चन्द व ओम प्रकाश पुत्र श्रीमती हिमा देवी पत्नी श्री भीखम, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी अब्बल, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), रुकमणी देवी पुत्री हिमा देवी व हाल पत्नी श्री सोहन लाल, चन्दा देवी पुत्री श्रीमती हिमा देवी व हाल पत्नी श्री खेम सिंह, निवासी गाँव/मुहाल दौहन्दी, डाकघर नागचला, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश), विमला देवी पत्नी श्री जैदेव, तारा चन्द-भुपेन्द्र सिंह-गोविन्द राम पुत्र श्री जयदेव, निवासी गाँव/मुहाल पाधरु, डाकघर बग्गी, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हि.प्र.)।
**ईश्तहार समाचार पत्र तकसीम मामला पेशी में हाजिर होने बारे ।**
यह दावा आवेदक लाभ सिंह पुत्र श्री सरदारु उर्फ बतिया पुत्र श्री गुरिया, निवासी गाँव/मुहाल खियुरी अब्बल, डाकघर राजगढ ने इस न्यायालय में जेर धारा 123 अधिनियम के तहत भूमि तकसीम खाता 22 खतौनी 27 किता 2 रकवा 02-04-09 विघा मुहाल खियुरी अब्बल/282 तहसील बल्ह, जिला मण्डी कर रखा है। इसलिये इस ईश्तहार समाचार पत्र के माध्यम से उपरोक्त समस्त प्रतिवादीगणों को सूचित किया जाता है कि उक्त विषय के सम्बन्ध में किसी को कोई उजर एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन अपना उजर एतराज बारे इस अधोहस्तारी के न्यायालय में दिनाँक 27-05-2025 को प्रातः 10:00 बजे से उससे पूर्व उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित अवधि के दौरान कोई भी उजर एतराज न आने की सूरत मेंएक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
यह ईश्तहार आज दिनांक 28-04-2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय द्वारा जारी किया गया
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी, तहसील बल्ह, जिला मण्डी ( हि.प्र. )**

## न्यूज ब्रीफ

### इंदीवर ने संभाला आई हॉस्पिटल के चेयरमैन का पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू रोटरी क्लब के चेयरमैन रोटेरियन इंदीवर मेहता ने रोटरी आई हॉस्पिटल कुल्लू में चेयरमैन का पद संभाला है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह पूरी कर्तव्यनिष्ठा से इस पद का निर्वहन करेंगे। साथ ही सभी रोटेरियंस को साथ में लेकर चलेंगे। उन्होंने कहा कि रोटरी आई हॉस्पिटल के उत्थान के लिए जो भी संभव होगा, उसमें अपना योगदान देने की पूरी कोशिश करेंगे। इस मौके पर डॉक्टर सोनम छेरिंग, डॉक्टर पीरामल अफीनवाला व तमाम गणमान्य रोटेरियंस ने नए चेयरमैन का विधिवत स्वागत किया व उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया। सीनियर रोटेरियन वीके कपूर को फाइनेंसियल सेक्रेटरी, रोटेरियन डॉक्टर पीडी लाल को चीफ पैटर्न, रोटेरियन विकास कुमार चीफ एडवाइजर, रोटेरियन ज्ञान बांगा सीनियर वाइस चेयरमैन, रोटेरियन राजेश सूद वाइस चेयरमैन, परचेजिंग मैनेजमेंट कमेटी रोटेरियन अमन भल्ला, रोटेरियन मोहित चावला, रोटेरियन अभिषेक सूद, डायरेक्टर्स रोटेरियन अनुज मलिक, रोटेरियन विनोद सोनी, रोटेरियन राजीव सिंह, रोटेरियन नीरज बहल, रोटेरियन नवीन सोनी, रोटेरियन अंशुल पाराशर व बाकी सभी रोटेरियंस को सदस्य के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

### मेले हिमाचल की सांस्कृतिक धरोहर : भूषण




लगघाटी के भुट्टी में सलाहरा मेला संपन्न होने पर ईगल युवा मंडल भुट्टी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की लगघाटी के भुट्टी में सलाहरा मेला धूमधाम से संपन्न हुआ। इस मेले के दौरान लोगों के मनोरंजन के लिए ईगल युवा मंडल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। वहीं, इस अवसर पर पूर्व ब्राह्मण पंचायत के उपप्रधान व वर्तमान में ऑटो यूनियन के प्रधान भूषण ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर पूर्व बीडीसी सदस्य शांति देवी और वार्ड पंच लोभी देवी और पूर्व ईगल युवा मंडल के पूर्व अध्यक्ष संजीव कुमार उपस्थित रहे। ईगल युवा मंडल के अध्यक्ष मोहित ठाकुर ने मुख्यातिथि को कुल्लवी टोपी, मफलर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज मुख्यातिथि ने सरस्वती माता के समक्ष दीप जलाकर किया। पारुल और सहेली ने शिमला नाटी प्रस्तुत की। वही, आशवी, सलाहर, बंशीका, तान्या, खुशबू, जानवी डिंपल, तनिष्का, नंदिनी, दक्ष आदि ने भी अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। बच्चों के प्रोत्साहन के लिए भी पुरस्कार भी दिए। मुख्यतिथि ने कहा कि कि मेले देवभूमि हिमाचल के सांस्कृतिक धरोहर हैं। इनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी को उचित कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति से परिचित हो सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं में फैली नशे की लत को छुड़वाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा तथा युवाओं को खेलों में ध्यान लगाकर नशे से दूर रहना चाहिए क्योंकि युवाओं में खेल के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है।

### सीएम के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को खंड विकास कार्यालय बंजार के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एपीएमसी के अध्यक्ष राम सिंह ने की। बैठक में एसडीएम विकास शुक्ला सहित उपमंडल के सभी अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री 7 मई को जिला कुल्लू की तीर्थन घाटी के प्रवास पर होंगे और करोड़ों रुपए की विकास योजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके उपरांत मुख्यमंत्री शरची में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और शरची में रात्रि ठहराव के दौरान लोगों से परिचित होंगे। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रवास और कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने सभी विभागों को कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### मनरेगा के अधूरे पड़े कार्यों को तेजी से करें पूरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिले के सभी बीडीओ की बैठक जिला मुख्यालय जिला परिषद हाल भवन में शुक्रवार को आनी, भुंतर, नग्गर, निरमंड, बंजार तथा कुल्लू के खंड विकास अधिकारियों, विभिन्न विभागों के तकनीकी सहायकों, पंचायत इंस्पेक्टरों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण जयवंती ठाकुर ने की। इस दौरान विकास कार्यों तथा लंबित पड़े कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि पंचायत घरों के निर्माण, आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, ज्ञान केंद्रों के निर्माण, पंचायत निरीक्षण, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन तथा संचालन, तरल कचरा प्रबंधन, ठोस कचरा प्रबंधन, हिम ईरा दुकानों एवं कैंटीन के निर्माण, सांसद ग्राम सेवा योजना, मुख्यमंत्री लोक भवन निर्माण एवं मनरेगा से कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को पंचायतों के लोगों के साथ तालमेल बिठाकर कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी बीडीओ को समय पर रिकवरी एवं पंचायत निरिक्षण के कार्य कर मनरेगा के अधूरे पड़े कार्यों को तेजी से अमली जामा पहनाने का कार्य करने तथा मनरेगा के अंतर्गत निर्मित परिसंपत्तियों की जियो टैगिंग के लिए भी समयबद्ध तरीके से कार्य संपन्न करने को कहा। उन्होंने भवनों के निर्माण के लिए भूमि का चयन, ज्ञान केंद्रों में अखबारों और पत्रिकाओं को उपलब्ध करवाने के लिए, मनरेगा के अंतर्गत निर्माण सामग्री तथा श्रम को 60:40 के अनुपात में करवाने के निर्देश दिए।

# ढालपुर में आज व कल आईपीएल का धमाल

## सभी क्रिकेट प्रेमियों की निशुल्क होगी एंट्री, सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

देश के 50 शहरों की तरह कुल्लू के ढालपुर में भी आज और कल लोग आईपीएल का लुत्फ उठा सकेंगे। कुल्लू के ढालपुर में शनिवार व रविवार को आईपीएल का धमाल मचेगा।

शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए जिला कुल्लू क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष दानवेंद्र सिंह व बीसीसीआई के मैनेजर सत्यपाल निकाडे ने बताया कि कुल्लू के ढालपुर मैदान में देश के अन्य 49 शहरों की तरह फैन पार्क के माध्यम से क्रिकेट प्रेमी आईपीएल का मजा उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह मैच तीन और चार मई को दिखाए जाएंगे। इसके लिए पूरी व्यवस्था कर ली गई है और सुरक्षा व्यवस्था भी यहां पर चाक-चौबंद की गई है। सनद रहे कि देशभर में जहां इन दिनों आईपीएल की धूम मची हुई है। ऐसे में देशभर के 50 फैन पार्क में भी आईपीएल के द्वारा दर्शकों को मैच दिखाने की तैयारी की गई है। वहीं, 50 फैन पार्क में हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिला मुख्यालय स्थित ढालपुर मैदान भी शामिल है। यहां पर बीसीसीआई के द्वारा आईपीएल मैच देखने के लिए व्यवस्था की गई है और यह व्यवस्था पूरी तरह से दर्शकों के लिए निशुल्क है। उन्होंने बताया कि शनिवार 3 मई को एसपी कुल्लू इस मैच में विशेष रूप से मौजूद रहेंगे, जबकि 4 मई को डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी।




जिला कुल्लू क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष दानवेंद्र सिंह व अन्य पदाधिकारी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

दानवेंद्र सिंह ने बताया कि इस मैच के दौरान जो भी दर्शक यहां पर प्रवेश करेगा, तो उसके हाथ पर एक बैंड भी बांधा जाएगा और उसे एक कूपन दिया जाएगा। दर्शक के द्वारा आधा कूपन अपने पास रखा जाएगा और आधा कूपन एक बॉक्स में डाला जाएगा।

मैच खत्म होने के बाद मुख्यातिथि के द्वारा उस बॉक्स में से एक कूपन निकाला जाएगा, जिस भी दर्शक का वह कूपन होगा, उसे आईपीएल क्रिकेट मैच के खिलाड़ियों के द्वारा साइन की गई टी-शर्ट गिफ्ट की जाएगी। इस फैन पार्क में बच्चों के लिए जहां खेलने की व्यवस्था की गई है। वहीं, अन्य गतिविधियां भी इसमें शामिल होंगी। बच्चों के हाथ में जो बैंड बांधा जाएगा और बच्चों के अभिभावक का नंबर भी दर्ज किया जाएगा, ताकि बच्चों के लापता होने की स्थिति में परिजनों के साथ संपर्क किया जा सके।

दानवेंद्र सिंह ने बताया कि सुरक्षा दृष्टि को देखते हुए इस परिसर में हैंडबैग, बोतल और अन्य किसी भी प्रकार के समान को ले जाने की मनाही रहेगी। दर्शकों को पानी निशुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा। लिहाजा, ढालपुर में भी आज से आईपीएल की धूम रहेगी और क्रिकेट प्रेमी यहां बैठकर आईपीएल का मजा उठा सकेंगे।

# लाहौल पहुंची एसटी आयोग की सदस्य आशा लाखरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग में सदस्य आशा लाखरा दोदिवसीय दौरे पर लाहौल पहुंच गई हैं। अटल टनल के नार्थ पोर्टल में जिला भाजपा लाहौल-स्पीति सहित प्रशासन की ओर से उनका स्वागत किया गया।

शनिवार को केलांग में बैठक में भाग लेंगी और जनजातीय लोगों की समस्याओं से परिचित होंगी। जिला अध्यक्ष रिगजिन हायरपा ने बताया कि अटल टनल के नार्थ पोर्टल में लाहौल-स्पीति पधारने पर उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। उन्होंने कहा कि शनिवार को केलांग में आयोजित होने जा रही बैठक में वह भाग लेंगी और जनजातीय लोगों की समस्याओं से परिचित होंगी। पूर्व विधायक रवि ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि लाहौल-स्पीति प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली दौरे के दौरान राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकारा को लाहौल-स्पीति दौरे के लिए आमंत्रित किया था, जिसे स्वीकारते हुए उन्होंने आज जिले का दौरा किया। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपने स्वास्थ्य चैकअप के कारण उनके स्वागत में उपस्थित नहीं हो सके। रवि ने कहा कि उन्होंने फोन पर क्षेत्र के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बातचीत में आरक्षण संबंधी विषय, ट्राइबल सब प्लान बजट, एसकेटी रोड, एसकेटीटी रोड, शिंकुला टनल जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं—जो लद्दाख को हिमाचल से जोड़ती हैं, इनमें स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसरों के विस्तार जैसे अहम मुद्दे पर बात की।

> आज केलांग में करेंगी बैठक, जनजातीय लोगों की समस्याओं से होंगी परिचित

# ठगा महसूस कर रहे करुणामूलक परिवार : पंकज

## नौकरी के इंतजार में कुछ लोग दुनिया छोड़कर चले गए, नहीं मिली नौकरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू करुणामूलक संघ के सदस्य पंकज ने कहा कि करुणामूलक परिवारों के लिए एक नई व स्थायी नीति बनाई जाए।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए संघ के सदस्य पंकज ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार करुणामूलक परिवारों के लिए अपनी स्थिति स्पष्ट करे, ताकि कई वर्षों से नौकरी का इंतजार कर रहे इन परिवारों को राहत मिल सके। वहीं, उन्होंने कहा कि करुणामूलक परिवार 20 से 25 सालों से अपने माता या पिता के जाने के पश्चात से नौकरी की मांग सरकार से करते आए हैं। सैकड़ों बार अपनी मांग राजधानी शिमला से लेकर प्रदेश के हर एक कोने में उठाते आए हैं, लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार




कुल्लू करुणामूलक संघ के सदस्य पंकज व अन्य सदस्य प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

करुणामूलक परिवारों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि सरकार से बिना किसी शर्त से इन परिवारों को एकमुशत करुणामुल्क नौकरी दे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस व भाजपा दोनों ही सरकारें करुणामूलक परिवारों को नौकरी देने में कोई उचित कदम नहीं उठा रही हैं, जिससे इन परिवारों में निराशा है। कई लोग तो नौकरी का इंतजार करते करते दुनिया छोड़कर भी चले गए, जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। चुनावों के समय कांग्रेस ने करुणामूलक परिवारों के साथ बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन सत्ता में आते ही अपने वादे भूल गई। उन्होंने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुक्खू से गुहार लगाते हुए कहा कि इतने समय से हम लोग नौकरी का इंतजार कर रहे हैं और हम भी न्याय के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि हम पर भी करुणा की जाए।

## पर्यटन के लिए नए युग की शुरुआत, विधायक ने किया स्वागत

# मनाली पहुंचा 19 सुपर कारों का काफिला

**अनंत ज्ञान, मनाली**

हिमाचल सुपरकार ड्राइव के लिए दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित 19 सुपरकारों का अभूतपूर्व काफिला मनाली पहुंच गया है। फरारी, पोर्श, जगुआर, बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज-बेंज, मैकलारेन, लेंबोर्गिनी, निसान जीटीआर और ऑडी के गर्जन वाले इंजनों की आवाज से प्रदेश के पहाड़ गूंज उठे हैं।

यह हिमाचल पर्यटन के लिए नए युग की शुरुआत मानी जा रही है। स्पैन रिसॉर्ट मनाली में पहुंचने पर समूह का मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने स्वागत किया। मुंबई से 9 और चंडीगढ़ से 10 कारें मनाली शहर में एकत्रित हुई हैं। विधायक ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में इन शीर्ष सुपरकारों का आगमन राज्य में लक्जरी पर्यटन के लिए एक नई शुरुआत है। इस ऐतिहासिक साहसिक कार्य के सरकार का पूरा समर्थन रहेगा। सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हिमालयन एक्सट्रीम स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और इस आयोजन के स्थानीय समन्वयक प्रवीण सूद (पिंटू) ने कहा कि हिमाचल में लक्जरी पर्यटन की अपार संभावनाओं को प्रदर्शित करने के लिए इस तरह के अभियान को आयोजित करने के लिए कई वर्षों से प्रयास कर



रहे थे। यह आयोजन हमारे लुभावने पहाड़ों, समृद्ध संस्कृति और गर्मजोशी भरे आतिथ्य का एक प्रमाण है। हिमाचल प्रदेश सरकार, कुल्लू और लाहौल प्रशासन और सीमा सड़क संगठन का अमूल्य समर्थन मिला है। इस अभूतपूर्व अभियान में सुपरकार अटल सुरंग के इंजीनियरिंग चमत्कार से गुजरेंगी और लाहौल घाटी के आश्चर्यजनक परिदृश्यों का पता लगाएंगी। यह पहली बार है कि इस तरह की उच्च प्रदर्शन वाली स्पोर्ट्स कारें इस चुनौतीपूर्ण और सुंदर मार्ग की शोभा बढ़ाएंगी। पहला हिमाचल सुपरकार रन 2025 निस्संदेह हिमाचल प्रदेश में पर्यटन के लिए एक नए युग की शुरुआत है।

# राज्य स्तर पर एथलेटिक्स में कार्तिक व अर्पिता का चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

ब्रह्मऋषि मिशन स्कूल जरड़ के 20 विद्यार्थियों ने जिला कुल्लू एथलेटिक संघ द्वारा तीन दिवसीय 27 से 29 अप्रैल तक आयोजित ओपन एथलेटिक टूर्नामेंट में भाग लिया। स्कूल के दो विद्यार्थी कार्तिक और अर्पिता का राज्य स्तरीय ओपन टूर्नामेंट बिलासपुर के लिए चयन हुआ है।

विद्यालय के कार्तिक ने हाइ जंप में प्रथम स्थान, 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान, लांग जंप में दूसरा स्थान हासिल किया, उन्हें इसके लिए अंडर -16 में बेस्ट एथलीट का अवॉर्ड मिला। हाइ जंप में अनन्य ने दूसरा स्थान, अक्षर ने तीसरा स्थान, अंडर



-16 में पारुल ने दूसरा स्थान हासिल किया। रिले रेस में कार्तिक, रिद्धि सोहल, तमन्ना, आर्यन ठाकुर ने तीसरा स्थान हासिल किया। शॉर्ट पुट में सक्षम महंत ने तीसरा स्थान हासिल किया। तीन स्वर्ण, तीन रजत, सात कांस्य पदक हासिल किए। विद्यालय की प्रबंधिका स्वामी स्वयं प्रभा एवं प्रधानाचार्य ने इसकी सराहना की और बधाई दी।

## आनी के पहले आईएएस अधिकारी ने किया पुराने स्कूल का दौरा

# जीवन में अनुशासन ही सर्वोपरि : डॉ. विजय

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

उत्तर प्रदेश के कानपुर के डीसी (राजस्व) डॉ. विजय सिंह ने अपने पुराने विद्यालय पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी का दौरा किया।



आनी के पहले आईएएस अधिकारी का आनी स्कूल में पहुंचने पर स्वागत करते हुए।

माई स्कूल माई प्राइड योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में वह मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। डॉ. विजय सिंह ने 2005 में इसी स्कूल से अपनी कक्षा 12 की पढ़ाई पूरी की थी। प्रधानाचार्य अमर चंद चौहान और एसएमसी अध्यक्ष रमेश कुमार ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। उनके पूर्व शिक्षक श्यामानंद ने बताया कि विजय बचपन से ही मेधावी और परिश्रमी छात्र थे। कार्यक्रम में डॉ. सिंह ने छात्रों का करियर मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल का सीमित उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही रोजाना 4 से 6 घंटे पढ़ाई करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए संघर्ष और कड़ी मेहनत जरूरी है। डॉ. सिंह ने स्कूल को गोद लेने और पुस्तकालय के लिए किताबें देने का वादा किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता कुंदन शर्मा ने किया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# शाईरोपा में वन मित्रों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान तीर्थन।** जिला कुल्लू में ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क शमशी के वन्य प्राणी परिक्षेत्र तीर्थन के अंतर्गत चयनित 9 वन मित्रों का प्रशिक्षण एक मई से शाईरोपा में शुरू हुआ, जो 7 मई तक चलेगा। रेंज मुख्यालय शाईरोपा में हो रहे इस प्रशिक्षण में एसीएफ हंस राज ठाकुर बतौर मास्टर ट्रेनर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जबकि महिला वन रक्षक खिला देवी इस दौरान वन मित्रों को अनुशासन का प्रशिक्षण देंगी। जीएचएनपी के वन मंडलाधिकारी सचिन शर्मा ने बताया कि तीनों रेंजो के वन मित्रों को वन विभाग की कार्यशैली व विभाग की जिम्मेदारियों के बारे में अवगत करवाया जाएगा। इस दौरान वन मित्रों को वन विभाग में उनके किरदार व उत्तरदायित्व पर भी प्रकाश डाला जा रहा। प्रशिक्षण में मास्ट्र ट्रेनर डिसिप्लिन व मास्टर ट्रेनर अकेडमिक्स द्वारा वन मित्रों को प्रिशिक्षित किया जाएगा। एसीएफ हंसराज ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद तीर्थन रेंज में पल्लवी जोशी को मुख्यालय बीट शाई रोपा, पल्लवी ठाकुर को गुशैनी बीट, नेहा ठाकुर को तिंदर बीट, खिला देवी को श्रीकोट बीट, लीला धर को भंडार बीट, विवेक को रोला बीट, मीरा यादव को बठाहड़ बीट, भोले चंद को चलोरी बीट और निर्मला देवी को मशियार बीट में तैनाती दी जाएगी।



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



## हाउस वाइफ की जिंदगी बहुत सी जिम्मेदारियों के साथ होती है शुरू

मुझे लगता है कि जिस तरह से हाउस वाइफ और कामकाजी महिला के रूप में जिस तरह से परिवार को चलाती हैं, वैसा पुरुष नहीं कर सकते क्योंकि हमें पति और बच्चों के साथ-साथ घर के हरेक कार्य पर भी उतना ही ध्यान देना होता है। मुझे हाउस वाइफ होने पर गर्व है क्योंकि हम हमेशा अपने परिवार को जोड़कर खुशहाल वातावरण बनाए रखती हैं। बस एक परेशानी होती है कि हम महिलाएं खुद के लिए बहुत कम समय निकाल पाती हैं, एक हाउस वाइफ की जिंदगी बहुत सी जिम्मेदारियों के साथ शुरू होती है, जोकि कभी खत्म नहीं होती। शुरू-शुरू में परिवार की जिम्मेदारी को निभाना थोड़ा मुश्किल रहता है, लेकिन धीरे-धीरे सब कुछ सही हो जाता है। बस आपको अपनी जिम्मेदारियों के प्रति ईमानदार रहना होता है।



आरती, अखाड़ा बाजार।

# महिलाओं का जीवन संघर्ष, समझौता और त्याग की परतों में लिपटा

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** एक हाउस वाइफ और कामकाजी महिला होना अपने आप में चुनौतियों से भरा हुआ है। ऐसा नहीं एक महिला जब अपना नाम, अपनी पहचान और अपने खून के रिश्तों को पीछे छोड़कर एक ऐसे परिवार का हिस्सा बनती है, जहां पर उसके लिए सभी अंजान होते हैं। बावजूद उसके वह महिला उस परिवार को अपनाती है और उनके साथ बंधी रिश्ते की डोर को ताउम्र निभाते हुए अपनी दुनिया बनाती है। साथ ही अपनी पूरी जिंदगी अपने परिवार को संवारने में लगा देती है। महिला चाहे गृहिणी हो या कामकाजी दोनों का ही जीवन संघर्ष, समझौता और त्याग की परतों में लिपटा होता है, इसलिए यदि महिलाओं को अगर सुपर वुमन कहा जाए तो गलत नहीं होगा। घर, परिवार संभालने के साथ ही बाहर जाकर कार्य करना और उसमें तालमेल बिठाना एक महिला बखूबी जानती है, जब एक महिला अंजान परिवार में अंजान लोगों को अपने प्यार और अपनेपन से परिवार के रूप में संगठित कर उसे जब एक खुशहाल परिवार की शक्ल देती है, तो ऐसे में वो परिवार का मजबूत आधार बनती है। सही मायनों में एक गृहिणी की मजबूत छवि बनकर उभरती है, जो कि अपने परिवार के लिए पूरी तरह से समर्पित होती है। एक गृहिणी जब अपने बच्चों में संस्कार और मर्यादा बोने का कार्य करती है और अपने परिवार के मान सम्मान और यश में बढ़ोतरी करती है, तो ऐसे में ही एक नारी की असल शक्ति का पता चलता है। ऐसी ही कुछ हाउस वाइफ व कामकाजी महिलाओं से अनंत ज्ञान की प्रभारी कमलेश वर्मा ने बातचीत की।

> हाउस वाइफ और कामकाजी महिला होना अपने आप में चुनौतियों से भरा

## गृहिणी परिवार के सदस्यों के बीच एक पुल का कार्य करती

गृहिणी पूरे परिवार के सदस्यों के बीच में एक पुल का कार्य करती है और ये गृहिणी ही होती है, जो सब को अपने प्यार और समर्पण भावना से जोड़े रखती है। गृहिणी अपने प्यार और निष्ठा के दम पर हर असंभव कार्य को संभव कर दिखाती है। गृहिणी अपने बच्चों की जिंदगी में पहले शिक्षक होती है इसलिए वह अपने बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी देती है। देश और प्रदेश को चलाने के लिए कुछ लिखित नियम होते हैं, मगर किसी घर को कैसे चलाया जाए इसके लिए कोई नियम नहीं बने हैं। ऐसे में उस घर को कुशलतापूर्वक चलाने की जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ गृहिणी की बुद्धिमत्ता पर निर्भर करता है। गृहिणी कामकाजी महिलाओं की तरह केवल एक काम तक सीमित नहीं है क्योंकि गृहिणी घर की देखभाल, खाने-पीने की व्यवस्था, खेत खलियानों की देखभाल, बच्चों की शिक्षा, आस पड़ोस में सामाजिक दायित्वों सहित बहुत से कार्यों को एक साथ करती है इसलिए महिलाओं का दर्जा बहुत ऊपर हो जाता है।



ऋतु शर्मा, सुल्तानपुर।

## महिला के बिना परिवार का अस्तित्व नहीं

एक महिला जितनी कुशलता से अपने घर-परिवार को संभाल और संवार सकती है, उतनी कुशलता से परिवार को संभालना किसी और के लिए मुमकिन नहीं। घर ही नहीं, बल्कि परिवार के हरेक सदस्य की हर छोटी और बड़ी बात महिला से होकर ही गुजरती है और यहां पर एक महिला की कुशलता अपने चरम पर होती है। महिला के बिना परिवार का अस्तित्व नहीं है, पर उसकी तुलना किसी और के साथ करना तर्क संगत नहीं। एक महिक परिवार में हर विचारधारा के सदस्यों की छोटी-बड़ी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए घर के हर कोने अपनी सकारात्मक ऊर्जा से खुशहाल बनाए रखती हैं, वो भी बिना किसी शिकायत के इसलिए मैं मानती हूं कि एक महिला का अपने परिवार के प्रति निस्वार्थ समर्पण अमूल्य है और यही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। एक गृहिणी जब अपने बच्चों में संस्कार और मर्यादा बोने का कार्य करती है और अपने परिवार के मान सम्मान और यश में बढ़ोतरी करती है, तो ऐसे में ही एक नारी की असल शक्ति का पता चलता है।



शांभवी शर्मा, अखाड़ा बाजार।

## गृहिणी होना सम्मान की बात, बड़ी जिम्मेदारी भी

गृहिणियां जब अपने घर के काम में व्यस्त होती हैं, तो ऐसे में उसे अपना ख्याल तक नहीं रहता है। सुबह से लेकर शाम तक अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से निभाती हैं। घर-परिवार के बीच तालमेल बैठाए रखना, पति, बच्चे, घर के बुजुर्गों और बड़ों को पूरा समय देना साथ ही गांव में भी सामाजिक जिम्मेदारियों का पालन करना ये सब करते हुए रीति-रिवाजों और संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में महिलाओं की बड़ी भूमिका है और गृहिणी होना सम्मान की बात तो है, मगर एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। एक कुशल गृहिणी के लिए घर की जिम्मेदारी को कैसे और किस तरह से निभाना है, ये तो आना ही चाहिए। घर-परिवार की जिम्मेदारी को निभाते हुए हो सकता है कुछ समझौते भी करने पड़े मगर अपनी जिम्मेदारियों से कभी भी पीछे नहीं हटना है। महिलाएं अपनी पूरी जिंदगी अपने परिवार को संवारने में लगा देती है।



दीपिका शर्मा, सुल्तानपुर।

## न्यूज ब्रीफ

### चालक व परिचालक महासंघ के सतीश बने प्रधान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय एवं अर्ध राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ के चुनाव गत दिवस आयोजित किए गए। चुनाव पर्यवेक्षक सौरभ वैद्य की अध्यक्षता में संपन्न हुए। राजकीय एवं अर्ध राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ के चुनाव में सतीश कुमार प्रधान, ईश्वर सिंह ठाकुर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बलदेव सिंह ठाकुर महासचिव, योगेश ठाकुर कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र वर्मा चेयरमैन चयनित किए गए। इस अवसर पर सोमनाथ जगोता, परमजीत सिंह, रामस्वरूप, सुनील कुमार उपस्थित थे।

### वनमित्रों को बनेठी में दिया जा रहा प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जमटा और त्रिलोकपुर रेंज के नवनियुक्त वनमित्रों के लिए बनेठी विश्राम गृह के प्रांगण में पांच दिन का प्रशिक्षण शुरू हुआ। रेंज आफिसर प्रेम कंवर ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान वनमित्रों को विभाग की कार्यप्रणाली से अवगत कराया जाएगा। वनों के रखरखाव, वनों को आग से कैसे बचाया जा सकता है, पौधों का रोपण कैसे किया जाता है, पौधों को पानी कीर्तन सिंचाई कैसे की जाती है। यह सब जानकारी प्रशिक्षण के दौरान उपलब्ध कराई जाएगी।

### एकता शर्मा बनी डाइट प्रवक्ता संघ की अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नाहन में जिला महासचिव डॉ. आईडी राही एवं इकाई प्रधान डॉ. मुनेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला सिरमौर की अध्यक्षता में प्रवक्ताओं की बैठक हुई। वर्ष 2025-28 के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नाहन इकाई के लिए एकता शर्मा को सर्वसम्मती से प्रधान एवं राजकुमार शर्मा को महासचिव मनोनीत किया गया। उन्होंने सभी प्रवक्ता साथियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रवक्ताओं के हितों के लिए निरंतर प्रयास करने एवं संगठन को मजबूत करने के लिए जिले एवं राज्य कार्यकारिणी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया। हिमांशु भारद्वाज, डॉ. आईडी राही, फतेह सिंह पुंडीर, यश पाल शर्मा, डॉ. शैली गोपाल, काव्या सिन्हा, लेखक राज ठाकुर को जिले के प्रतिनिधि के रूप में चयनित किया गया, जो 4 मई को संगड़ाह में होने वाले जिले के चुनाव में हिस्सा लेंगे।

### शूलिनी ने मनाई पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संध्या



शूलिनी विश्वविद्यालय में पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देती स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने परिसर में पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। इसमें छात्रों ने राज्यों की अनूठी संस्कृतियों और परंपराओं की झलकियां पेश कीं। इस समारोह में पूर्वोत्तर भारत के सभी आठ राज्यों के पारंपरिक नृत्य, लोक संगीत और समृद्ध परिधानों का मनोरम प्रदर्शन हुआ, जो विविधता में एकता की भावना को दर्शाता है। असम के जोशीले बिहू प्रदर्शनों से लेकर मिजोरम के सुंदर बांस चेराव नृत्य तक, छात्रों ने पारंपरिक कृत्यों की एक श्रृंखला के माध्यम से अपनी प्रतिभा और अपनी जड़ों के प्रति प्रेम का प्रदर्शन किया। दर्शकों को अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम के सांस्कृतिक परिदृश्यों से भी परिचित कराया गया, जहां प्रत्येक प्रदर्शन ने अपनी मातृभूमि की अनूठी कहानी बयां की। इस कार्यक्रम में शूलिनी विश्वविद्यालय की छात्रों के बीच समावेशिता और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता देखी गई। इसने एक आनंदमय वातावरण बनाया, जहां क्षेत्रीय पहचान का जश्न मनाया गया और अंतर-सांस्कृतिक संबंध बनाए गए। पूनम नंदा, निदेशक स्थिरता, ने छात्रों की भारी भागीदारी और उत्साह पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की, उन्होंने कहा शूलिनी में, हम मानते हैं कि हर संस्कृति हमारी सामूहिक शक्ति और सुंदरता में इजाफा करती है।

### बागवानी, वानिकी कार्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी और वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अपने स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी है। बागवानी, वानिकी, प्राकृतिक खेती, जैव प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रौद्योगिकी और कृषि-व्यवसाय जैसे विविध में पढ़ाई करने के इच्छुक भावी छात्र आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से विश्वविद्यालय की वेबसाइट 222.4ह्यश्चह्वद्दद्ग1द्गह्यद्बह्ल4.ड्ढ.द्धह्ल के माध्यम से ऑनलाइन है, जहां विस्तृत विवरणिका भी डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। स्नातक कार्यक्रमों में, विश्वविद्यालय अपने मुख्य परिसर एवं नेरी और थुनाग में बागवानी और वानिकी कॉलेजों में बीएससी (ऑनर्स) बागवानी और बीएससी (ऑनर्स) वानिकी के कोर्स उपलब्ध हैं। मुख्य परिसर में छात्रों को बीएससी एग्रीकल्चर (ऑनर्स) नेचुरल फार्मिंग और बीटेक फूड टेक्नोलॉजी (स्व-वित्तपोषण) में प्रवेश लेने का विकल्प है। विश्वविद्यालय के नेरी महाविद्यालय में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। स्नातक प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर स्नातक कार्यक्रमों की सामान्य सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा, जबकि स्नातक की स्व वित्त पोषित सीटों पर प्रवेश 10+2 परीक्षा में चार विषयों-अंग्रेजी, फिजिक्स, कैमिस्ट्री और बायोलॉजी/गणित की मेरिट के आधार पर होगा।

### एनसीसी के लिए छात्रों का किया मूल्यांकन



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घणागुघाट में एनसीसी की औपचारिक शुरुआत।

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की उपमंडल के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घणागुघाट में एनसीसी की औपचारिक शुरुआत की गई। इस अवसर पर जिला एनसीसी टीम द्वारा विद्यालय में चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। इसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय व छात्रों के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण रहा, जिसका लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। एनसीसी की ओर से आए दो प्रशिक्षित अधिकारियों ने चयन प्रक्रिया के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों का मूल्यांकन किया। प्रधानाचार्य अजय शर्मा ने बच्चों को एनसीसी में अनुशासन, देशभक्ति और सेवा की भावना से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने एनसीसी के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। एनसीसी प्रभारी खेम राज ने बताया कि विद्यार्थियों ने चयन प्रक्रिया के दौरान उत्साह के साथ भाग लिया और हर गतिविधि में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया।

### जिला स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता 23 से

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला राइफल एसोसिएशन की ओर से 10वीं जिला स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 25 मई तक कैथलीघाट महालक्ष्मी फर्नीचर के समीप किया जाएगा। एसोसिएशन के महासचिव विजय ठाकुर ने बताया कि इसमें 22 राइफल 50 मीटर, 22 पिस्टल 50 व 25 मीटर, 32 रिवाल्वर 25 मीटर और ट्रैप शूटिंग (12 बोर) की प्रतियोगिताएं होंगी। 10 मीटर एयर पिस्टल राइफल प्रतियोगिता इसी अवधि में श्री बालाजी गन फायर शूटिंग अकादमी नजदीक छावनी रेस्टोरेंट बाईपास रोड सोलन में होगी। प्रतियोगिता के लिए आर्म्स एनिमेशन प्रतिभागी शूटर को संगठन द्वारा मौके पर उपलब्ध करवाया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेना प्रतिभागियों के लिए अनिवार्य होगा।

### आईटीआई सोलन बनी ओवरआल चैंपियन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सोलन में 16वीं जिला स्तरीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता संपन्न हुई। अध्यक्ष, जोगिंद्रा सहकारी बैंक समिति हिमाचल प्रदेश, सोलन मुकेश शर्मा ने समापन समारोह की अध्यक्षता की। मुकेश शर्मा ने इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आशा जताई कि सभी खिलाड़ी भविष्य में अपने खेल यात्रा को जारी रखते हुए देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। बैडमिंटन में राजकीय आईटीआई सोलन की टीम विजेता तथा आईटीआई कृष्णगढ़ (कुठाड़) की टीम उपविजेता रही। वॉलीबाल में एसीएफ प्राइवेट आईटीआई दाड़लाघाट की टीम विजेता तथा राजकीय आईटीआई सोलन की टीम उपविजेता रही। खो-खो में राजकीय आईटीआई सोलन की टीम ने जीत हासिल की तथा राजकीय आईटीआई अर्की की टीम उपविजेता रही। कबड्डी प्रतियोगिता में निजी आईटीआई जोघों की टीम विजेता तथा राजकीय आईटीआई सोलन की टीम उपविजेता रही। इसमें ओवरआल चैंपियन सोलन आईटीआई बनी।

# ओलावृष्टि से सब्जियों को नुकसान

## बारिश से सोलन में तीन से चार डिग्री तक लुढ़का तापमान, ड्राई स्पेल से मिली निजात

**आर मोहन चौहान, सोलन**

बढ़ती गर्मी के बीच प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने से जिला मुख्यालय सोलन में बारिश का दौर शुरू हो गया है। बारिश से तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आई है। इससे लोगों को गर्मी से निजात मिली पर जिले के कई हिस्सों में ओले गिरने से टमाटर और शिमला मिर्च की फसल को नुकसान हुआ है।

ओले गिरने से टमाटर की पत्तियां और टहनियां गिरने से किसानों को खासा नुकसान झेलना पड़ा। हालांकि, लंबे समय से चल रहे ड्राई स्पेल से निजात मिली है साथ ही गर्मी के कारण सूखते जल स्रोत भी फिर से चार्ज होंगे। बारिश लहसुन की फसल के लिए फायदेमंद बताई जा रही है। मौसम के बदलाव का असर जिला मुख्यालय सहित उप-नगरों में भी देखने को मिला, जहां शुक्रवार को सोलन में जोरदार बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आई। साथ ही मौसम भी सुहाना हो गया। इससे लोगों को ड्राई स्पेल से निजात मिलेगी साथ ही पेयजल स्रोतों का जल स्तर भी बढ़ेगा। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों की माने तो आगामी कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम परिवर्तनशील रहेगा। कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान है।

डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के मौसम एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों ने मौसम बुलेटिन में कहा कि आगामी पांच दिनों तक प्रदेश में मौसम परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान जहां ऊंचे क्षेत्रों सहित नीचले और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान है। वैज्ञानिकों ने लोगों को सलाह दी है कि गरज और बिजली गिरने से सावधानियां बरतें। किसानों को सलाह दी है कि वे खुले मैदानों में जाने से बचें और ऊंचे पेड़ों और अन्य वस्तुओं से दूर रहे। (अनंत ज्ञान)



पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने से जिला मुख्यालय सोलन में बारिश के बाद सुहावना हुआ मौसम।

### सब्जियों की फसलों की नियमित रूप से निगरानी करें

**किसानों** को सलाह दी कि वे खेत में कीटों के हमले के खिलाफ सब्जियों की फसलों की नियमित रूप से निगरानी करें। किसान वर्षा होने के बाद फसलों पर दवा का छिड़काव करें। किसान कृषि मौसम संबंधी सलाह के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए मेघदूत ऐप का उपयोग करें। वैज्ञानिकों ने लहसुन उत्पादक किसानों का सलाह दी है कि लहसुन को बैंगनी धब्बा रोग से बचाने के लिए फसल की नियमित रूप से निगरानी करें यदि संक्रमण दिखे, तो वर्षा होने के बाद उसे नियंत्रित करने के लिए अनुशंसित मात्रा में कीटनाशक का छिड़काव करें। उन्होंने किसानों-बागवानों का आह्वान किया कि वे वैज्ञानिकों की सलाह के अनुरूप ही कृषि एवं बागवानी कार्य करें।

# हिमाचल का विकास डॉक्टर परमार की देन: उषा शर्मा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सिरमौर कल्याण मंच सोलन ने शुक्रवार को सोलन में हिमाचल प्रदेश के निर्माता व पहले मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार की पुण्यतिथि के मौके पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस मौके पर सोलन नगर निगम की महापौर ऊषा शर्मा, जोगिंद्रा को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन मुकेश शर्मा, नप सोलन के पूर्व चेयरमैन कुलराकेश पंत समेत मंच के सभी सदस्यों ने सोलन के चिल्ड्रन पार्क स्थित हिमाचल निर्माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि भेंट की। सोलन की महापौर ऊषा शर्मा ने कहा कि हिमाचल का विकास डॉ. परमार की देन है। उन्होंने हिमाचल के विकास का जो मॉडल तैयार किया था, उनके बाद आने वाली सरकारों ने भी उसी मॉडल को फॉलो किया परिणामस्वरूप आज हिमाचल पहाड़ी राज्यों में अपना अग्रणी स्थान रखता है। जोगिंद्रा बैंक के चेयरमैन मुकेश शर्मा ने कहा कि हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार ने हिमाचल का जो खाका तैयार किया था, उस कारण आज हमारा प्रदेश पहाड़ी राज्यों के लिए एक रोल मॉडल के रूप में उभरा है। यदि धारा 118 न होती, तो अब तक हिमाचल सारा बिक चुका होता। सिरमौर कल्याण मंच के अध्यक्ष प्रदीप मंमगाई ने कहा कि डॉ. परमार सड़कों को भाग्य रेखाओं की संज्ञा देते थे और उन्होंने प्रदेश में सड़कों का जाल भी बिछाया था, जिससे प्रदेश की तरक्की का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस मौके पर सिरमौर कल्याण मंच के वरिष्ठ सदस्य बलदेव चौहान, महासचिव यशपाल कपूर, इंजीनियर जोगेंद्र चौहान, गगन चौहान, डॉ. रामगोपाल शर्मा, इंजीनियर विपुल कश्यप, कविराज चौहान के अलावा कांग्रेस नेता व पार्षद सरदार सिंह ठाकुर व सोलन के समाजसेवी डॉ. नरेंद्र शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार को श्रद्धांजलि देते मंच के सदस्य।

### राजस्व मंत्री ने की परियोजना सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता

# लोगों के लिए पानी की आपूर्ति बनाएं सुनिश्चित

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन-शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिले के रिकांगपिओ स्थित आईटीडीपी भवन में आयोजित परियोजना सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की तथा पिछली बैठक में अधिकारियों को दिए गए दिशा-निर्देशों पर की गई कार्रवाई की वर्तमान रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। इस दौरान लंबित पड़े विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से चलाए जा रहे विकासात्मक व जन-कल्याणकारी कार्यों को गति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों के माध्यम से जिले में विभिन्न विकासात्मक कार्य व योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनसे संबंधित विभागीय अधिकारी समय-समय पर जमीनी स्तर पर पहुंचकर कार्य का जायजा लें, ताकि जिले के लोगों को वर्तमान सरकार द्वारा चलाई जा रही नीतियों व योजनाओं का लाभ मिल सके।



जगत सिंह नेगी परियोजना सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

नेगी ने लोक निर्माण विभाग को निदेश दिए कि विभाग के माध्यम से जो निर्माण कार्य आरंभ किए गए हैं, उन्हें समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें तथा सड़कों को दुरुस्त रखने के साथ-साथ सड़कों की टारिंग के कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार की कोताही न बरतें। उन्होंने विभाग द्वारा विभिन्न संपर्क मार्गों पर किए जा रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा की और गुणवत्तापूर्ण कार्यों पर बल दिया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकासात्मक कार्यों का लाभ मिल सके। बागवानी मंत्री ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए आवश्यक कार्य आरंभ करें तथा नीतिगत माध्यम से लोगों के लिए पानी की आपूर्ति सुनिश्चित बनाएं। (अनंत ज्ञान)

# मकान और खेत में आग लगाने का आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस थाना सोलन के तहत बसाल के धाला गांव में अपने चाचा के मकान और खेत में आगे लगाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक बसाल निवासी अरूण कुमार ने पुलिस थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि यह मूल रूप से गांव बसाल के रहने वाले है, इनकी गांव धाला में जमीन है, जहां पर इन्होंने मकान बना रखा है तथा उक्त जमीन पर इन्होंने ढोलू नामक नेपाली को देख-रेख के लिए रखा है। 30 अप्रैल को इन्हें उक्त नेपाली ने फोन किया कि गांव धाला में इनके मकान को इनके भतीजे विपिन ने आग लगा दी है, जिस पर यह गांव धाला पहुंचे, तो देखा कि विपिन जो गांव धाला में इनके मकान के साथ ही रहता था, इनके मकान के पास मौजूद था, जो घर में लगी आग को और ज्यादा भड़काने का प्रयास कर रहा था, जब इन्होंने उसे ऐसा करने से रोका, तो विपिन ने इन्हें जान से मारने की धमकी दी। आग से इनके घर की धरातल मंजिल के दोनों दरवाजे व खिड़कियां पूरी तरह जल गईं व घर के साथ रखी गेहूं की फसल भी जल कर राख हो गई, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना सदर सोलन की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी विपिन पुत्र गुलजारी लाल निवासी गांव धाला डाखा बसाल तह. व जिला सोलन हिप्र उम्र 35 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।



# डॉ. दमन ने स्वास्थ्य सेवाओं में सामुदायिक भागीदारी पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अहमदावाद विश्वविद्यालय गुजरात में आयोजित कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के प्रतिष्ठित सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामुदायिक भागीदारी विशेषज्ञ डॉ. दमन आहूजा ने स्वास्थ्य के लिए सामुदायिक प्रयास पर एक विस्तृत और ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में माइंडफुलनेस तकनीक का प्रभावशाली उपयोग करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जवाबदेही ढांचे की प्रमुख रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. आहूजा ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य कार्रवाई राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जवाबदेही ढांचे की एक महत्वपूर्ण रणनीति है। यह प्रणाली समुदाय और स्थानीय निर्वाचित प्रतिनिधियों को सशक्त बनाती है।



# वीना बनी अध्यक्ष मुकेश उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, अर्की।** लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल में चेयरमैन डॉ. पीएल गुप्ता, प्रिंसिपल डॉ. कुसुम गुप्ता और टीचिंग स्टाफ की मौजूदगी में एसएमसी कम पीटीए की आम बैठक हुई।

बैठक में आगामी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए स्कूल के समुचित संचालन के लिए पीटीए निकाय का गठन किया गया। जखोली से वीना ठाकुर को अध्यक्ष, बातल से मुकेश शर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया और अन्य पीटीए सदस्यों में जखोली से ममता, अर्की से देवेंद्र कुमार और अंजू, बातल से पूनम और अनीता, मंज्याट से अनिता और देवरा से अनीता तथा शालाघाट से किरण को चुना। सिल्वरजोन ओलंपियाड, मदर टेरेसा कलरिंग, सुलेख प्रतियोगिता और हिंदी सुलेख के लिए छात्रों को पदकों के साथ पुरस्कार भी दिए गए, पूरे समारोह के दौरान छात्रों के साथ-साथ अभिभावक भी बहुत उत्साहित थे।

# पर्यटन निगम के होटल में योग मैडिटेशन की सुविधा शुरू

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिंदगी की भागदौड़ से आज के दौर में लोग मानसिक तनाव से ग्रस्त रहते हैं।

तनाव मुक्त होने के लिए बाहरी राज्यों के लोग हिमाचल की वादियों में भ्रमण करने आते हैं। इसी उद्देश्य से सोलन के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बड़ोग में हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम के होटल में योग मैडिटेशन की सुविधा आरंभ की गई है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने इसका विधिवत शुभारंभ किया। उम्मीद जताई की भविष्य में इस सुविधा से पर्यटक स्वास्थ्य लाभ लेकर घर लौटेंगे। पर्यटन निगम ने वैल्नस्तरू संस्था के साथ करार किया है, जो कि प्रतिदिन यहां पर पर्यटकों को योगा मेडिटेशन की बारीकियां बताएंगे। पाइनवुड होटल के प्रबंधक अनिल कपूर ने बताया कि अक्सर उनके पास वीकेंड पर भारी भीड़ होती है व रविवार को पर्यटक वापस चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि निगम ने पर्यटकों को और अधिक होटलों में रोकने के लिए इसका फैसला किया है व वैल्सतरू संस्था के साथ करार किया है। इसके विशेषज्ञ बेहद कम पैकेज में लोगों को योग मैडिटेशन करवाएंगे व दूसरी और पर्यटन निगम के होटल का कारोबार भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि निगम के उच्च अधिकारियों ने फैसला लिया है कि 6 माह के ट्रायल के बाद इसे पर्यटन निगम के सभी होटलों में इस सुविधा को शुरू किया जाएगा। वहीं, वैल्नैस्तुरू संस्था की संयोजक डॉ. आदिती गर्ग ने बताया कि हिमाचल की सुंदरता को निहारने लोग यहां आते हैं व शुद्ध वातावरण में अब उन्हें पर्यटन निगम के इस होटल में योग मेडिटेशन की सुविधा भी मिलेगी, जिससे एक और लोगों को मानसिक व स्वास्थ्य लाभ होगा। वहीं, हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम का कारोबार भी बढ़ेगा। इसी उद्देश्य से उन्होंने पर्यटन निगम के साथ करार किया है।



पर्यटन निगम के पाइन वुड होटल में शुरू हुई योग मैडिटेशन की सुविधा।

# सिरमौर में नशे में वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई, अप्रैल में 162 चालान, 25 गिरफ्तार

**एसपी जैरथ, नाहन**

सिरमौर पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कसते हुए अप्रैल माह में विशेष अभियान चलाया। इसके तहत जिलेभर में 162 चालान और 25 लोगों की गिरफ्तारी की गई। यह अभियान पुलिस अधीक्षक निश्चित सिंह नेगी के नेतृत्व में सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शुरू किया गया।

> शराब पीकर गाड़ी चलाना खुद की जान को जोखिम में डालना : एसपी

एसपी ने बताया कि जिलेभर के हाईवे और संपर्क मार्गों पर सुनियोजित नाका योजना लागू की गई है। शाम ढलते ही महिला पुलिसकर्मियों की भागीदारी के साथ यह चैकिंग शुरू हो जाती है। यह अभियान सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखकर पूरी सख्ती से चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान मोटर वाहन अधिनियम की धारा-185 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए शराब पीकर गाड़ी चलाने के 162 चालान किए और 25 लोगों को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। इस सख्त कार्रवाई से लोगों में जागरूकता के साथ-साथ डर भी पैदा हुआ है। एसपी ने चेतावनी दी कि भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाने पर न केवल चालान और गिरफ्तारी हो सकती है, बल्कि ड्राइविंग लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। शराब पीकर वाहन चलाना सिर्फ एक कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि जानलेवा जोखिम है। सुरक्षित ड्राइव करें और अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत करें।

**विकास** सिरमौर जिले के लोगों ने ठोस पर्यटन विकास योजना बनाकर बजट प्रावधान की उठाई मांग

# डीसी की कमान प्रियंका वर्मा के हाथ में आने से जगी नई उम्मीदें

**अनंत ज्ञान, शिलाई**

सुश्री प्रियंका वर्मा को हाल ही में जिला सिरमौर की उपायुक्त नियुक्त किया गया है, जिससे जिले की जनता में नई उम्मीदें जगी हैं। प्रियंका वर्मा एक योग्य, शिक्षित और अनुभवी अधिकारी हैं, जो पूर्व में अतिरिक्त उपायुक्त सिरमौर रह चुकी हैं और जिले की भौगोलिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों से भली-भांति परिचित हैं।



जनता को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में जिला सिरमौर विकास की नई दिशा में अग्रसर होगा। सिरमौर जिला प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक विरासत से भरपूर है। यहां के रेणुका जी, चूड़धार, हरिपुरधार, हाब्बन वैली, पांवटा साहिब, शिलाई का सुईनल, निगाली, गिरनोल, पालर जैसे क्षेत्रों में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। अगर इन क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास, सड़कें, यात्री सुविधा केंद्र, होम स्टे, प्रचार-प्रसार आदि को बढ़ावा दिया जाए तो ये स्थान शिमला, कुल्लू, धर्मशाला जैसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की तरह विकसित हो सकते हैं। इससे न केवल जिले की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अनेकों अवसर भी सृजित होंगे।

क्षेत्र के लोगों ने नवनियुक्त उपायुक्त से आग्रह है कि वह जिला प्रशासन के माध्यम से एक ठोस पर्यटन विकास योजना बनाएं और राज्य सरकार से विशेष बजट का प्रावधान करवाएं। यदि जनप्रतिनिधि, सरकार और प्रशासन मिलकर प्रयास करें तो सिरमौर को पर्यटन की दृष्टि से हिमाचल का अगला बड़ा केंद्र बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी युवा और बुद्धिजीवी वर्ग इस प्रयास में आपके साथ हैं और आशा करते हैं कि आपका कार्यकाल सिरमौर के लिए ऐतिहासिक और सराहनीय सिद्ध होगा।

### नशे के खिलाफ संस्था ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**नाहन।** नशे के खिलाफ काम कर रही आदर्श संस्था के पदाधिकारियों ने नाहन में डीसी प्रियंका वर्मा से मुलाकात कर बढ़ते नशे के कारोबार पर चिंता जताते हुए उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। आदर्श संस्था के अध्यक्ष अमरजीत परमार ने बताया कि प्रदेश सहित पूरे सिरमौर जिले में लगातार फैलता नशे का कारोबार चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बढ़ते नशे पर रोक लगाने की मांग को लेकर और नशे के कारोबारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर एक मांग पत्र डीसी को सौंपा गया है और आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। संस्था के लोग स्कूलों, कॉलेज और पंचायत स्तर तक जाकर नशे के खिलाफ बच्चों को जागरूक करने का कार्य करेंगे, ताकि नशे को जड़ से खत्म किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने जिला सिरमौर और प्रदेश स्तर पर अधिवक्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि नशे का कारोबार कर रहे लोगों का केस न लें ताकि इन लोगों की जमानत तक ना हो सके। अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि हर सरकारी अस्पतालों में नशे की गिरफ्त में आ चुके युवाओं की काउंसलिंग के लिए कक्षा स्थापित किया जाना चाहिए



### जिले के विकास के लिए समन्वय से करें कार्य

**नाहन।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने डीसी कार्यालय के सभागार में जिले के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को जिले के विकास के लिए समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। अधिकारियों को विकासात्मक कार्यों को जल्द पूर्ण करने को कहा, ताकि लोगों को सरकार की योजनाओं तथा विकासात्मक कार्यों का लाभ मिल सके। अधिकारियों से उनकी समस्याएं सुनीं व सहानुभूतिपूर्ण समाधान करने का आश्वासन दिया।

### मंडल ने श्रीमद् भागवत गीता भेंट की

**नाहन।** भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा मंडल के सदस्यों ने अध्यक्ष प्रकाश चंद की अगुवाई में डीसी प्रियंका वर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मंडल के अध्यक्ष ने उपायुक्त को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया और पदभार संभालने पर शुभकामनाएं दीं। प्रियंका वर्मा को भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा मंडल द्वारा श्रीमद् भागवत गीता भेंट की और भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के बारे में बताया। इस अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा मंडल के अध्यक्ष प्रकाश बंसल व रथयात्रा मंडल के सदस्य शामिल रहे।

# डीसी ने मीडिया से की सहयोग की अपील

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर प्रेस क्लब के सदस्यों ने क्लब के महासचिव सतीश शर्मा की अगुवाई में डीसी प्रियंका वर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान क्लब की ओर से डीसी को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया और पदभार संभालने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। 2015 बैच की प्रशासनिक अधिकारी प्रियंका वर्मा वर्ष 2019 से 2021 तक जिला सिरमौर में एडीसी के पद पर रह चुकी है इसलिए जिला सिरमौर से प्रियंका वर्मा भली-भांति परिचित हैं। इस मौके पर डीसी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में मीडिया की अहम भूमिका रहती है इसलिए उन्होंने मीडिया से सहयोग की अपील की। इस दौरान सिरमौर प्रेस क्लब के करीब एक दर्जन सदस्य मौजूद रहे।

> सिरमौर प्रेस क्लब के सदस्यों ने प्रियंका वर्मा से की मुलाकात




# जल विवाद पर पंजाब सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी हरियाणा सरकार : श्रुति

## सिंचाई मंत्री बोलीं-जल वितरण पर पंजाब के आंकड़े सरासर गलत

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने जल वितरण के मुद्दे पर कहा कि यह पानी पूरी तरह से बोर्ड का है ना कि पंजाब का और पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा हरियाणा के 103 प्रतिशत पानी के इस्तेमाल दावा बिलकुल तथ्यहीन है। पंजाब सरकार का व्यवहार पूरी तरह से राजनीतिक है। इनसे दिल्ली की हार बर्दाश्त नहीं हो रही तभी ऐसी हरकत की जा रही है। श्रुति चौधरी शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय स्थित पत्रकारों से पानी वितरण के मुद्दे पर बातचीत कर रही थी।

उन्होंने बताया कि राज्य की पीने की मांग को पूरा करने के साथ-साथ दिल्ली, राजस्थान सहित साझेदार राज्यों को आपूर्ति वितरित करने के लिए भाखड़ा में बंद अवधि के दौरान हरियाणा को 4000 क्यूसेक पानी देने का अनुरोध किया था, क्योंकि बंद अवधि के दौरान



डब्ल्यूजेसी के माध्यम से यमुना नदी से कोई आपूर्ति प्राप्त नहीं होनी थी। इसके जवाब में पंजाब ने केवल 3000 क्यूसेक पानी जारी किया जिसमें दिल्ली की 1049 क्यूसेक पानी की आवश्यकता भी शामिल थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए हरियाणा ने पीने के पानी को प्राथमिकता देते हुए 4000 क्यूसेक पानी देने की मांग रखी। फिर 23 अप्रैल को टीसीएम की बैठक में निर्णय लिया गया कि हरियाणा को 24 अप्रैल से एक मई यानी 8 दिन की अवधि के दौरान हरियाणा संपर्क बिंदु के तहत 8500 क्यूसेक पानी आवंटित किया जाएगा ताकि साझेदार राज्यों को शेयर वितरित किए जा सके। बैठक में सहमति के बाद भी पंजाब सरकार की ओर से 8500 क्यूसेक पानी के मांगपत्र को बीबीएमबी नहीं भेजा गया जिसके हरियाणा में पानी की कमी हुई। (अनंत ज्ञान)

### मामले का हल न निकलने पर सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार

**सिंचाई** मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि इस मामले का अगर हल नहीं निकलता है तो हम सुप्रीम कोर्ट में मामले को लेकर याचिका लगाएंगे। हमारी सरकार इस मुद्दे पर पूरी तरह से गंभीर है हम हरियाणा के हक का पानी लेकर रहेंगे। हमारे पास सभी आंकड़े है अब तक हरियाणा को कितना पानी मिला है सभी तथ्य कोर्ट में पेश किए जाएंगे।

# सुधांशु जी महाराज के जन्मोत्सव पर टंडन ने लिया साधु-संतों से आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




परम पूज्य सुधांशु जी महाराज के 70वें जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विश्व जागृति मिशन द्वारा आनंदधाम आश्रम, नई दिल्ली में आयोजित सनातन संस्कृति जागरण महोत्सव में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एव हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया।

इस अवसर पर टंडन ने अपनी धर्मपत्नी प्रिया टंडन के साथ सहलेखन में लिखी पुस्तक को पूज्य महाराज श्री को जन्मदिवस पर उपहार स्वरूप ससम्मान भेंट की। संजय टंडन ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विश्विख्यात अनेक पूज्य संतों महात्माओं से आशीर्वाद प्राप्त किया जिनमें जगद्गुरु स्वामी राज राजेश्वराश्रम जी महाराज, संत गौरव धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी (बागेश्वर धाम), विश्वविख्यात संत पूज्य श्री मोरारी बापू जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी नारायण गिरि जी महाराज, महामंडलेश्वर नवल किशोर जी महाराज, कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी, जगद्गुरु स्वामी सतीश आचार्य जी महाराज, आचार्य श्री संजीव कृष्ण ठाकुर जी प्रमुख थे। साथ ही आरएसएस के संपर्क प्रमुख राम लाल, विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संरक्षक दिनेश चंद्र एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार से भी भेंटवार्ता हुई और मार्ग-दर्शन प्राप्त किया।

सुधांशु जी महाराज के जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के उपरांत संजय टंडन ने कहा कि हम सबके जीवन में साधु संतों का बहुत महत्व है। उनके आशीर्वाद मात्र से ही एक सुखद आनंद की प्राप्ति होती है। हमारे भीतर सकरात्मक ऊर्जा का संचार होता है और एकसाथ सभी संतो महंतों के दर्शन मात्र से जीवन सफल हो जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### बंदूक दिखाकर दंपती से लाखों की नकदी लूटी

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** एक परिवार के साथ लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़ित अनिल मखीजा ने बताया कि वीरवार रात मनोज भाटी, उसकी पत्नी मीनू भाटी और उनका बेटा उनके घर में घुस आए। मीनू ने उनकी छाती पर रिवाल्वर रखकर जान से मारने की धमकी दी। कुछ देर बाद 15-20 बदमाश लाठी-डंडों से लैस होकर घर में घुस गए। उन्होंने परिवार के साथ मारपीट की और अलमारी तोड़कर 1.77 लाख रुपए नकद और सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। भागते समय बदमाशों की स्कूटी की चाबी वहीं गिर गई। घटना जवाहर कॉलोनी खंड बी की है। अनिल मखीजा ट्रैक्टर चलाने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि तीन साल पहले उन्होंने मनोज भाटी की रॉयल वाटिका में काम किया था, अब वाटिका किसी और के पास है, लेकिन मनोज को शक है कि वाटिका उन्होंने ले ली है। इसी रंजिश में यह वारदात की गई।

### गांजा बेचने का आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत पुलिस ने नौ किलो 800 ग्राम गांजा पत्ती तस्करी मामले में आरोपी सप्लायार को वीरवार की रात पंजाब के मोहाली से गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने शुक्रवार को बताया कि उनकी टीम ने 16 मार्च 2024 मुजफ्फरनगर यूपी के वासेखनान को 9 किलो 800 ग्राम गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया था कि वह अपने गांव निवासी परवेज पुत्र महताब से कम कीमत पर खरीदकर लाता है । प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि सीआईए टू पुलिस टीम आरोपी परवेज को पकड़ने के लिए उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। आरोपी पुलिस पकड़ से बचने के लिए ठिकाने बदलकर छुपकर रह रहा था। पुलिस टीम ने वीरवार को मिली सूचना पर आरोपी परवेज को पंजाब के मोहाली के कंसल से गिरफ्तार किया।

### झज्जर जिले की नहरों में पर्याप्त पानी उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, झज्जर।** पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा को भाखड़ा का पानी तय हिस्से के आधे से भी कम करने की वजह से जिला सिंचाई विभाग चिंता में है। विभाग ने बीते मंगलवार को जिले के किसानों को पानी की किफायत करने की सलाह दी थी, लेकिन शुक्रवार की सुबह 4 से सुबह 8 बजे तक हुई भारी बारिश ने फिलहाल किसानों और सिंचाई विभाग की चिंता मिटा दी है। फिलहाल जिले की सभी प्रमुख नहरों में पानी की आपूर्ति जारी है। जेएलएन नहर में 1600 क्यूसेक पानी चल रहा है। यह इस नहर की नियमित मात्रा है। जो 15 मई तक इसी तरह चलती रहेगी।

# पानी पर घटिया राजनीति न करें पंजाब के नेता: मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जल वितरण के संबंध में प्रतिक्रिया देते हुए पंजाब के नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि इस प्रकार की घटिया राजनीति न करें, यह गुरुओं की धरती है और हम गुरुओं को प्रणाम करते हैं।

वे पंजाब की आवाम के हित में काम करें। हरियाणा भी पंजाब का भाग है और वहीं से अस्तित्व में आया है। इस प्रकार की घटिया स्तर की राजनीति किसी के लिए भी ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पंचकूला में क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी की ओर से आयोजित क्वालिटी एश्योरेंस कॉन्क्लेव के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैं हरियाणा का मुखिया होने के नाते कहता हूं कि अगर पंजाब के लोगों को पीने के पानी की आवश्यकता पड़ती है, तो हम ट्यूबवेल लगाकर अपनी जमीन का पानी निकालकर पंजाब के लोगों को पिलाने का काम करेंगे। पंजाब के किसी व्यक्ति को हम प्यासा नहीं रहने देंगे, यह गारंटी मेरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछला रिकॉर्ड देख लें, जो पानी हरियाणा को पहले से मिलता आ रहा है। हम केवल उसी की बात कर रहे हैं। पानी एक प्राकृतिक स्रोत है। इस राजनीति में यह पानी वेस्ट होकर पाकिस्तान चला जाएगा, जो हमारे निहत्थे लोगों का खून बहाने का काम कर रहा है।

# आयुक्त अमित ने की मनीमाजरा में 24×7 जलापूर्ति पायलट परियोजना की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मनीमाजरा में पेयजल आपूर्ति की जांच करने के लिए, नगर निगम आयुक्त श्री अमित कुमार, आईएएस ने आज 24×7 जलापूर्ति पायलट परियोजना की स्थिति की समीक्षा करने के लिए व्यक्तिगत रूप से मनीमाजरा का दौरा किया।

यह दौरा जनता की चिंताओं और क्षेत्र में अपर्याप्त जलापूर्ति के मुद्दों को उजागर करने वाली कई मीडिया रिपोर्टों के जवाब में किया गया था। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, आयुक्त अमित कुमार ने नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परियोजना के क्रियान्वयन में चुनौतियों को समझने और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया।

आयुक्त ने स्थानीय निवासियों के साथ बातचीत की, सिस्टम की कार्यक्षमता की समीक्षा की और जनता को आश्वासन दिया कि समस्याओं को हल करने और 24×7 परियोजना के तहत सुचारु और विश्वसनीय जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे। उन्होंने पारदर्शिता, कुशल सेवा वितरण और जनता की शिकायतों के समय पर निवारण के लिए नगर निगम की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

आयुक्त के नेतृत्व में एमसीसी टीम ने पाया कि 90 प्रतिशत निवासी पेयजल आपूर्ति प्रणाली से संतुष्ट हैं। आयुक्त ने संबंधित इंजीनियरों को शेष 10 प्रतिशत क्षेत्र को शीघ्र ही सुधारने और तुरंत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। नगर निगम चंडीगढ़ 'एमसीसी आपके द्वार' जैसी पहलों के तहत सक्रिय शासन और क्षेत्र में भागीदारी के माध्यम से नागरिक कल्याण को प्राथमिकता देना जारी रखता है।

# संपत्तियों की स्थिति में सुधार के लिए विशेष शिविर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ऐसी संपत्तियों की स्थिति में सुधार के मुद्दे को संबोधित करने के लिए, जिन्हें एक बार फिर से शुरू किया गया था, लेकिन बाद में विभिन्न अदालती आदेशों के माध्यम से बहाल कर दिया गया था, एसओपी तैयार किया गया था और एस्टेट ऑफिस द्वारा ऐसी कई प्रविष्टियों में सुधार किया गया था।

इस प्रकार, ऐसे सभी आवंटियों/मालिकों को अवसर देने के लिए जिनकी संपत्ति की स्थिति उनके पास उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार वेबसाइट से अलग है, कार्यालय समय के दौरान 05.05.2025 से 20.05.2025 तक डीसी ऑफिस/एस्टेट ऑफिस के डायरी सेक्शन में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसलिए, एस्टेट ऑफिस के अधिकार क्षेत्र में आने वाली संपत्तियों के सभी आवंटियों/मालिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी संपत्तियों की स्थिति पोर्टल और सीएमआईएस चंडीगढ़ पोर्टल के माध्यम से जांच करें।

यदि कोई विसंगति पाई जाती है, तो उनसे अनुरोध है कि वे अपने दावे को साबित करने के लिए दस्तावेजों के साथ इस शिविर में अपना आवेदन प्रस्तुत करें। इस शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का 90 दिनों के भीतर निपटारा किया जाएगा।

### ट्रंप ने माइक को बनाया यूएन का राजदूत

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जब से पद संभाला है, अपने फैसलों से लगातार लोगों को चौंका रहे हैं। अब ट्रंप प्रशासन में नई उथल-पुथल देखने को मिल रही है और उन्होंने अपने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज को पद से हटा दिया है। हालांकि, इसके साथ ही उन्हें संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत पद पर नियुक्त किया गया है। अब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने माइक वाल्ट्ज को एनएसए पद से हटाए जाने और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत पद पर चुने जाने को 'प्रमोशन यानी पदोन्नति' के रूप में पेश करने की कोशिश की है। उन्होंने मीडिया पर आरोप लगाया है कि वह शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा पद से उनके हटने को बर्खास्तगी के रूप में पेश कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### जाली दस्तावेजों संग दो बांग्लादेशी महिलाएं काबू

**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात के पाटन जिले में दो बांग्लादेशी महिलाओं को उनकी असली नागरिकता छिपाने और जाली दस्तावेजों की मदद से आधार कार्ड बनवाकर अवैध रूप से रहने के आरोप में हिरासत में लिया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानाकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) वीके नयी ने बताया कि इन महिलाओं की पहचान सुल्ताना (32 वर्षीय) और ब्यूटी बेगम (37 वर्षीय) के रूप में हुई है। दोनों महिलाएं साल 2022 में अवैध रूप से भारत में दाखिल हुईं और अपनी अपनी असली पहचान छिपाक पाटन शहर में बस गईं। दोनों ने पाटन के एक होटल में नौकरी भी शुरू कर ली। सुल्ताना ने गुजरात में दो बार शादी भी की है। (अनंत ज्ञान)

### गाजा में राहत सामग्री ले जा रही नाव पर हमला

**एजेंसी, तेल अवीव।** गाजा के लिए खाने-पीने का सामान और जरूरी राहत सामग्री लेकर जा रही एक नाव पर शुक्रवार को माल्टा के पास ड्रोन से हमला हुआ। यह नाव गाजा स्वतंत्रता फ्लोटिला की थी, जो गाजा में फंसे लोगों तक खाने-पीने का सामान और जरूरी मदद पहुंचाने की कोशिश कर रही थी। नाव में 12 क्रू मेंबर और 4 आम नागरिक सवार थे। हमले में कोई घायल नहीं हुआ है, लेकिन नाव को काफी नुकसान पहुंचा है। यह जानकारी गाजा की शांति और सामाजिक न्याय की वकालत करने वाले संगठन कोडपिंक ने दी है। (अनंत ज्ञान)

### सीरियाई राष्ट्रपति के घर के पास इसराइली हमला

**एजेंसी, दमिश्क।** इसरायल की वायु सेना ने शुक्रवार तड़के सीरिया के राष्ट्रपति भवन के निकट हमला किया। इससे कुछ ही घंटों पहले सीरियाई अधिकारियों को दक्षिण में ड्रूज आबादी वाले गांवों की ओर बढ़ने के खिलाफ चेतावनी दी गई थी। जैसा कि एपी ने बताया है। यह हमला दमिश्क के निकट सरकार समर्थक बलों और ड्रूज़ लड़ाकों के बीच कई दिनों तक चली भीषण लड़ाई के बाद हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप दर्जनों लोग हताहत हुए हैं। इस सप्ताह सीरियाई क्षेत्र पर किया गया दूसरा हमला है, जो देश के नवगठित नेतृत्व के लिए एक कड़ा संदेश है, जिस पर अब हयात तहरीर अल-शाम के नेतृत्व वाले इस्लामी गुटों का प्रभुत्व है, जैसा कि एसोसिएटेड प्रेस ने रिपोर्ट किया है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# आंधी-बारिश से 10 लोगों की मौत

## पेड़ और बिजली के खंभे गिरे, दिल्ली में 200 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर, यूपी, छत्तीसगढ़ और उत्तरी भारत के कई हिस्सों में गुरुवार रात और शुक्रवार सुबह आंधी-बारिश और बिजली-पेड़ गिरने की घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली, उत्तर प्रदेश में 4-4 और छत्तीसगढ़ में 2 लोगों ने जान गंवाई है।तेज आंधी-तूफान और भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं, भीषण गर्मी से परेशान दिल्ली-एनसीआर में बारिश ने लोगों को राहत दी। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद के कई हिस्सों में आंधी-तूफान के चलते पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। लगातार हो रही तेज बारिश से दिल्ली की सड़कों पर पानी भर गया है।

दिल्ली हवाई अड्डे पर शुक्रवार सुबह आंधी-तूफान और तेज हवाओं के कारण परिचालन बाधित होने के कारण तीन उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया और 200 से अधिक उड़ानें विलंबित हो गईं। दिल्ली में खराब मौसम के कारण एक फ्लाइट को अहमदाबाद और दो फ्लाइट को जयपुर डायवर्ट किया गया और कई अन्य फ्लाइट में देरी हुई। मौसम विभाग के अनुसार 1 मई से 7 मई तक आंधी व बारिश का अनुमान है। इस कारण से तापमान 34 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है।

पश्चिमी विक्षोभ के असर से 1 मई की रात से 4 मई की सुबह तक मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। 5 और 6 मई को शाम के समय आंधी-तूफान और बादल गरजने की गतिविधियां रहेंगी। इससे पहले मौसम विभाग 1 से 2 मई के लिए बारिश व आंधी का यलो अलर्ट जारी किया था। गाजियाबाद में शुक्रवार तड़के मौसम का मिजाज बदल गया। पहले तेज आंधी चली। इसके बाद बादल गरजे और पांच बजे बारिश शुरू हो गई। आने वाले चार-पांच दिन तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। (अनंत ज्ञान)



दिल्ली-एनसीआर में हुई भारी बारिश से सड़कों पर पानी में से गुजरतीं गाड़ियां।

### गुरुग्राम बना जलग्राम, घरों में घुसा पानी

**गुरुग्राम** में बारिश से शुक्रवार को कई जगहों पर जलभराव हो गया है। घरों के अंदर पानी घुस गया। नरसिंहपुर गांव के सामने दिल्ली जयपुर हाईवे और सर्विस लेन पर तीन फीट पानी भर गया है। इससे वाहन चालकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आंधी से कई जगह पेड़ टूट गए। इसकी चपेट में आकर पालम विहार में पार्क की दीवार ढह गई। दो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

### राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना 23 को

**लखनऊ।** भवन निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक शुरू हो गई है। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बैठक से पहले पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्य मंदिर के प्रथम तल में राम दरबार की प्रतिमा और शेषा अवतार मंदिर की प्रतिमाएं आनी शेष है। 23 मई को राम दरबार की प्रतिमा राम मंदिर गर्भगृह में स्थापित की जाएगी। 30 मई से पहले शेषा अवतार मंदिर में भी लक्ष्मण जी की प्रतिमा को स्थापित कर दिया जाएगा। 3 जून से राम मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा शुरू होगी। पांच जून तक उत्सव होगा। (अनंत ज्ञान)

# वक्फ कानून को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर भी सुनवाई नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वक्फ संशोधन कानून को चुनौती देने वाली नई याचिकाएं दायर की गईं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इन याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिकाओं में वक्फ संशोधन कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की सदस्यता वाली पीठ वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 5 मई को सुनवाई करेगी।

इससे पहले 29 अप्रैल को भी सुप्रीम कोर्ट ने कानून को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। 29 अप्रैल को पीठ ने अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली 13 याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया। इनकार करते हुए पीठ ने कहा 'हम अब याचिकाओं की संख्या नहीं बढ़ाने जा रहे हैं। यह बढ़ती रहेगी और इसे संभालना मुश्किल हो जाएगा।'

गत 7 अप्रैल को पीठ ने अपने समक्ष मौजूद याचिकाओं में से केवल पांच पर सुनवाई करने का फैसला किया। केंद्र ने पीठ को आश्वासन दिया कि वह 5 मई तक 'वक्फ बाय यूजर' सहित वक्फ संपत्तियों को न तो गैर-अधिसूचित किया जाएगा और न ही केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्डों में कोई नियुक्ति होगी। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 260 अंक चढ़कर 80502 पर बंद

## निफ्टी में 12 अंक की मामूली बढ़ोतरी, 24347 के स्तर पर पहुंचा

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर बाजार में जरबदस्त तेजी देखी गई। सेंसेक्स 260 अंक चढ़कर 80,502 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 12 अंक की तेजी रही। यह 24,347 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 चढ़कर बंद हुए। अडाणी



पोर्ट्स का शेयर 4.11 फीसदी, बजाज फाइनेंस का 2.70 फीसदी, एसबीआई का 1.51 फीसदी ऊपर रहे। इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, ITC, टाटा स्टील और मारुति सुजुकी 1 प्रतिशत ऊपर बंद हुए। नेस्ले इंडिया, NTPC और कोटक बैंक के शेयर में 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। कुछ प्रमुख सेक्टर्स में मजबूती से बाजार को सपोर्ट मिला है। (अनंत ज्ञान)

# वाघा बॉर्डर पर फंसे अपने नागरिकों को वापस लेने को पाकिस्तान तैयार

## भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के दिए हैं निर्देश

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

भारत की सख्ती से पाकिस्तान परेशान हो गया है। भारत सरकार के देश छोड़ने के आदेश के बाद कई पाकिस्तानी वाघा बॉर्डर पर फंस गए हैं। अब पाकिस्तान की सरकार ने ऐलान किया है कि वे वाघा बॉर्डर पर फंसे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस लेगा।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने का ऐलान कर दिया और पाकिस्तानी नागरिकों को एक तय समयसीमा के भीतर देश छोड़ने का निर्देश दे दिया गया। अगर वे तय समय पर देश नहीं छोड़ते हैं तो उन पर सक्त कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### सीमा पर फंसे हैं 70 पाकिस्तानी

**पाकिस्तानियों** के भारत छोड़ने की समय सीमा 30 अप्रैल को समाप्त हो गई, जिसके बाद गुरुवार को अटारी-वाघा बॉर्डर बंद रही। हालांकि कम से कम 70 पाकिस्तानी नागरिक गुरुवार से ही अटारी-वाघा बॉर्डर पर फंसे हुए हैं। मीडिया से बात करते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सीमा पर फंसे पाकिस्तानी नागरिकों को लेकर कहा कि 'हमें उन मीडिया रिपोट्र्स की जानकारी है, जिनमें कुछ पाकिस्तानी नागरिकों के अटारी सीमा पर फंसे होने की जानकारी मिली है। हम अपने नागरिकों को वापस लेने के लिए तैयार हैं। भारतीय अधिकारी उन्हें सीमा पार करने की इजाजत दें।'

### अमेरिका में कश्मीरी हिंदुओं ने आतंक के खिलाफ उठाई आवाज

**ह्यूस्टन।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिका में कश्मीरी हिंदुओं ने आतंकी घटनाओं के प्रति जवाबदेही को लेकर आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि कश्मीर में बढ़ रहे आतंकवाद को रोकने के लिए वैश्विक शक्तियां सख्त कदम उठाएं। प्रवासी सदस्यों ने कहा कि 22 अप्रैल को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा के दौरान हुए हमले ने सुरक्षा तैयारी में खामियों और कश्मीर में अल्पसंख्यक समुदायों के लिए खतरों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इंडो-अमेरिकन कश्मीर फोरम के अंतरराष्ट्रीय समन्वयक डॉ. विजय सजावल ने दावा किया कि यह हमला एक रोकी जा सकने वाली त्रासदी थी। (अनंत ज्ञान)

**अभ्यास** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच यूपी के शाहजहांपुर में दमखम दिखा रही वायुसेना

# आंधी के बीच गंगा एक्सप्रेस-वे पर उतरे लड़ाकू विमान

**एजेंसी, लखनऊ**

भारत-पाकिस्तान में चल रहे तनाव के बीच यूपी के शाहजहांपुर में भारतीय वायुसेना गंगा एक्सप्रेस-वे पर अपना दमखम दिखा रही है। 3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी पर मिराज, राफेल और जगुआर जैसे लड़ाकू विमान आंधी-तूफान के बीच लैंडिंग और टेक-ऑफ की प्रैक्टिस कर रहे हैं।

सबसे पहले एएन-32 लड़ाकू विमान ने एक्सप्रेस-वे पर 'टच एंड गो' किया। फिर दूसरे विमान ने एक्सप्रेस-वे पर लैंड किया। उसे आगे बढ़ना था, लेकिन हवा की गति इतनी तेज थी कि वह आगे नहीं बढ़ सका। इसके बाद पायलट ने विमान का रुख हवा की दिशा में मोड़ दिया। अब तक 16 लड़ाकू विमान गंगा एक्सप्रेसवे पर 'टच एंड गो' कर चुके हैं। शाम को 3 घंटे का नाइट लैंडिंग शो होगा, जो शाम 7 बजे से शुरू होकर रात 10 बजे तक चलेगा। शनिवार को भी दिन में फाइटर प्लेन एयर शो करेंगे। हालांकि, नाइट शो नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)

**अब तक 16 लड़ाकू विमान एक्सप्रेस-वे पर कर चुके हैं 'टच एंड गो'**



लैंडिंग और टेक-ऑफ की प्रैक्टिस करते लड़ाकू विमान।

### रात में लैंडिंग वाला पहला एक्सप्रेस-वे

**गंगा** एक्सप्रेस-वे देश का चौथा ऐसा एक्सप्रेस-वे है, जिसमें हवाई पट्टी है। यह रात में लैंडिंग की क्षमता वाला देश का पहला एक्सप्रेस-वे है। गंगा एक्सप्रेस-वे 36,230 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। यह 594 किलोमीटर लंबा है, जो मेरठ से प्रयागराज तक बन रहा है।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
504




पर्पल कैप
**जोश हेजलवुड**
18




सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
34

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुंबई | 11 | 07 | 04 | 00 | 14 |
| 2. | बेंगलुरु | 10 | 07 | 03 | 00 | 14 |
| 3. | पंजाब | 10 | 06 | 03 | 01 | 13 |
| 4. | गुजरात | 09 | 06 | 03 | 00 | 12 |
| 5. | दिल्ली | 10 | 06 | 04 | 00 | 12 |
| 6. | लखनऊ | 10 | 05 | 05 | 00 | 10 |
| 7. | कोलकाता | 10 | 04 | 05 | 01 | 09 |
| 8. | राजस्थान | 11 | 03 | 08 | 00 | 06 |
| 9. | हैदराबाद | 09 | 03 | 06 | 00 | 06 |
| 10. | चेन्नई | 10 | 02 | 08 | 00 | 04 |

## स्पोर्ट्स विंडो


### मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहैम ने यूरोपा लीग सेमीफाइनल में बनाई मजबूत बढ़त



**एजेंसी, मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहैम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले चरण में बड़ी जीत हासिल की। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने स्पेन के सैन मैम्स में एथलेटिक बिलबाओ को 3-0 से हराया, जबकि टोटेनहैम ने घरेलू मैदान पर नॉर्वे के क्लब बोडो ग्लिमट के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। इस तरह से इंग्लैंड की इन दोनों टीमों ने यूरोप के दूसरे सबसे बड़े क्लब टूर्नामेंट को जीतने और महाद्वीप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा है। मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहैम दोनों इंग्लिश प्रीमियर लीग के निचले भाग में हैं लेकिन यूरोपा लीग की ट्रॉफी जीतने पर उन्हें अगले सत्र में चैंपियंस लीग में जगह मिल जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### इवा निकोला खूबसूरत अंदाज में

**पोलैंड।** इवा निकोला स्वोबोडा एक पोलिश ट्रैक और फील्ड धावक हैं जो छोटे स्प्रिंट में माहिर हैं। अपने शरीर में टैटू की वजह से वह मीडिया की सुर्खियां बनती हैं। सोशल मीडिया पर उनके चाहने वालों की कमी नहीं है।



### गोल्फर अदिति अशोक की उटाह टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत

**एजेंसी, इविंस (उटाह, अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने शुरुआती बोगी से उबरकर ब्लैक डेजर्ट चैंपियनशिप में मजबूत शुरुआत करते हुए पहले दिन संयुक्त 29वां स्थान हासिल कर लिया। अदिति ने वीरवार को तीन अंडर 69 स्कोर किया। उन्होंने इस साल चार में से तीन टूर्नामेंटों में कट में प्रवेश किया है और सत्र की रैंकिंग में 102वें स्थान पर है। पहले दौर के बाद कोरिया की हाएरान रियू शीर्ष पर हैं। (अनंत ज्ञान)



## आईपीएल — बेंगलुरु की निगाहें चेन्नई को हराकर प्ले ऑफ में जगह पक्की करने पर

# धोनी और कोहली के कारण मैच होगा खास

**एजेंसी, बेंगलुरु**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना करेगा तो उसकी निगाह प्ले ऑफ ने अपनी जगह लगभग पक्की करने पर होगी।

महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली की मौजूदगी के कारण यह मैच खास बन गया है क्योंकि क्रिकेट प्रेमियों को भारतीय क्रिकेट के इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को संभवत: आखरी बार एक दूसरे के खिलाफ खेलते हुए देखने का मौका मिलेगा। इस मैच में जीत दर्ज करने पर आरसीबी के कुल 16 अंक हो जाएंगे और उसका प्लेऑफ में जगह बनाना लगभग सुनिश्चित हो जाएगा। आरसीबी को इसके बाद तीन और मैच खेलने हैं और जिस तरह से उसकी टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है उसे देखते हुए टीम की निगाह शीर्ष दो में जगह बनाने पर लगी होगी ताकि उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलें। जहां तक चेन्नई का सवाल है तो उसके 10 मैच में केवल चार अंक हैं और वह प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। धोनी की अगुवाई वाली टीम हालांकि, आरसीबी के समीकरण बिगाड़ने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

इस मैच में हालांकि सभी की निगाहें धोनी और कोहली पर टिकी रहेंगी। कोहली इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने अभी तक टूर्नामेंट में 443 रन बनाए हैं और वह फिर से ऑरेंज कैप हासिल करने की कोशिश करेंगे जो प्रतियोगिता में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज को मिलती है। उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले देवदत्त पडिक्कल से अच्छा सहयोग मिल रहा है। देवदत्त ने अपनी पिछली दो पारियों में दो अर्द्धशतक बनाए हैं, लेकिन कोहली निश्चित रूप से अपने सलामी जोड़ीदार फिल साल्ट से अधिक योगदान देखना चाहेंगे। आरसीबी को अपने कप्तान रजत पाटीदार से भी बड़ी पारी की उम्मीद होगी।

चेन्नई के गेंदबाजों में अभी तक तेज गेंदबाज खलील अहमद और स्पिनर नूर अहमद ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं और आरसीबी के बल्लेबाज इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे, लेकिन चेन्नई के बल्लेबाजों को इस तरह की राहत नहीं मिलेगी क्योंकि उनका सामना जोश हेजलवुड, भुवनेश्वर कुमार, क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा से होगा। चेन्नई के बल्लेबाजों ने अभी तक टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसकी टीम को उम्मीद होगी कि उनके बल्लेबाज जैसे आयुष म्हात्रे, सैम कुरेन, डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे अच्छा योगदान देंगे, जिससे कि धोनी अंतिम ओवर में अपने सर परिचित आक्रामक अंदाज में रन बना सकें। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** रजत पाटीदार (कप्तान) फिल साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल, सुयश शर्मा, लुंगी एनगिडी, लियाम लिविंगस्टोन, स्वप्निल सिंह, मनोज भांडागे, रसिख दार सलाम, नुवान तुषारा, जैकब बेथेल, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** एमएस धोनी (कप्तान, विकेटकीपर), शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, दीपक हुडा, सैम कुरेन, रवींद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, अंशुल कंबोज, आर अश्विन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, जेमी ओवरटन, विजय शंकर, राहुल त्रिपाठी, श्रेयस गोपाल, डेवोन कॉनवे, रचिन रवींद्र, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, सी आंद्रे सिद्धार्थ, वंश बेदी।

## शास्त्री ने की **साई सुदर्शन** को इंग्लैंड दौरे में शामिल करने की पैरवी

**एजेंसी, दुबई**

पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने युवा साई सुदर्शन को हर प्रारूप का बल्लेबाज बताते हुए कहा कि उसे इस साल इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया जाना चाहिए। भारतीय टीम नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025 - 2027) की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज से करेगा।



आईपीएल में इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में 456 रन के साथ दूसरे स्थान पर काबिज गुजरात टाइटंस के सुदर्शन के बारे में शास्त्री ने कहा कि काउंटी खेलने के अनुभव और अपनी तकनीक के कारण वह इंग्लैंड के हालात में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे का आगाज 20 जून से शुरू हो रहे हेडिंग्ले टेस्ट से करेगी। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा,''मुझे लगता है कि यह युवा खिलाड़ी साई सुदर्शन हर प्रारूप का खिलाड़ी है।''

उन्होंने कहा,''वह शानदार क्रिकेटर है। इंग्लैंड के हालात में एक खब्बू बल्लेबाज और तकनीक में कुशल होने के कारण मैं चाहूंगा कि वह भारतीय टीम में रहे।'' उन्होंने कहा कि भारत के लिये सीमित ओवरों के क्रिकेट और आईपीएल में फॉर्म में चल रहे श्रेयस अय्यर भी चुने जा सकते हैं लेकिन उन्हें कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना होगा। शास्त्री ने कहा,''श्रेयस वापसी कर सकता है, लेकिन प्रतिस्पर्धा कड़ी होगी। सफेद गेंद के प्रारूप में तो उसका चयन पक्का है लेकिन टेस्ट क्रिकेट में देखना होगा कि बाकी खिलाड़ी कौन हैं।' जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के चोट से उबरकर वापसी करने के बीच शास्त्री ने कहा कि भारत के गेंदबाजी आक्रमण में एक बायें हाथ का गेंदबाज होना चाहिए। उन्होंने कहा,''बाए हाथ का गेंदबाज होना चाहिए जिसे छठा गेंदबाजी विकल्प बनाया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)



## गुजरात ने पावरप्ले में बनाया सबसे बड़ा स्कोर

**एजेंसी, अहमदाबाद**

आईपीएल का 51वां मैच गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। पहले बल्लेबाजी करने आए गुजरात के ओपनर बल्लेबाज कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद के गेंदबाजों की खूब धुनाई। गुजरात ने आईपीएल इतिहास में पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। साई सुदर्शन ने 23 गेंदों में 48 रन बनाए। सुदर्शन को जीशान अंसारी ने हेनरिक क्लासेन के हाथों कैच करवाया। साई फिफ्टी बनाने से चुक गए। उसके बाद शुभमन गिल ने कप्तानी पारी खेल और टीम का स्कोर काफी आगे गए। गिल ने 38 गेंदों में 76 रन बनाए और रनआउट हो गए। समाचार लिखे जाने तक गुजरात ने 13 ओवर में एक विकेट पर 149 रन बना लिए थे। जोश बटलर (24) रन पर खेल रहे थे और उनका साथ और उनका साथ वाशिंगटन सुंदन रहे थे। (अनंत ज्ञान)



रन लेने के बाद बातचीत करते शुभमन गिल और साई सुदर्शन।

## केसीए ने श्रीसंत पर तीन साल का लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी, तिरुवनंतपुर।** केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम से संजू सैमसन के बाहर रहने को लेकर हुए विवाद के सिलसिले में उसके खिलाफ कथित तौर पर झूठे और अपमानजनक बयान देने पर भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है। केसीए ने एक बयान में कहा कि यह फैसला 30 अप्रैल को कोच्चि में उसकी आमसभा की विशेष बैठक में लिया गया।



श्रीसंत इस समय केरल क्रिकेट टीम में कोल्लम एरीस टीम के सह मालिक हैं। इससे पहले उनके विवादित बयान के सिलसिले में श्रीसंत, कोल्लम टीम, अलपुझा टीम लीड और अलपुझा रिपल्स को कारण बताओ नोटिस जारी किये गए थे। बयान में कहा गया,''फ्रेंचाइजी टीमों ने नोटिस का संतोषजनक जवाब दे दिया, लिहाजा उनके खिलाफ आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई है, लेकिन बैठक में तय किया गया कि टीम प्रबंधन के सदस्यों की नियुक्ति के समय काफी एहतियात बरतने की सलाह दी जाएगी।'' इसमें यह भी कहा गया कि संजू सैमसन के पिता सैमसन विश्वनाथ और दो अन्य के खिलाफ संजू सैमसन का नाम लेकर बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए मुआवजे का दावा किया जाएगा। केसीए ने दो बार के विश्व कप विजेता श्रीसंत को एक मलयालम टीवी चैनल पर परिचर्चा के दौरान सैमसन और केसीए से जुड़ी टिप्पणियों के कारण नोटिस जारी किया। (अनंत ज्ञान)

## लखनऊ-पंजाब की टीमों ने धर्मशाला स्टेडियम में बहाया पसीना

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

धर्मशाला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 4 मई को पंजाब किंग्स टीम के साथ होने वाले मैच को लेकर लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स की टीम ने अभ्यास के दौरान खूब पसीना बहाया। हालांकि, अभी मैच को दो दिन का समय बाकी है, परंतु टीम कहीं भी अपने आप को कमजोर मानकार नही चली हुई है। शुक्रवार की शाम 6 बजे से 9 बजे तक टीम ने कड़ी अभ्यास किया, ताकि पंजाब के साथ पूरी टक्कर दे सके।

आईपीएल सीजन 2025 लगभग आधा समाप्त हो चुका है। हालांकि, प्लेऑफ में कौन-सी टीम में पहुंचेंगी, इसको लेकर तस्वीर अब तक साफ नहीं हो सकी है, तो वहीं कुछ टीमें है, जिनके पहुंचने की संभावना बहुत अधिक हो गई है। जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस की टीम शामिल है। हालांकि, वह भी आगे आने वाले मैचों में खराब खेल दिखाती है, तो प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएंगी। ऐसे मे टेबल में निचले क्रम वाली टीमों के पास एक बेहतरीन मौका होगा। इसी कड़ी में लखनऊ की टीम भी शामिल है। लखनऊ ने अब तक कुल 10 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से उन्हें 5 में जीत मिली है, जबकि 5 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि, अभी भी इस टीम के लिए प्लेऑफ के दरवाजे खुले हुए हैं और आने वालेमैचों में अगर लखनऊ की टीम अच्छा प्रदर्शन करती है, तो वह टॉप-4 में जगह बनाने में कामयाब हो जाएंगे। ऐसे में लिए जानते हैं कि लखनऊ के लिए प्लेऑफ में पहुंचने का समीकरण कैसा है। (अनंत ज्ञान)





धर्मशाला स्टेडियम में अभ्यास करते लखनऊ के खिलाड़ी।

## महिला हॉकी — भारत की निगाहें ऑस्ट्रेलियाई दौरे के सकारात्मक अंत पर

**एजेंसी, पर्थ**



लगातार तीन मैच में हार झेलने के बाद भारत शनिवार को यहां जब पांच मैचों की सीरीज के अपने चौथे मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से फिर भिड़ेगा तो उसकी निगाह नई रणनीति आजमाकर इस दौरे का सकारात्मक अंत करने पर होगी। सलीमा टेटे के नेतृत्व में भारतीय टीम को पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए से 3-5 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद वह वीरवार को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से 0-2 से हार गई थी।

अगले साल विश्व कप और अगले महीने यूरोप में हॉकी प्रो लीग को ध्यान में रखते हुए यह दौरा भारत के लिए अपनी तकनीक और रणनीति को सुव्यवस्थित करने का सबसे अच्छा मौका है, लेकिन दुर्भाग्य से उसे अभी तक सफलता नहीं मिली है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया था, लेकिन यह जीत हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं था। ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत की रक्षा पंक्ति में सेंध लगाने में सफल रही थी। उसकी तरफ से कर्टनी शोनेल ने नौवें मिनट में, जबकि ग्रेस स्टीवर्ट ने 52वें मिनट में गोल किया।

भारत के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा, ''महिला टीम मजबूत बनने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। ऑस्ट्रेलिया के दौर में हमें अभी तक हालांकि जीत नहीं मिली है लेकिन कई सकारात्मक पहलू हमारे पक्ष में रहे हैं।'' टीम में अनुभव और युवाओं का अच्छा मिश्रण है। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद से टीम ने महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन अब भी बहुत सुधार करने की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

## गॉफ मैड्रिड ओपन के फाइनल में

**एजेंसी, मैड्रिड।** अमेरिका की स्टार खिलाड़ी कोको गॉफ ने गत चैंपियन इगा स्वियातेक को 6-1, 6-1 से हराकर पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने पहले सेट में तीन बार और दूसरे सेट में दो बार स्वियातेक की सर्विस तोड़ी। उन्होंने इस क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल का यह मुकाबला केवल 64 मिनट में अपने नाम किया। फाइनल में गॉफ का मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका या एलिना स्वितोलिना से होगा। इस बीच पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में कैस्पर रूड ने दानिल मेदवेदेव को 6-3, 7-5 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। रूड का अगला मुकाबला फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा, जिन्होंने किशोर जैकब मेंसिक को 3-6, 7-6 (5), 6-2 से हराया। सेरुंडोलो ने पिछले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया था। (अनंत ज्ञान)

## भारत की तरफ से खेलने का सपना अब भी पहले की तरह बरकरार है: रहाणे

**एजेंसी, मुंबई**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शुक्रवार को कहा कि पिछले दो साल से राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के बावजूद भारत की तरफ से खेलने के उनकी इच्छा और भूख पहले की तरह बरकरार है। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने आखिरी टेस्ट मैच 2023 में खेला था और वह करीब एक दशक से सीमित ओवरों की टीम से बाहर हैं, लेकिन उन्होंने राष्ट्रीय टीम में वापसी करने को लेकर अभी हार नहीं मानी है।



रहाणे ने कहा, ''मैं फिर से भारतीय टीम में जगह बनाना चाहता हूं। मेरी इच्छा, भूख, जज्बा पहले की तरह बरकरार है। मैं अब भी पहले की तरह फिट हूं। मैं एक समय में केवल एक मैच पर ध्यान देना चाहता हूं और अभी मेरा ध्यान केवल आईपीएल पर है। इसके बाद देखते हैं कि भविष्य में क्या होता है।'' उन्होंने कहा, ''मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो कभी हार नहीं मानता। मैं हमेशा मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता हूं। मैं मैदान पर 100 प्रतिशत से अधिक देता हूं। यह उन चीजों से जुड़ा है जो मेरे नियंत्रण में हैं। मैं घरेलू क्रिकेट भी खेल रहा हूं और इस समय मैं वास्तव में अपने क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं।''

रहाणे के लिए गौरव का सबसे बड़ा क्षण शायद 2020-21 का ऑस्ट्रेलिया दौरा था, जिसमें उन्होंने चोटों से जूझ रही टीम का नेतृत्व करते हुए भारत को टेस्ट सीरीज में 2-1 से जीत दिलाई थी। इसके बाद वह हालांकि, लंबे समय तक भारतीय टीम का हिस्सा नहीं रहे।

उन्होंने कहा, ''हर सुबह जब मैं उठता हूं तो यही सोचता रहता हूं कि मैं कौन से लक्ष्य हासिल करना चाहता हूं। मेरे लिए अपने देश का प्रतिनिधित्व करने से बढ़कर कुछ नहीं है। मैं फिर से भारतीय जर्सी पहनना चाहता हूं। जब कोई टूर्नामेंट नहीं चल रहा होता है तो मैं एक दिन में दो से तीन सत्र तक अभ्यास करता हूं। मुझे लगता है कि अभी मेरे लिए खुद को फिट रखना वास्तव में काफी महत्वपूर्ण है।'' (अनंत ज्ञान)